सुप्रभात
रांची, मंगलवार
17.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 332



12 आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बनने की ओर : शाह

## रातू रोड फ्लाईओवर का काउंट डाउन शुरू, 19 को उद्घाटन



**एक नजर**

- निर्माण में 279 करोड़ रुपये खर्च हुए
- करीब 550 करोड़ रुपये कुल लागत आयी
- यह एलिवेटेड कॉरिडोर कुल 101 पिलर हैं
- रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा फ्लाई ओवर
- जाम से मिलेगी निजात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी वासियों को एक और फ्लाईओवर बड़ी सौगात शीघ्र मिलने जा रही है। जाम की समस्या से परेशान रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा फ्लाई ओवर बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन 19 जून को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। यह जानकारी खुद रांची के भाजपा सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने साझा की है। खास बात है कि चंद माह के भीतर

**शहर को एक और सौगात**

रांचीवासियों को तीसरा फ्लाई ओवर मिलने जा रहा है। इससे पहले हेमंत सरकार ने कांटा टोली और सिरमटोली फ्लाई ओवर की सौगात दी थी।

नवंबर 2022 में शुरू रातू रोड फ्लाई ओवर पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2025 रखा गया था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से थोड़ा विलंब हो गया। इसके निर्माण में 279 करोड़ रुपये की लागत आयी। इसके अलावा (जमीन अधिग्रहण व शिफ्टिंग के लिए अलग से राशि खर्च हुआ। करीब 550 करोड़ रुपये कुल लागत आयी। राजभवन के बगल में मौजूद नागा बाबा खटाल के पास इसका रैंप बना है। पिस्का मोड़ के बाद यह फ्लाईओवर दो हिस्सों में बंट गया है। एक हिस्से का रैंप हेहल के पास है तो दूसरे हिस्से का इटकी रोड पर करीब 800 मीटर आगे है। इसको तैयार करने में कुल 101 पिलर्स का इस्तेमाल हुआ है। इसका निर्माण एनएचएआई ने केसीसी बिल्डकॉन नाम कंपनी से करवाया है।

## जाति गणना के साथ 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी

### 35 लाख कर्मी 2027 तक दो चरणों में पूरी करेंगे जनगणना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को भारत की 16वीं जनगणना का ऐलान कर दिया। वर्ष 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना कराने के लिए अधिसूचना (गैजेट नोटिफिकेशन) जारी कर दी। जनगणना दो चरणों में की जायेगी। इस जनगणना का आधार एक मार्च 2027 माना जायेगा। इस अधिसूचना के साथ ही जनगणना को लेकर कवायद शुरू हो गयी। जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी।

**दो चरणों में होगी जनगणना :** जनगणना दो चरणों में की जायेगी।



पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन होगा। इसके तहत प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जायेगा। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटायी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक घर में हरएक व्यक्ति का विवरण लिया जायेगा।

**35 लाख कर्मचारी कार्य में लगेंगे :** केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने अपने पोस्ट में कहा कि 34 लाख कर्मचारी और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना अधिकारी इस कार्य को अंजाम देंगे। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है अधिसूचना में**

केंद्रीय गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एक मार्च 2027 ही जनगणना के लिए आधार होगा। हालांकि बर्फबारी वाले क्षेत्रों जैसे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए ये एक अक्टूबर 2026 माना जायेगा। नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गृह मंत्री ने रविवार को आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी।

## बिना अनुमति आइपीएस का ट्रांसफर नहीं करें

### पुलिस मुख्यालय को फटकार, पुराना तबादला आदेश भी रद्द

**गृह विभाग का आदेश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पुलिस मुख्यालय की ओर से 10 जून को 8 आइपीएस अधिकारियों को दिये गये अतिरिक्त प्रभार के आदेश आदेश को रद्द कर दिया गया है। इस मामले में गृह विभाग की ओर से पुलिस मुख्यालय को कड़ी फटकार लगायी गयी है। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसा कोई भी आदेश पुलिस मुख्यालय अपनी मर्जी से जारी नहीं करे। अगर प्रभार या तबादले जैसा मामला फंसता है, तो एक महीना



तक रुके। एक महीने के बाद मुख्य सचिव से किसी को प्रभार देने की आज्ञा लें। मामला एक महीने से ज्यादा का हो तो मुख्यमंत्री की सहमति लेकर ही ऐसा कोई आदेश पारित करें। जो नियम संगत भी है।

**किन्हें मिला था किस पद का प्रभार :** पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर जैप-10 कमांडेंट सौरभ को जैप 1 कमांडेंट का कार्यभार सौंपा था। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को जैप-3 कमांडेंट का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। (शेष पेज 11 पर)

**क्या है गृह विभाग का आदेश**

गृह विभाग ने इस संबंध में डीजीपी पत्र जारी किया है। पत्र में साफ कहा है कि अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारियों के अल्प अवधि के लिए मुख्यालय से अनुपस्थिति और अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक माह के अवधि के लिए अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था करने के लिए मुख्य सचिव स्तर से अंतिम निर्णय लेने का प्रावधान है। एक महीने से अधिक की अवधि होने पर मुख्यमंत्री का आदेश प्राप्त करना जरूरी है। वहीं हमेशा देखा जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा बिना सक्षम प्राधिकार से सहमति लिये बिना आदेश दे दिये जाते हैं। अतिरिक्त प्रभार या काम देखने का आदेश निर्गत किया जा रहा है, जो नियम के मुताबिक नहीं है। वर्तमान उदाहरण महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से आदेश जारी कर 8 आईपीएस को रिक्त पदों पर अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया था। यह नियम के अनुकूल नहीं है। इसलिए अब से ऐसे किसी भी आदेश जारी करने के लिए नियम संगत काम किया जाना चाहिए।

## डीजीपी नियुक्ति व नियमावली पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में लागू की गयी डीजीपी नियुक्ति नियमावली और इस पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रतिवादी राज्य एवं केंद्र सरकार के अलावा अन्य प्रतिवादियों को जवाब के लिए एक और मौका दिया है, आज मामले में सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पिछले सुनवाई में बताया गया था कि डीजीपी नियुक्ति नियमावली से राज्य सरकार ने यूपीएससी की भूमिका को हटा दिया है जो असंवैधानिक है, इसे निरस्त किया जाये। मामले में पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार, यूपीएससी, डीजीपी, केंद्रीय गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया था। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आज मामले की सुनवाई की। याचिका में कहा गया है कि अनुराग गुप्ता को 25 जुलाई 2024 को एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था, जो कि 3 जुलाई 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद 28 नवंबर 2024 को तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह को हटाकर अनुराग गुप्ता को फिर से एक्टिंग डीजीपी बनाया गया, यह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जब तक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती, तब तक डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी की प्रक्रिया से ही होगी।

## दिल्ली-रांची फ्लाइट टेक ऑफ के बाद लौटी

- एयर इंडिया विमान में तकनीकी खराबी
- रनवे पर सकुशल लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया की आफत कम होने का नाम नहीं रही है। सोमवार को दिल्ली से रांची जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ-9695 में तकनीकी खराबी आ गयी। टेक ऑफ के तुरंत बाद उसे वापस दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। पायलट की सूझबूझ से विमान सकुशल उतर गया। यह विमान दोपहर 4:25 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था और रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शाम 6:20 बजे उतरने वाला था। तकनीकी खराबी का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।





**12 जून को अहमदाबाद में हुआ था हादसा :** याद रहे कि 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में लंदन जा रहा एअर इंडिया का एक विमान क्रैश हो गया था। इसमें 12 क्रू मेंबर सहित 242 लोग सवार थे। 241 लोगों की मौत हो गयी थी। एक शख्स चमत्कारिक तरीके से सुरक्षित बच गया। घटना में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी की भी मौत हो गयी। सोमवार को ही रूपाणी का अंतिम संस्कार किया गया। (शेष पेज 11 पर)

**हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट भी लौटी**

इससे पहले आज ही एअर इंडिया की हांगकांग से दिल्ली आनेवाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण डायवर्ट करना पड़ा था। एअर इंडिया की हांगकांग-दिल्ली फ्लाइट एआइ-315 में भी तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी। इसके बाद वापस उसे हांगकांग लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:16 बजे हांगकांग से उड़ान भरी थी, लगभग एक घंटे के बाद फ्लाइट उड़ान भरने के तुरंत बाद रनवे पर लौट गयी।

## ईरानी परमाणु ठिकाने पर बमबारी से धमाका, आ गया भूकंप

### तेहरान का 100 मिसाइलों से पलटवार, परमाणु युद्ध की आशंका से दुनिया टेंशन में

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच लड़ाई भीषण रूप लेती जा रही है। सोमवार सुबह भी दोनों ओर से भयावह हमले जारी हैं। ईरान के फोर्डो परमाणु साइट के पास इजरायल के हमले सोमवार सुबह जोरदार धमाके हुए हैं। ईरानी शहर कोम के बाहर फोर्डो न्यूक्लियर फैसिलिटी पर कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गयी। इसी दौरान परमाणु साइट के आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके भी महसूस किये गये। भूकंप



की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई है। जोरदार धमाकों को भूकंप आने की वजह माना जा रहा है। वहीं ईरान ने भी पलटवार करते हुए करीब 100 मिसाइलों से इजरायल पर हमला किया है।

**परमाणु जंग की तैयारी में ईरान :** ईरान- इजरायल संघर्ष अब केवल दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं रही, यह अब वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बनता जा रहा है। ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से हटने का संकेत दे दिया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता और तनाव बढ़ गया है। (शेष पेज 11 पर)

**कोम शहर के पास धमाके**

ईरान इंटरनेशनल ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में बताया है कि कोम शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर बड़े धमाके दिखाई दे रहे हैं। इन धमाकों के साथ भूकंप आने की पुष्टि स्थानीय मीडिया ने की है। हालांकि इन धमाकों में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी ईरान की ओर से नहीं दी गई है। फोर्डो परमाणु साइट पर बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान की मिसाइल प्रणाली का 30% हिस्सा नष्ट कर दिया है।

## छोटी सी लापरवाही ने पिता- पुत्र की ली जान

**हुसेनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर पंचायत के सहियारा गांव में सोमवार को अहले सुबह एक छोटी सी लापरवाही से दो लोगों की जान चली गयी। एक सूखे कुआं से लोटा निकालने के चक्कर में पिता जगत रजवार (65) और पुत्र मुन्ना रजवार (35) की दम घुटने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ गौरांग महतो समेत तमाम अधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने शव को निकाला। दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह मुन्ना रजवार कुआं के पास एक लोटा लेकर कुछ काम कर रहा था। लोटा कुआं में गिरने के बाद वह उसे निकालने कुआं में उतर गया। जब काफी देर हो गई तो उसे देखने पिता जगत रजवार भी कुआं में उतर गया। बताया जाता है की कुआं में पानी नहीं था। काफी संकरा कुआं होने की वजह से पिता पुत्र दोनो की दम घुटने से मौत हो गयी। गौरांग महतो ने मृतक के आश्रितों को हर संभव मदद दिलाना का भरोसा दिलाया।

**न्यूज डायरी**

### इडी ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर भेजा समन, 17 को तलब

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में आ गये हैं। ईडी ने उन्हें 17 जून को पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में पेश होने का नोटिस भेजा है। यह कार्रवाई लंबे समय से चर्चा में रहे हथियार डीलर संजय भंडारी से कथित संबंधों और लंदन स्थित एक विवादित प्रॉपर्टी के सिलसिले में की जा रही है। इससे पहले 10 जून को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे उस दिन उपस्थित नहीं हो सके थे। उन्होंने नई तारीख की मांग की, जिसे ईडी ने स्वीकार करते हुए अब 17 जून की तारीख तय की है।

### पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

**नयी दिल्ली।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पीएम मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस के ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय सम्मान को प्राप्त करके मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। यह पुरस्कार 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करते हुए कहा कि यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है।

### रांची पुलिस ने बरामद की सेना के फर्जी मुहर

**रांची।** भारतीय सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिहार के कैमूर निवासी सर्वेश सिंह और रांची के पीपी कंपाउंड निवासी आशीष दास को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिलिट्री हॉस्पीटल नामकुम के परिसर में राठौर जनरल स्टोर, नामक एक फर्जी संस्था के माध्यम से भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों के स्टाम्प बनाकर फजीर्वाडा किया जा रहा है।

### देश का सवाल हो तो तथ्यहीन बात नहीं करनी चाहिए: सिन्हा

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की जनता के आतंकवाद के विरुद्ध खड़े होने को बड़ा बदलाव बताया है और विपक्षी नेताओं को नसीहत दी है कि जब देश की एकता-अखंडता का सवाल हो तो वहां जिम्मेदारी दिखानी चाहिए, तथ्यहीन बातें नहीं करनी चाहिए। श्री सिन्हा ने सोमवार को शाम यहां इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के कला निधि प्रभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक ह्यरिइमैजिनिंग जम्मू एंड कश्मीर : ए पिक्टोरियल जर्नी का विमोचन किया।

**कार्टून कोना**



# जनगणना अधिसूचना पर झामुमो का हमला, एनपीआर को बताया 'साजिश'

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य ने केंद्र सरकार पर जनगणना अधिसूचना को लेकर बड़ा हमला बोला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने हाल ही में जारी जनगणना संबंधी अधिसूचना को 'भ्रामक' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया।
भप्ताचार्य ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना कार्य 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा, जबकि देश के अन्य हिस्सों में यह प्रक्रिया 1 मार्च 2027 से शुरू की जाएगी।
जनगणना दो चरणों में की जाएगी - पहला, मकान आधारित गणना और दूसरा, व्यक्ति आधारित गणना. इसमें जनसांख्यिकीय और जातिगत आंकड़े एका किए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और एकत्रित डेटा को राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) में दर्ज किया जाएगा।
उन्होंने जनगणना के समय-निर्धारण को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के कार्यान्वयन में एक बाधा बताया। भप्ताचार्य ने कहा कि जब 2029 के आम चुनाव जनवरी से पहले घोषित होंगे और आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, उस समय तक जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया अधूरी रहेगी। इसका मतलब है कि महिलाओं को 33% आरक्षण देने वाला यह कानून एक बार फिर टल जाएगा।
उन्होंने इस प्रक्रिया को 'प्रलोभन देकर थाली खींच लेने' जैसा बताया और सवाल उठाया कि अब तक ठढफ का फॉर्मेट सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'डिजिटल जनगणना' एक सुनियोजित रणनीति है, जिसका उद्देश्य विशेष वर्गों, धर्मों और जातियों को लक्षित करना है।
कहा कि यह एक तरह की 'पॉपुलेशन हैकिंग' की योजना है, जो आदिवासी, दलित, ईसाई और मुस्लिम समुदायों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार स्पष्ट करे कि क्या इस जनगणना में 'सारण धर्म कोड' को शामिल किया जाएगा या नहीं।
प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में उन्होंने चेतावनी दी, एनपीआर और डिजिटल जनगणना के माध्यम से भाजपा एक ऐसा दस्तावेज तैयार कर रही है, जो देश के आम नागरिकों की पहचान को संकट में डाल सकता है। एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब एक हिंदुस्तानी को खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए दर-दर भटकना पड़े।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन जन तक पहुंचायें : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक किसान मोर्चा पहुंचाये। श्री मरांडी सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती के लिये प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं बाजार से जुड़ने के नये विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक विकास का एजेंडा नहीं। बल्कि हर भारतीय के सपनों और अधिकारों का प्रतिबिंब है। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिये प्रस्तुत पांच प्रण देश को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। 11 संकल्प जैसे- कर्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, महिला नेतृत्व में विकास, वंशवादी राजनीति का अंत, आरक्षण की सुरक्षा आदि, भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि झारखंड में भाजपा किसान मोर्चा ने घोषणा की किसानों की समस्याओं को लेकर 24 जून को सभी प्रखंड कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर रंजय भारती, रीता प्रसाद, विक्रांत उपाध्याय, मनमीत अकेला, प्रभात रंजन, सदानंद महतो, टोनी जैन, अजय दुबे, अरविंद सिंह खुराना, राजेश कुशवाहा, विनोद ठाकुर, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 तक बढ़ी

## राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए बड़ी खबर है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अंतर जिला स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले अंतिम तिथि 14 जून थी। लेकिन पोर्टल में तकनीकी समस्या आने के कारण विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई है। इसके अलावा, आवेदन के सत्यापन और स्वीकृति देने की समय सीमा भी बढ़ाई गई है।

**क्या है नई शिक्षक स्थानांतरण नीति :** राज्य सरकार ने हाल ही में




शिक्षक स्थानांतरण नीति में संशोधन किया है। इसके तहत अब प्राथमिकता के तौर पर असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षकों, दिव्यांग शिक्षकों के अलावा 50 वर्ष से अधिक आयु की महिला शिक्षकों, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यकता महिला शिक्षिका, एकल अभिभावक शिक्षक या शिक्षिका का भी स्थानांतरण हो सकेगा।

### फैक्ट फाईल

**ऑनलाइन आवेदन :** शिक्षक 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**सत्यापन और स्वीकृति :** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा अधीक्षक और माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा पदाधिकारी 26 जून तक आवेदनों का सत्यापन करेंगे।

**स्थानांतरण के अनुमोदन :** जिला शिक्षा स्थापना समिति में स्थानांतरण के अनुमोदन और राज्य स्तरीय समिति को ऑनलाइन भेजने की प्रक्रिया 27 जून से 11 जुलाई तक पूरी की जाएगी।

# सही अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण महिलाएं विकास में दे रही है योगदान : दीपिका

### दीपिका पांडे ने किया ओरिएंटल टेक्सटाइल का दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को रांची स्थित ओरिएंटल टेक्सटाइल का दौरा कर वहां दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यरत महिलाओं के कार्यों का निरीक्षण किया।
दीपिका पांडेय सिंह ने महिलाओं द्वारा अर्जित कौशल, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि डीडीयू-जीकेवाई जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। यह पहल उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि सामाजिक पहचान भी दिला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सही अवसर और समुचित प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान दे सकती हैं। ऐसे कार्यक्रम नारी शक्ति को केंद्र में रखकर समावेशी विकास को गति देते हैं।
दीपिका पांडे सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को झारखंड की बदलती तस्वीर का प्रतीक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ऐसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विस्तार के लिए संकल्पबद्ध है, ताकि हर गांव की महिला आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ सके।
इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में महिलाओं की भागीदारी, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन और कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

### विधानसभा में ध्यानाकर्षण के विशेष समिति की बैठक

**रांची।** विधायक चंद्रदेव महतो एवं अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर सोमवार को धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा जबरन ओबी डम्प किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित विशेष समिति विभागीय बैठक आयोजित हुई। समिति ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया जाना था। लेकिन, विभागों के वरीय पदाधिकारियों के बैठक में नहीं आने के कारण बैठक नहीं हो पायी। समिति के संयोजक मथुरा महतो ने समिति शाखा को निर्देशित किया है कि बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने की सूचना स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को दे दी जाये। बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक एंव चंद्रदेव महतो के साथ-साथ संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, उप सचिव अनूप लाल उपस्थित थे।

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिल रही सिद्धि : संजय सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पीएम नमो के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। श्री सेठ सोमवार को भाजपा महानगर की ओर से आयोजित संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन धुर्वा मंडल में की गई थी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुये। उन्होंने कहा कि पीएम नमो ने आतंक के मुद्दे पर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति रखी। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 307 लाख करोड़ दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि 81 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अनाज दिये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बने।

## हेमंत सरकार का भ्रष्टाचार पर वार

# निबंधन विभाग के चार अधिकारियों पर गिरी गाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य सरकार ने रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार के मामलों पर बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने चार अधिकारियों को चिन्हित किया है, जिनपर निबंधन कार्यालयों में पदस्थापन अवधि में गंभीर आरोप लगे हैं। इन अधिकारियों पर सरकारी जमीनों के निबंधन में धांधली के आरोप हैं। राज्य सरकार ने इन पदाधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया है।

### इन पदाधिकारियों पर चलेगी विभागीय कार्रवाई

जिन पदाधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलेगी। उनमें, संतोष कुमार सहायक निबंधक महानिरीक्षक-1 मुख्यालय, श्वेता कुमारी उप निबंधन महानिरीक्षक मुख्यालय, भू-राजस्व विभाग,सुजित कुमार निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक, कोल्हान प्रमंडल चाईबासा और मिहिर कुमार गोविंदपुर निबंधन कार्यालय शामिल है। विभागीय जांच के लिए सेवानिवृत्ति आइएएस इकबाल आलम अंसारी को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### क्या है आरोप

अधिकारियों पर आरोप है कि निबंधन के कागजातों का विधिवत सत्यापन नहीं किया। भूमि के निबंधन के दस्तावेज सत्यापन को गंभीरता से नहीं लिया। दस्तावेज जांच एवं भूमि-विवरणी का सत्यापन नहीं किया और संवेदनशील मामलों में नियमों एवं प्रावधानों के अनुपालन के लिए यथोचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

# गौतम सागर ने राजद के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव को दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव को राजद नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने के क्रम में राजद के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक गौतम सागर राणा एवं महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने संजय सिंह यादव को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।
इस मौके पर गौतम सागर राणा ने नवनिर्वाचित प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव को सुझाव दिया कि राज्य में संगठन को पंचायत स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में राजद का अनेक स्थानों पर मजबूत जनाधार है। इसको बचाये रखना भी जरूरी है। श्री राणा के सुझाव पर प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि आपका मार्गदर्शन स्नेहपूर्वक स्वीकार्य है। पार्टी को पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने के लिए संगठन को ताकतवर बनाया जाएगा। 5 जुलाई को पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद पार्टी झारखंड में अपनी मजबूती के लिए रोड मैप तैयार करेगा।
बधाई देने वाले नेताओं में राजद के मुख्य प्रवक्ता कैलाश यादव,मदन यादव, सुनीता चौधरी, डॉ मनोज कुमार, मो इरफान अंसारी, मनोज पांडेय, आबिद अली, इंद्रदेव ठाकुर, चंद्रशेखर भगत, सुधीर गोप, रामकुमार यादव, इम्तियाज हुसैन, मोहर सिंह यादव, धर्मेंद्र महतो, रामभजन सिंह, रामप्रवेश सिंह, मोहर सिंह यादव, रंजीत कुमार सहित अन्य नेता शामिल थे।

## जबरन जमीन कब्जा मामले को लेकर राज्यपाल से मिले देवेन्द्र महतो, कहा

# समस्या समाधान किया जाये अन्यथा शुरू करेंगे जमीन बचाओ यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में जबरन जमीन कब्जा का मामला तुल पकड़ते जा रहा है। रांची में तेजी से हो रही अवैध जबरन जमीन कब्जा का मामला को जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार तक पहुंचाया। महतो ने बताया कि इस ओर राज्यपाल संतोष गंगवार जी को ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उन्हें बताया गया कि रांची में पूंजीपति वर्ग द्वारा लगातार जबरन सीएनटी एक्ट जमीन, गैर मजरूआ आम खास, कृषि भूमि, वन भूमि, पहनाई, कायमि, सिकमि, बकास्त, जिरात, बकाश्त भूइहरी, हिंद केसरी, इत्यादि प्रकार के जमीन को सीएनटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण अधिनियम का उलंघन करते हुए अवैध रूप से जबरन कब्जा किया जा रहा है।

### बीआईटी मेसरा कर रहा है जमीन पर कब्जा

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा द्वारा मेसरा, रुदिया, हुंबई, मौजा का 281 एकड़ जमीन बिना अधिग्रहण दस्तावेज के जबरन कब्जा किया जा रहा है। मेसरा के अनुसार 1964-65 में भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। लेकिन इस जमीन का बीआईटी मेसरा और भू-अर्जन विभाग, जिला भू-अभिलेखागार के पास जमीन अधिग्रहीत का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जबकि इस जमीन का रैयत वर्तमान समय 2024-25 में जमीन का लगान भर रहें हैं।
वहीं, कांके नगड़ी मौजा में रिम्स टू के नाम से 277 एकड़ खतियानी, कटवार, पहनाई, कायमी इत्यादि प्रकार का जमीन को बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी द्वारा 1956-57 में अधिग्रहीत का नाम से जबरन कब्जा किया जा रहा है, जबकि 1956-57 से लेकर 2012 तक स्थानीय रैयत द्वारा जमीन का लगान भी भरा जा चुका है। इसी जगह पर स्थानीय रैयत द्वारा जब 2012 ई में



आईआईएम/ ट्रिपल आईटी कॉलेज निर्माण का विरोध किया गया था, तब से कांके नगड़ी मौजा के समस्त जमीन का लगान वसूली कार्य बंद कर दिया गया था। इस जमीन का रैयत द्वारा 2012 तक नियमित रूप से लगान भरा गया है, जबकि बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और जिला भू-अर्जन कार्यालय, जिला भू-अभिलेखागार कार्यालय कहीं भी जमीन अधिग्रहीत का कोई भी प्रमाण दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।
देवेंद्र ने कहा कि टाटीसिल्वे हरातु मौजा में डीआरएम दक्षिण पूर्वी मंडल रेल द्वारा अवैध रूप 78.139 एकड़ जमीन जबरन कब्जा किया जा रहा है। आरटीआई के जवाब में रेलवे के पास जमीन अधिग्रहीत का कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। भू-अर्जन कार्यालय में संपर्क करने का लिखित जवाब दिया था। भू-अर्जन विभाग के अनुसार लगभग 7 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने करने का दस्तावेज है। लेकिन रेलवे इंजिनियरिंग नक्शा के अनुसार 1957-58 में 38.74 एकड़ जमीन अधिग्रहण का दावा ठोकती है। ग्रामीणों का शिकायत है कि वर्तमान में जमीन का मापी करने से 77 एकड़ जमीन पर अवैध जबरन कब्जा करने का शिकायत है। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि कांके चामा, बुकरु, नगड़ी मौजा में 500 एकड़ से ज्यादा बखास्त, मुंडा, भुईहरि, पहनाई, डाली कतारी जमीन का नेचर को बदल कर बड़े बड़े भू माफिया जमीन को जबरन अवैध रूप से बेचा जा रहा है। महतो ने बताया कि पूंजीपति वर्ग, भू-माफिया और सरकारी अधिकारीयों के मिलीभगत द्वारा साजिश के तहत राजधानी रांची आस पास के किसानों को भूमिहीन बनाने का षडयंत्र रचा जा रहा है। सीएनटी एक्ट की धारा 49 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 101 के अनुसार अगर सरकार द्वारा जमीन किसी जमीन को अधिग्रहीत करने के पांच साल तक उक्त जमीन पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो वह जमीन रैयत को वापस करने का प्रावधान है।
फिर भी रैयत का जमीन को जबरन कब्जा किया जा रहा है। नियम अनुसार जमीन का समस्या का समाधान किया जाये अन्यथा राजधानी रांची चारों तरफ से जमीन बचाओ यात्रा आंदोलन किया जायेगा। राज्यपाल से मिलनेवालों में देवेन्द्र नाथ महतो समेत नौ प्रतिनिधिमंडल में करमु मुंडा, नागेंद्र महतो, बाबूलाल महतो, जयंती देवी, संजय महतो, मालती देवी, चंदन महतो, धनेश्वर महतो, रजनीश कुमार महतो, शांति देवी शामिल थे ।

## खबर एक नजर में

### आरोपी की जमानत अर्जी पर अब 24 को होगी सुनवाई

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन और बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े के मुख्य आरोपी निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिये अदालत ने 24 जून की तारीख निर्धारित की है। भानु प्रताप प्रसाद सेना के कब्जे वाली जमीन फर्जीवाड़े में 13 अप्रैल 2023 से जेल में है। जबकि, बड़गाई अंचल जमीन फर्जीवाड़े में वह अगस्त 2023 से जेल में है। आरोपी ने 13 जून को जमानत याचिका दाखिल की है।

### जीएसटी घोटाले के आरोपियों की 30 जून तक बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** 800 करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले के एक मुख्य आरोपी कारोबारी विक्की भालोटिया उर्फ अमित अग्रवाल समेत चार की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने 30 जून तक बढ़ा दी है। जेल में बंद आरोपियों को सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 30 जून निर्धारित की है। फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट ;आईटीसीद्ध का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी मामले में शिवकुमार देवड़ाए जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटियाए कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा जेल में है।

### चार्जशीटेड तीन आरोपियों को मिली एबीपी की सुविधा

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड तीन आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई कोर्ट ने 13 जून को दाखिल याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने आरोपी शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सियाराम सिंह यादव और रोहित सिन्हा को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया गया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। वहीं, प्रकाश कुमार, मौसमी नागेश एवं हरि शंकर बड़ाईक की याचिका पर 17 जून को भी सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। इसके बाद से आरोपियों का अदालती दौड़ जारी है।

### हत्या के मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नंबर 2 की अदालत ने सोमवार को पांच साल पुराने हत्या मामले में दोषी करार सनातन बेदिया को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने उसे 13 जून को दोषी ठहराया था। इसी मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी सनातन बेदिया के पिता प्राण बेदिया और मां सरिता देवी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। हत्या की घटना सिल्ली थाना क्षेत्र के बूढ़ाबेहरा गांव की है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने 26 जून 2020 को सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 25 जून 2020 को शाम 6 बजे गांव के ही सनातन बेदिया और उसके पिता प्राण बेदिया और मां सरिता देवी तीनों ने मिलकर लाठी डंडे के साथ सोमनाथ बेदिया के घर पहुंचा। सभी ने लाठी-डंडे से मारकर सोमनाथ बेदिया को जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** नाबालिग का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक पवन लोहरा को अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। यह सजा पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को सुनाई है। साथ ही, उस पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त डेढ़ साल जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में उसे12 जून को दोषी करार दिया था। उस पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर पुणे ले जाने और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। अभियुक्त अनगड़ा थाना क्षेत्र निवासी है। अपहरण की घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने लालपुर थाना में अप्रैल 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 14 जून 2023 को अभियुक्त पवन लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोप है कि परीक्षा के बाद वह ट्यूशन गई थी।

स्पीड न्यूज



### 21 को बिरसा स्टेडियम में मुख्य योग समारोह

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला समाहरणालय कक्ष में मंगलवार को 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन को लेकर डीसी नितीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी मुकेश लुणायत, डीडीसी आशीष अग्रवाल, निदेशक डीआरडीए डॉ. अजय तिर्की सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जायेगा।

### चांडिल डैम में नहाने के दौरान डूबा साहिल,मौत

**चांडिल।** रविवार को चांडिल डैम में नहाने के दौरान अल कबीर पॉलिटेक्निक के छात्र मोहम्मद साहिल (21) की डूबने से मौत हो गयी। मृतक साहिल रामगढ़ जिले के बरकाकाना का निवासी था। वह कपाली स्थित अल कबीर-पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। रविवार की शाम को मोहम्मद साहिल अपने आठ दोस्तों के साथ चांडिल डैम घूमने आया था। सभी डैम में नहा रहे थे, इसी दौरान साहिल गहरे पानी में चला गया और उसका संतुलन बिगड़ने से डूब गया। घटना के समय उसके साथी उसे बचा नहीं सके।

### समाज के नगीने सम्मान समारोह का आयोजन आज

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन ने समाज के प्रतिभावान बच्चों और युवाओं को सम्मानित करने हेतु समाज के नगीने सम्मान समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 17 जून 2025, मंगलवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रामगढ़िया सभा भवन, ताप्ती रोड, साकची में सायं 5 बजे से आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बतलाया कि इस समारोह में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं (सीबीएसई/आइसीएसई) की परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं, साथ ही 2025 में, डॉक्टर, इंजीनियरिंग या अन्य प्रतिष्ठित डिग्रियां प्राप्त करने वाले समाज के युवा भी समाज के नगीनेर की उपाधि से नवाजे जायेंगे। सम्मेलन के महासचिव मंटू अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन स्व रानी देवी चौधरी को समर्पित श्रद्धांजलि भी है, जिनके जीवन-मूल्य आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस गरिमामयी आयोजन को सरलाल ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया है, एक ऐसा औद्योगिक समूह, जो केवल व्यापार नहीं, समाज सेवा को भी अपना धर्म मानता है।

### साकची में मायुमं का रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी टाटानगर शाखा द्वारा मंगलवार 17 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन श्री अग्रसेन भवन, साकची में किया जा रहा है। प्रात:10 से अपराह्न 4 बजे तक रक्तदान शिविर चलेगा। इसमें सहयोगी एवं प्रायोजक श्री अग्रसेन भवन (राजस्थान कल्याण परिषद) हैं। यह जानकारी अध्यक्ष अनंत मोहनका एवं सचिव कौशिक चौधरी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं को मंच की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मानवता के महादान में सहभागी बनें और समाज के लिए एक प्रेरणा बनें।

### संकल्प सभा को बंटी ने किया संबोधित

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा हेतु सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा में कमलपुर मंडल की ओर से मंडल कार्यालय में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो की अध्यक्षता में आयोजित सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी मुख्यवक्ता के रूप में शामिल हुए।

# भोजपुरी, मैथली, मगही और अंगिका को शिक्षक पात्रता परीक्षा में अविलंब शामिल करे झारखंड सरकार

- सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद सग कई भाषाई संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद विद्रोही के नेतृत्व में कई भाषाई संगठनों के प्रतिनिधियों ने डीसी कर्ण सत्यार्थी की अनुपस्थिति में डीडीसी अनिकेत सचान के माध्यम से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार मांग पत्र सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा में स्थानीय भाषा से भोजपुरी, मैथली, मगही एवं अंगिका को शामिल करने की पुरजोर मांग की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि झारखंड के गठन से पहले यह एकिकृत बिहार हुआ करता था,इस झारखंड राज्य निर्माण की लड़ाई में सभी समाज एवं भाषा के लोगों का अहम योगदान है। सभी ने कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में अपना खून पसीना लगाया है और मुकदमा दर्ज के साथ साथ जेल भी गये हैं, तब जाकर ये सुनहरा झारखंड बना है। आज यहां भोजपुरी एवं अन्य भाषा के नाम पर उपेक्षित करना सरासर अन्याय है, इसलिए भोजपुरी एवं अन्य भाषा भाषी यह मांग करते है कि भोजपुरी, मैथली,मगही एवं अंगिका को शिक्षक पात्रता परीक्षा में अविलंब शामिल करें। अन्यथा सभी भाषायी संगठन के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

मांग पत्र सौंपने के पश्चात सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद विद्रोही ने कहा कि भोजपुरिया समाज बहुत ही सहनशील समाज है। हमलोग लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन में विश्वास करते हैं। इसलिए प्रशासन के जरिए हमलोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र प्रेषित कर रहे हैं कि हमारा हक झारखंड में नहीं मारा जाय। भोजपुरिया समाज आंदोलनकारी समाज रहा है, अगर जानबूझ कर हकमारी होगी तो हमलोग सड़क पर उतरने को विवश हो जायेंगे। जो नेता कह रहे हैं कि झारखंड में भोजपुरी समाज के लोग कम हैं तो हम सरकार से कहना चाहेंगे कि एक तो भोजपुरी बोलने वाले लोगों की संख्या बहुत ज्यादा राज्य में है। अगर मान लिया जाए कि भोजपुरी,मगही, मैथिली और अंगिका बोलने वाले कम है तो इन भाषाओं को प्रोत्साहित,संरक्षण देना और समवर्द्धित करने का दायित्व राज्य सरकार पर और ज्यादा बढ़ जाता है।

मुन्ना चौबे ने कहा कि बिहार से बंट कर झारखंड बना है। इस राज्य पर हम बिहारियों का अन्य राज्यों से ज्यादा हक है। झारखंड में रहने वाले भोजपुरी, मैथिली, अंगिका और मगही की अनदेखी हम लोगों को मंजूर नहीं है।

बता दें कि मांगपत्र सौंपने वालों में प्रदीप सिंह भोजपुरिया, अप्पू तिवारी, कौलेश्वर पांडेय, यमुना तिवारी हर्षित, मुन्ना चौबे, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव, शशि भूषण मिश्रा, मसूद खान, उदय प्रताप हयात, डॉ अजय किशोर चौबे, त्रिलोक नारायण सिंह, बलविंदर सिंह, जितेश तिवारी, हरिहर सिंह चौहान, अभिषेक ओझा, विनीत मिश्रा, सोनू जी, अशोक राय, योगेंद्र सिंह इत्यादि भारी संख्या में लोग शामिल थे।



डीसी की अनुपस्थिति में डीडीसी अनिकेत सचान को मांग पत्र सौंपते अरविंद विद्रोही व भोजपुरी समाज के सहयोगी प्रतिनिधिगण।

# खुशखबरी : एमजीएम डिमना में लेबर रूम का उद्घाटन, पहले दिन जन्म लिये दो शिशु

- नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल में ओटी का शुभारंभ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग पूरी तरह शिफ्ट
- स्त्री, प्रसूति रोग से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के लिए मरीज नवनिर्मित अस्पताल में ही भर्ती लिये जायेंगे
- नवनर्मित अस्पताल के माध्यम से नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





1. लेबर रूम में आज पहली महिला का सफल प्रसव के बाद खुश नर्स और डॉक्टर्स। 2. एमजीएम डिमना में नये ओटी के उद्घाटन के अवसर पर नर्सों से बनाया आकर्षक रंगोली। 3. लेबर रूम में जन्मे पहले दो शिशु।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत एमजीएम अस्पताल (डिमना परिसर) के नवनिर्मित भवन में आज ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का विधिवत शुभारंभ किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन और परियोजना निदेशक आईटीडीए के कुशल नेतृत्व में अस्पताल की शिफ्टिंग प्रक्रिया तेजी से पूर्णता की ओर अग्रसर है। इसके तहत स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को पूरी तरह पुराने अस्पताल से नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सभी नए एडमिशन इसी भवन में लिए जाएंगे। आज नए ओटी में दो सफल ऑपरेशन संपन्न हुए, जिनमें एक सामान्य प्रसव और एक सिजेरियन डिलीवरी की गयी।

नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। यहां एनआईसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई), पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई), पीडियाट्रिक वार्ड तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सभी तरह के चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुसज्जित एवं सुचारु रूप से चालू की जा रही हैं। अस्पताल के अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं प्राचार्य सहित चिकित्सा पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से शिफ्टिंग कार्य पूरा किया जा रहा है।

मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के संचालन से मरीजों को एक ही स्थान पर सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला प्रशासन अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे अब स्त्री, प्रसूती रोग से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के लिए नवनिर्मित एमजीएम अस्पताल का ही रूख करें।

## एक नजर में

### मासांत पर्व पर चक्रधरपुर के मोहुलबोराई, सिमिदीरी और चंद्री गांव के छऊ नृत्य में शामिल हुई सांसद



**चक्रधरपुर, पश्चिम सिंहभूम।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की सांसद जोबा माझी सोमवार को मासांत पर्व पर चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित छऊ नृत्य सह मेला कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद उठाया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा कि छऊ हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इसे विकसित और संजोय रखना हमारी सामूहिक दायित्व बनता हैं। उन्होंने स्थानीय कलाकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्व-त्योहार के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिलता है। सांसद मोहुलबोराई, सिमिदीरी, चन्द्री कार्यक्रम में शिरकत की। चन्द्री कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव, जिला परिषद सदस्य मीना जोंकों, बाईपी की मुखिया पिंकी जोंको, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेंब्रम, प्रदीप महतो ने सांसद के साथ मंच साझा की।

### मोदी सरकार के 11 वर्षों में नारी शक्ति को मिला सम्मान, सुरक्षा और नेतृत्व का अवसर : पूर्णिमा



**जमशेदपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर चर्चा हेतु सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा में गोलमुरी मंडल की ओर से टुइलाडूंगरी स्थित सी पी कबीर क्लब में विकसित भारत संकल्प सभा की गयी। मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित सभा में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ नेता खेमलाल चौधरी, भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। इससे पहले, सभा की विधिवत शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गयी। विधायक पूर्णिमा साहू ने पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों को ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनसेवा से परिपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बीते 11 वर्षों में देश को नयी दिशा दी है। आज का नया भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित है। जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व और एनडीए सरकार की स्पष्ट नीति को जाता है। कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आये दिन देश बम धमाकों और आतंकी हमलों से कांपता था। लेकिन मोदी सरकार के 11 वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट किया कि भारत अब चुप नहीं बैठता है बल्कि घर में घुसकर मुँहतोड़ जवाब देता है। इस दौरान मंच संचालन अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, स्वागत संबोधन सतीश शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन अमिश अग्रवाल ने किया।

### गांव से प्रदेश स्तर पर कांग्रेस को सशक्त करना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता का विधानसभा वार बैठक जारी है। छतरपुर अंतर्गत बड़ामलहरा विधानसभा के नगर पालिका भवन में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम् अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बी एल ऐ एवं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वे संगठनात्मक मजबूती, पार्टी को मजबूत बनाने, नये सदस्यों को जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील कर रहे हैं। साथ ही जिलाध्यक्षों के चयन, ब्लॉक से लेकर मंडलम, पंचायत, सेक्टर, वार्ड, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पार्टी की जड़ों को सशक्त करने के लिए संवाद कर रहे हैं। बैठक के बाद प्रेस से बात करते हुए पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि गांव, ब्लॉक और पंचायत स्तर तक कांग्रेस को सशक्त करना ही सफलता की कुंजी है। कांग्रेस पार्टी केवल चुनावी दल नहीं, बल्कि विचारधारा और जनता की आवाज है।

### विकसित भारत संकल्प सभा में संकल्प से सिद्धि अभियान को मिला नया आयाम : डॉ जटाशंकर



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी मानगो मंडल के तत्वावधान में संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत आज विकसित भारत संकल्प सभा का भव्य आयोजन साउथ प्वाइंट स्कूल, पोस्ट ऑफिस रोड, मानगो में संपन्न हुआ। इसके मुख्य वक्ता संकल्प से सिद्धि अभियान के प्रदेश सह-संयोजक एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडेय ने अपने संबोधन में विकसित भारत के विजन को विस्तार से समझाया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रेनू शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्यगण, मंडल पदाधिकारीगण, भाजपा के मोर्चा अध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभा के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया और घर-घर तक मोदी सरकार की योजनाओं को पहुँचाने का संकल्प लिया।

## अनुग्रह नारायण सिंह सेवा संस्थान में जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित डॉ कविता परमार व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान, बागबेड़ा कॉलोनी द्वारा बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर 18 जून को जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संस्थान में किया जायेगा। इस अवसर पर अनुग्रह बाबू के कीर्ति को स्मरण करते हुए बागबेड़ा क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। बागबेड़ा क्षेत्र के सभी समाज एवं वर्ग के वैसे मेधावी छात्र छात्राएं जिन्होंने दसवीं और बारहवीं कक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें चयनित का सम्मान दिया जाता है। यह सम्मान आइसीएसई, सीबीएसई एवं जैक बोर्ड सभी के लिए होता है। अभी तक 9 विद्यालयों के 24 बच्चों की सूची तैयार कर ली गयी है। यह जानकारी अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह, महासचिव सीएसपी सिंह और सचिव डा कविता परमार ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दी।

# शहीद गणेश हांसदा की स्मृति में 70 लोगों ने किया रक्तदान

- ट्राइबल ब्लड मैन राजेश मार्डी ने 78वीं बार किया रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




शहीद गणेश हांसदा के बड़े भाई दिनेश हांसदा ब्लड बैंक, जमशेदपुर में रक्तदान करते हुए। साथ में शहीद के माता-पिता।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सौजन्य से गलवान वीर शहीद गणेश हांसदा की पांचवीं शहादत दिवस पर धातकीडीह ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 70 युवाओं ने आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया और सभी रक्तदाता अपनी अपनी पारंपरिक परिधान में रक्तदान करने पहुंचे थे। मौके पर बहरागोड़ा से आए शहीद की माता कापरा हांसदा एवं पिता सुगदा हांसदा ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में जीएम संजय चौधरी के साथ अपने लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया और सभी रक्तदाताओं को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

# श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार का दूसरा चरण आज से होगा प्रारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाऊन गोलमुरी, जमशेदपुर का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। जीर्णोद्धार कार्य का पहला चरण पूरा हो जाने के बाद कल दिनांक 17 जून को सुबह 8 बजे मंदिर जीर्णोद्धार का दूसरा चरण आरंभ होगा। यह जानकारी जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सह जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दी।

श्री राय ने बताया कि दूसरे चरण में मुख्य मंदिर के शिखर का निर्माण आरंभ होगा, जिसमें एक से अधिक स्तूप आकार की संरचना बनायी जाएगी, जैसा कि इस श्रेणी के मंदिर के ऊपरी भाग में बना है।

श्री राय ने बताया कि शिखर निर्माण का कार्य पूरा होने पर मंदिर के बाहरी अवरण की भव्यता उजागर होगी। उसके बाद शिखर की रंगाई पुताई और ढांचा का कार्य आरंभ होगा। शिखर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद मंदिर के भीतर जर्जर हो चुके हिस्सों की मरम्मत होगी।

# पुष्पक वाहन पर नगर भ्रमण में निकल भक्तों को दिया दर्शन

- ब्रह्मोत्सव का ग्यारहवां दिन भक्तिमय वातावरण में संपन्न
- 17 जून के कल्याण महोत्सव की तैयारी पूरी, सभी भक्तों को है सादर आमंत्रण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम, बिष्टुपुर में चल रहे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के 56वें ब्रह्मोत्सव के 11वें दिन की धार्मिक गतिविधियां भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुईं। सुबह 6 बजे पंडित कोंडामचारुलु जी ने नित्यकत्ल पूजा के साथ दिन की शुरुआत हुई। इसके पश्चात 8 बजे भगवान बालाजी का अभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, मधु, गंगाजल, पंचामृत, गन्ने का रस और डाब का पानी आदि से अभिषेकम किया गया। आंध्र भक्त श्री राम मन्दिरम समिति के डेप्युटी प्रेसीडेंट जम्मी भास्कर ने सभी श्रद्धालु भक्तों से 17 जून को शाम 5:30 बजे कल्याण महोत्सव में भाग लेने की अपील की।

# डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ों से घिरे लखाईडीह पहुंचे डीसी

- ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना
- जीविकोपार्जन और स्वरोजगार के नये साधन के लिए किया प्रेरित,
- कहा- पीएम जनमन की शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए योजनाओं का लाभ लें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




लखाईडीह गांव का दौरा करते डीसी व सहयोगी पदाधिकारी और लखाईडीह के ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठ कर समस्याएं सुनते डीसी। साथ में आइटीडीए निदेशक दीपांकर चौधरी व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी आज डुमरिया प्रखंड के सुदूर और दुर्गम पहाड़ों से घिरे लखाईडीह गांव पहुंचे। उपायुक्त ने यहां ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, बीडीओ निलेश मुर्मू, सीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उपायुक्त का गांव पहुंचने पर पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया और उन्हें गांव आकर ग्रामीणों से सीधा संवाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामवासियों ने डीसी को विशेष रूप से पेयजल की कमी, खराब सड़क संपर्क, नेटवर्क कनेक्टिविटी तथा अन्य समस्याओं के बारे में बताया। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से किया जायेगा। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य योजना तैयार की जाये ताकि सुचारू रूप से सेवाओं को बहाल किया जा सके। डीसी ने ग्रामीणों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आजीविका संवर्द्धन के लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। ग्रामीणों की ओर से तेल पेराई मशीन, सिलाई सेंटर की मांग की गयी, जिस पर उपायुक्त ने कहा कि इन प्रोजेक्टस को शुरू कराने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होने विशेषकर युवाओं को जीविकोपार्जन के नये विकल्प तलाशने, सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने पर बल दिया।



पलामू डीसी समीरा एस ने डीआईजी नौशाद आलम से किया शिष्टाचार मुलाकात।

## स्पीड न्यूज

### चिप्स लदा हाइवा किया जब्त



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान कोल्हुआ से चिप्स लदा एक हाईवा (जेएच 03 आर 6486) को जब्त किया है। थाना प्रभारी सतीश गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रात्रि में अवैध बालू व चिप्स की ढूलाई वाहनों से की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए थाना प्रभारी सअनि अभय कुमार राज व दल बल के साथ कोल्हुआ बस्ती पहुंचे। इस दौरान अवैध चिप्स लोड हाईवा जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को भी जानकारी दी गई है।

### मुखिया ने किया थाना प्रभारी को सम्मानित



**पाटन पलामू।** सिरमा पंचायत के मुखिया राकेश दुबे ने पाटन थाना के नये थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मुखिया राकेश दुबे ने नये प्रभारी को बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दिया। मुखिया ने सम्मानित करते हुए कहा कि पाटन के लोगों को नये थाना प्रभारी के द्वारा न्याय मिले यही अपेक्षा है। वहीं थाना प्रभारी शशी शेखर ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा लोगों के लिए तत्पर रहेगी। लोग कभी भी बेझिझक आकर मिल सकते हैं। उनके समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### नावा खास मुखिया ने किया स्वागत



**पाटन पलामू।** नावा खास मुखिया मनोज कुमार ने नावा जयपुर के नये थाना प्रभारी सतीश गुप्ता को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया तथा शुभकामना दी। मौके पर मुखिया मनोज कुमार ने सम्मानित करते हुए कहा कि नावा जयपुर थाना का इलाका पिछड़ा इलाका है। यहां पर अति पिछड़े लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आशा करते हैं नये थाना प्रभारी के कार्यकाल में सभी लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने नये थाना प्रभारी को क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति की भी जानकारी दी। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मुखिया को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। कोई भी व्यक्ति निसंदेह थाना आकर अपनी समस्या रख सकते हैं। पुलिस उनकी समस्या का निदान करेगी। थाना प्रभारी ने सभी जन प्रतिनिधियों को पुलिस के साथ तालमेल के साथ काम करने का आश्वासन दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कौआखोह बाल किशोर सिंह इंटर कॉलेज के समीप एनएच 98 पर सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गयी। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा गांव निवासी काजिम खलीफा के पुत्र अब्दुल हुसैन (20) के रूप में हुई है। अब्दुल छतरपुर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था। तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े अज्ञात ट्रक से जा टकरायी। इससे सीने और चेहरे पर चोटें लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में एनएचएआई के एम्बुलेंस की मदद से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छह में प्रवेश परीक्षा 2026-27 फार्म भरना शुरू

**हुसैनाबाद पलामू।** भारत सरकार मानव संसाधन व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दिया गया। इस संबंध में जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू 02 के प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि इस विद्यालय के अंतर्गत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, ऊंटारी, पांडू, विश्रामपुर, नावा बाजार, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पिपरा, हरिहरगंज कुल 11 प्रखंड के सभी अभिभावकों व प्रधानाध्यापक अपने अपने विद्यालय से ज्यादा मेधावी छात्र/छात्रों को परीक्षा फार्म का रजिस्ट्रेशन करायें। बताया कि परीक्षा फार्म किसी भी स्कूल से कक्षा पांच में पढ़ने वाला विद्यार्थी भर सकता है, जिसकी जन्मतिथि 01 मई 2014 से 31 जुलाई 20216 हो, परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई, 2025 है तथा 13 दिसंबर 2025 परीक्षा ली जायेगी।

### उपलब्धियों से भरा है पीएम मोदी के 11 वर्षों का कार्यकाल : रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा ग्रामीण मंडल ने पार्टी के बी मोड़ स्थित कार्यालय में सोमवार को प्रबुद्ध जन संगोष्ठी की गयी। जिसमें विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के ग्यारह साल पूरा होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर फोकस किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। संचालन महामंत्री राधा कृष्ण साव ने किया। उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, जिला प्रभारी भाजपा नेत्री लवली गुप्ता व जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत से पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के ग्यारह वर्षों का कार्यकाल तमाम उपलब्धियों से भरा पड़ा है।

# भू-अर्जन बैठक में डीसी ने मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को एनएच 75, फोरलेन पथ निर्माण, आरओआर, आरओबी एवं राज्य सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति से संबंधी बैठक की। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गयी। इस दौरान डीसी ने जिन-जिन प्रखंडों में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है उन प्रखंडों में अवार्डी की संख्या, निर्गत एलपीसी समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित सभी सीओ को लाभुक को भुगतान करने में आ रही सभी अड़चनों को दूर करते हुए भुगतान में तेजी लाने की बात कही। एनएच 75 सेक्शन टू के फोरलेन पथ निर्माण में पाया गया कि विश्रामपुर अंचल अंतर्गत 367 अवार्डी है जिसके विरुद्ध 318 एल.पी.सी निर्गत किया जा चुका है।



इसी तरह पड़वा के पांचों गांव में कुल 309 अवार्डी है जिसके विरुद्ध 279 एल.पी.सी निर्गत किया गया है। वहीं बैठक में बगैर दस्तावेजों के पहुंचे नावाबाजार सीओ के प्रति उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट करते हुए आगे से सभी डॉक्यूमेंट के साथ बैठक में उपस्थित होने की बात कही। उन्होंने सभी संबंधित सीओ को जिला भू-अर्जन कार्यालय से बेहतर समन्वय में रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी अंचलाधिकारी स्तर से कार्य प्रभावित होने की स्थिति में निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी सीओ को रैयतों से वार्ता कर सभी तरह के कार्यों को ससमय निष्पादित करने की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा समेत संबंधित सीओ उपस्थित थे।

शहीद आईपीएस अधिकारियों की स्मृति में खेल परिसर का लोकार्पण

# शहीद पुलिस पदाधिकारी समाज के लिए हैं प्रेरणाश्रोत : रीष्मा रमेसन

- शहीद अधिकारियों का साहस और समर्पण आनेवाले पीढ़ियों के लिए मिशाल : एसपी अंजनी अंजन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करतीं तथा हजारीबाग एसपी को सम्मानित करते पलामू एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परिसर में दो नवनिर्मित खेल मैदानों – बास्केटबॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट का भव्य उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। यह खेल परिसर देश सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद आईपीएस अधिकारियों की स्मृति को समर्पित है। इस बास्केटबॉल कोर्ट का नाम शहीद आईपीएस अजय कुमार सिंह और बैडमिंटन कोर्ट का नाम शहीद आईपीएस अमरजीत बलिहार के नाम पर रखा गया है। इन दोनों वीर अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किये थे। यह खेल परिसर उनके बलिदान को चिरस्थायी स्मृति देने का एक प्रयास है। समारोह में पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और युवाओं से खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# अनियमित विद्युत्तापूर्ति : ग्रामीणों ने 3 घंटे बाधित रखा एनएच 139

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने पुरानी बस स्टैंड के समीप सोमवार को एनएच 139 पर आवागमन को रोका। साथ ही विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। समाजसेवी सह भाजपा नेता राजीव रंजन ने कहा कि क्षेत्र में नियमित रूप से बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। अनियमित विद्युत आपूर्ति के बीच लो वोल्टेज की समस्या से लोग इस भीषण गर्मी से परेशान हैं। विभागीय अनदेखी से थक हार कर लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा है। सड़क पर उतरे आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह, थाना के एसआई राकेश कुमार सिंह, धनंजय गोप एएसआई अजय कुमार सिंह, सुनील यादव जामस्थल पर पहुंचे। बाद में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के नाम प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह को लचर विद्युत व्यवस्था में सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं सहायक विद्युत अभियंता के आश्वासन पर तीन घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया। इस अवसर पर विश्वदीप गुप्ता, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, संजय जायसवाल, विनोद पासवान, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव, अवधेश मेहता, टंटू मिश्रा, जेपी गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, रवि जायसवाल, अजय स्वर्णकार, अनुज कुमार, विजय प्रजापति, अखिलेश विश्वकर्मा, राजेश दास, संतोष गुप्ता, जयराम मेहता, दीपक कुमार, राजू शर्मा, शशि शेखर, एजाज अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।





ज्ञापन सौंपते लोग और बंद के दौरान सड़क (दायीं ओर)।

# किन्नी में अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्य तिथि पर लोगों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

- पिता के आदर्शों को क्षेत्र की जनता का कर रहे सेवा : विधायक आलोक चौरसिया
- गरीब दलित शोषित व वंचितों के आवाज थे अनिल चौरसिया : पूर्व सांसद घूरन राम
- संघर्षशील नेता के रूप में स्थापित थे स्व चौरसिया : पूर्व सांसद मनोज भुइयां

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम किन्नी में दलित, शोषित व वंचितों के मसीहा स्व अनिल चौरसिया की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर उनकी प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने फुल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही पुण्य तिथि के अवसर पर भव्य भंडारा का आयोजन पुत्र विधायक आलोक चौरसिया ने किया।




प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक, अतिथि व उपस्थित अन्य लोग।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित महिला पुरूषों ने क्रमशः कर स्व अनिल चौरसिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने भावुक मन से पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया क्षेत्र के गरीब, दलित व शोषित लोगों के लिए संघर्ष करते हुए अपना बलिदान दिया है। उनके द्वारा क्षेत्र में खिंची गई लकीर एवं जन जन को दिये संदेश को आधार मानकर उनके सपने को साकार करने के लिए डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र की जनता ने मुझे लगातार तीसरी बार विधायक बनाने का काम किया है। इसके लिए मैं जनता के प्रति आभारी हूं। उन्होंने कहा कि पिता के आदर्शों को अपनाते क्षेत्र में लगातार जन समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहा हूं। साथ ही उनके संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए मैं अपनी राजनीतिक जीवन को संघर्षशील बनाया है। जिसके बदौलत तीसरी बार विधायक बनकर जन समस्या को दूर कर रहा हूं। पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व चौरसिया का जो संघर्ष रहा है उसका परिणाम आज भी जन उपस्थिति को देखकर मिलता है। श्री राम ने कहा कि स्व चौरसिया गरीब दलित शोषितों व वंचितों के आवाज बनकर उभरते रहे थे। अन्याय के विरूद्ध अपने संघर्षों को तेज किये थे।

### एनजीटी लागू होने के बाद भी हो रहा बालू उठाव

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने पलामू डीसी और एसपी को पत्र लिख सूचित किया है कि चेचन्हा राजहरा बालू घाट से बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। साथ ही बालू उठाव का वीडियो भी संलग्न किया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि एनजीटी लागू होने के बाद भी धड़ल्ले से प्रतिदिन 60 से 70 ट्रैक्टर शाम 4 से सुबह 9 बजे तक अवैध बालू परिवहन हो रहा है। जिसकी प्रशासन को कोई खबर नहीं है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि बालू की अवैध उत्खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान और सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और पलामू डीसी से आग्रह किया है कि शीघ्र अवैध बालू उठाव पर रोक लगायें।

### नदी से बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर जब्त



**तरहसी पलामू।** अवैध रूप से नदी का बालू ढुलाई करते हुए तरहसी पुलिस ने ट्रॉली सहित ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संदर्भ में तरहसी थाना प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि 2 दिन पहले से सूचना मिल रही थी कि मनातू के भिन्न-भिन्न गांव के ट्रैक्टर तरहसी के पाठक पगार, बज लपुर अमानत नदी से रात्रि में गुपचुप तरीके से बालू ढुलाई करते हैं और बेचकर मोटी कमाई करते हैं। रविवार की रात्रि में भी सूचना मिली कि पाठक पगार अमानत नदी से बालू ढुलाई की जा रही है। सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई और महुदंडवा में बालू ले जाते हुए ट्रैक्टर पकड़ा गया। इसके पूर्व पुलिस गाड़ी की रोशनी देखकर ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। अग्रेतर कार्रवाई हेतु ट्रैक्टर को तरहसी थाना में लाया गया है। गाड़ी मनातू के बंसी का बताया जाता है।

### पांकी विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के मुदंरिया आदिवासी (चेरो) टोला के पछियारा टोला में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था। लोगों ने इसकी शिकायत पांकी विधायक से की थी। विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के प्रयास से 25 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिससे वहां के जनता में काफी खुशी है। ग्रामीणों ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरे टोला के लोग इस भीषण गर्मी में बिजली के बिना काफी परेशान थे। लोग अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर थे। विधायक ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पहल किया। लोगों ने इसके लिए विधायक का आभर जताया है। मौके पर हरदयाल सिंह, बीगू सिंह, विनोद सिंह, पार्वती देवी, लाल सिंह अखिलेश यादव, गोपाल सिंह, ममता देवी, रूबी देवी, राजेश्वर सिंह, शांति देवी, ललिता देवी, सुनील सिंह, सोनवा देवी, धर्मेंद्र सिंह, पिंटू यादव थे।

# जिले में 16-21 तक चलेगा एनीमिया मुक्ति अभियान

**एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह**

- डीसी समेत अन्य ने दीप प्रज्वलन कर जिले में अभियान का किया शुभारंभ
- एनिमिया के मरीजों का ट्रैकिंग जरूरी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक के दौरान जानकारी लेतीं पलामू उपायुक्त व अन्य।

**मेदिनीनगर।** एनिमिया मुक्त झारखंड सप्ताह का पलामू जिले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस व उप विकास आयुक्त समेत अन्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के पश्चात समाहरणालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व समाज कल्याण से आये प्रतिनिधियों को इस अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। पीपीटी के माध्यम से सभी को अनीमिया के कारणों,संकेत व लक्षण, अनीमिया का बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव, समूहों को लक्षित कैसे किया जाना है जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों व सभी विद्यालयों में एनिमिया मुक्त झारखंड कार्यक्रम सघन रूप से चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत छह माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन सिरप, पांच से नौ वर्ष के बच्चों को गुलाबी रंग का टेबलेट और 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को नीली रंग का आयरन की गोली खिलायी जायेगी। वहीं गर्भवती व धात्री महिलाओं को एएनएम तथा प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को सहिया के द्वारा दवा दी जानी है।

**खास बातें :** उन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए दवा वितरण, प्रशिक्षण रोल आउट, स्वास्थ्य विभाग, महिला व बाल विकास, शिक्षा, जनसंपर्क, पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किए जानेवाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में 19 कैम्प लगाया जायेगा। कहा कि 5 वर्ष के उपर वैसे बच्चे जिनका कहीं नामंकन नहीं है उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलायी जायेगी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आये यह सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएस से कहा

**ये रहे मौजूद :** मौके पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, डीएसइ, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य डीपीएम समेत स्वास्थ्य, समाज कल्याण व शिक्षा के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सिर्फ मरीजों को चिन्हित करने व दवाई देने से काम नहीं चलने वाला। उन्होंने मरीजों के ट्रैकिंग पर बल दिया। उन्होंने सीएस को अगले छह बाद चिह्नित किये गये मरीजों के अद्यतन स्थिति से अवगत कराने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने अभियान खत्म होने के पश्चात चिन्हित किये गये मरीजों की सूची की भी मांग की।

## मध्याह्न भोजन : मझौली विद्यालय के बच्चों को नहीं मिल रहा अंडा,आक्रोश

- चापानल का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे


मनीष दूबे



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मझौली में बच्चों को मध्याह्न भोजन देने में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। स्कूल से मध्याह्न भोजन में बच्चों को अंडा नहीं दिया जा रहा है। इससे बच्चों में विद्यालय प्रबंधन के प्रति आक्रोश है। बच्चे को मध्याह्न भोजन में मेनू के अनुसार भोजन नहीं दिये जाने से अभिभावकों में भी आक्रोश है। विद्यालय के बच्चों ने बताया कि गर्मी छुट्टी के बाद जब से स्कूल खुला है तबसे मध्याह्न भोजन में अंडा नहीं दिया गया है। विद्यालय के शिक्षकों ने इस संबंध में प्रधानाध्यापक से जानकारी प्राप्त करने की बात कही। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्कूल से गायब पाये गये। जब प्रधानाध्यापक से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो प्रधानाध्यापक के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। प्रखंड के कई ऐसे विद्यालय हैं जहां पर बच्चों को भोजन में अंडा नहीं देने का मामला आया है।

## मनातू : भाजपा ने मनाया केंद्र सरकार के 11 वर्षों का उत्सव, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण पर संगोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मनातू मंडल ने नाका भाजपा कार्यालय में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृत कालः सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण विषय पर एक प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री रेणु देवी उपस्थित थी। जबकि मंडल अध्यक्ष अंतू यादव ने नेतृत्व किया। मंडल अध्यक्ष अंतू यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा, ये 11 साल की यात्रा बेमिसाल रही है, जिसमें मनातू की जनता और प्रबुद्धजनों का अमूल्य योगदान है। भारत आज मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है, और भविष्य में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। जिला मंत्री रेणु देवी ने कहा कि मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। बताया कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये।

# शाहपुर मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जनरल खलीफा बने रुस्तम मंसूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**चैनपुर पलामू।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में मोहर्रम पर्व सादगी एवं सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर मुस्लिम धमार्लंबियों की बैठक शाहपुर मदरसा में हुई। जिसकी अध्यक्षता अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन ने की । बैठक में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ो लोगों ने मोहर्रम पर्व के लिए सर्वसम्मति से जनाब रुस्तम मंसूरी कबाड़ी को जनरल चुना गया। वहीं बैठक के दौरान जुलूस शांति सौहार्द वातावरण में निकले एवं डीजे साउंड एवं जुलूस के दौरान निर्धारित रास्ते पर जुलूस निकालने व कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक के दौरान ही सर्वसम्मति से नायाब जनरल अफसर अली सचिन वसीम कुरैशी नायाब सचिव मोजिब आलम खजांची अनवर खलीफा को बनाया गया ।मौके पर शाहपुर अंजुम के सदर इस्तखार अंसारी अंजुम के सचिव अकबर कुरेर्शी नायाब सदर इकबाल कुरैशी नायब सचिव अफजल खान खजांची अनवर खलीफा एवं सरपरस्त नान्हु कुरैशी, हुसैन शाह, पूर्व मुखिया इबरार रिजवी, नेजाम सिद्दीकी, अनवर अंसारी, मुस्ताक खान, कलन कुरेशी, ताहिर कुरैशी, सलीम कुरैशी, सद्दाम मंसूरी, सूफी अहमद सहित सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे। जनरल रुस्तम मंसूरी ने बताया कि मोहर्रम पर्व को शांति सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर मुझे जो जनरल के खलीफा का दायित्व मिला है मैं उसे बखूबी निष्ठा से निभाऊंगा। मोहर्रम के दौरान 10 दिनों तक डेग फातिहा तथा कुरान खानी का कार्यक्रम भी किया जाएगा। बताया कि मोहर्रम का जुलूस पंचमी सप्तमी एव नवमी के जुलूस के बाद अखाड़ा मिलान कर पहलाम किया जायेगा।

# पाटन : प्रखंड के लोइंगा में निकाली गयी नशा मुक्ति को लेकर भव्य रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



नशा मुक्ति को लेकर निकली रैली में शामिल पदाधिकारी व अन्य लोग।

**पाटन पलामू।** पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत पाटन प्रखंड के ग्राम लोइंगा में रैली निकाली। रैली में लोइंगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। नशा मुक्ति रैली का नेतृत्व पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने किया। रैली के माध्यम से लोगों को नशा पान नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान में नशा पान के खिलाफ नारे लगाते हुए लोगों को नशा से दूर रहने को प्रेरित किया गया। पाटन थाना इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह ने नशा मुक्ति अभियान में उपस्थित सभी बच्चों को नशा से होने वाले नुकसान, साइबर क्राइम से बचने हेतु कई जानकारियां दी। पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय ने भी लोगों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा से घर परिवार बर्बाद हो जाता है। साथ में समाज दुषित होता है जिससे परिवार एवं समाज का विकास अवरूद्ध हो जाता है । नशा से कई तरह की बीमारियों से लोग जकड़ जाते हैं। उन्होंने नशा को छोड़ सुखी जीवन बिताने के लिए लोगों को प्रेरित किया। रैली में लोइंगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

# ओखरगाड़ा को प्रखंड का दर्जा देने की मांग

## ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा को अलग प्रखंड का दर्जा देने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव एवं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ओखरगाड़ा से प्रखंड मुख्यालय की दूरी अधिक है, जिससे रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों में काफी परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि विकास योजनाओं की जानकारी हो या जमीन से जुड़े मामले, उन्हें मेराल मुख्यालय तक पहुंचने में आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में गरीब व असहाय लोगों के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना मुश्किल होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि मेराल की 20 पंचायतों में से 6 पंचायतों बिकताम, ओखरगाड़ा पूर्वी, ओखरगाड़ा पश्चिमी, खोरिडीह, चेचरिया और अरंगी को मिलाकर नया प्रखंड गठित किया जाए।


मांग पत्र सौंपते ग्रामीण

पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने ग्रामीणों की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि यह मामला पहले भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा गया था और अब फिर से इस मांग को मजबूती के साथ सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि झामुमो हमेशा जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करता रहा है और जनता के हक के लिए संघर्ष करता रहेगा।

मौके पर ओखरगाड़ा प्रखंड नवनिर्माण संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष रामसागर उरांव, बबलू कुमार तिवारी, मुखिया रवींद्र गुप्ता, जमालुद्दीन अंसारी, काशीराम, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, पंचायत समिति सदस्य विनोद पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** उपायुक्त-सह अध्यक्ष जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में त्रिस्तरीय छापेमार दस्ता के बैठक का आयोजन किया गया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-25-26-05, दिनांक 13.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के तहत हाई रेटेड (1600ए) द्वारा लो रेटेड आइसोलेटरों का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 45,89,938.58; **ईएमडी मूल्य:** रु. 91,800; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देख सकते हैं। पिन कोड: 834003. (PR-277)



**कार्यालय- सिद्धो-कान्हो, कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि०, राँची**
**(कार्यालय,जिला सहकारिता पदाधिकारी, राँची)**

पत्रांक ............../ सह0, राँची, दिनांक ......................

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला राँची अन्तर्गत (सिद्धकोफेड) के अधीन कार्यालय सिद्धो–कान्हो, कृषि एंव वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, के दैनिक उपयोग हेतु बाह्य स्त्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेन्सी/फर्म/वाहन आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| Sl.No. | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 01 | Requirement of Vehicle (Bolero Neo) on Rent | Rate Contract for vehicle(Bolero Neo) on Rent from out Source |
| 02 | Tender Fee | Rs. 2500(Two Thousend five hundred only) Non Refundable |
| 03 | EMD fee | Rs. 30,000.00(Thirty Thousand only) |
| 04 | Cost Date/Time for submission of bids | 23.06.2025 |
| 05 | Bid opening Date(Technical+Financial) | 25.06.2025, 02:00 PM |
| 06 | Name & Address of Office inviting Tender(Procurment officer) | Secretary,Sidho Kanho, Agriculture and Forest Produce District Co-operative Federation Limited-CUM-District Co-operative Office, Vikash Bhawan C-14 2nd Floor Ranchi- 834001 |
| 07 | Helpline Number | 9110017948 |

Note:- Further details Can be seen, downloaded through website http://ranchi.nic.in

सचिव,
सिद्धकोफेड, जिला संघ, राँची

PR.NO.355143 Co-opretive(25-26):D



जल यात्रा में उपस्थित लोग

### माता कामाख्या देवी मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर निकली

# पांच सौ एक कलशों की जल यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के करुइ गांव स्थित माता कामाख्या देवी मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें जल यात्रा, पालकी यात्रा, हवन-यज्ञ और भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत टड़हे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व युवा समाजसेवी कृपाल सिंह के नेतृत्व में 501 कलशों की भव्य जल यात्रा से हुई। वहीं महिला मंडल का नेतृत्व पंचायत की मुखिया इंदु सिंह ने किया। बैंड-बाजे और जय माता दी के नारों के साथ निकली पालकी यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल में डुबो दिया। श्रद्धालु कलश लेकर कसया नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारी आशीष वैद्य ने कलश में जल भरवाया। इसके बाद कलशों को माता कामाख्या देवी मंदिर में स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मुख्य यजमान के रूप में रमाशंकर सिंह और राज बिहारी सिंह ने सपत्निक पूजा कर माता की आरती उतारी। यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन को भव्यता प्रदान की। मौके पर राम विजय सिंह, उदय प्रताप सिंह, अनंजय सिंह, दिलीप सिंह, योगेंद्र सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, बैजनाथ विश्वकर्मा, गणेश चंद्रवंशी, बूढ़ा बैठा सहित करुइ, पुरहे और टड़हे गांवों के कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### नशामुक्ति को लेकर जागरूकता रैली

**धुरकी।** सगमा पंचायत में जेएसएलपीएस द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बीएपी हरिशंकर महतो, बीआरपी एलच गुडु भारती, एमआईएस सुमंत कुमार, शिलवंती देवी और आशा देवी मौजूद थे। इस मौके पर हरिशंकर महतो ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण लोग नशे के चंगुल में फंस जाते हैं, जिससे न सिर्फ उनका परिवार प्रभावित होता है बल्कि बच्चों की पढ़ाई और घरेलू शांति भी बाधित होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए ऐसे अभियान जरूरी हैं, जिससे लोगों को नशे के नुकसान और इससे बाहर निकलने के उपायों की जानकारी दी जा सके। रैली में ग्रामीणों को मादक पदार्थों से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की गई।

### कैंसर से जूझ रहे युवक का निधन

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के अंबाखोरेया गांव निवासी गोपाल प्रसाद गुप्ता के 38 वर्षीय पुत्र अभिषेक गुप्ता उर्फ बजरंगी का सोमवार की दोपहर निधन हो गया। वे पिछले दो वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे और लगातार इलाज करा रहे थे। लंबी बीमारी से लड़ते हुए अंततः सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। अभिषेक अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उनके घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा भी दिया।

### टेबल टेनिस समर कैंप का समापन

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित समर कैंप का समापन किया गया। समापन समारोह में कैंप में भाग लेने वाले 40 खिलाड़ियों के बीच खेल ड्रेस का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बैनी अब्राहम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करते रहने की अपील की और भरोसा दिलाया कि उन्हें हरसंभव सुविधाएं दी जाएंगी। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि समर्पण और नियमित अभ्यास से ही खिलाड़ी ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**धुरकी।** खाला बथान टोला गांव की 20 वर्षीया रुखसाना खातून की दहेज को लेकर प्रताड़ना के बाद हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की मां हलीमा बीवी (पत्नी स्व. अकबर हुसैन) के लिखित आवेदन पर धुरकी थाना में कांड संख्या 75/25, दिनांक 16.06.2025 को मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में हलीमा बीवी ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री रुखसाना की हत्या दहेज के लिए की गई। इस मामले में मृतका के पति बदरुद्दीन अंसारी, ससुर आफताब अंसारी, सास रकीना बीबी और दो ननद नूरजहां और एसर खातून को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

# आधार कार्ड और कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सोमवार को सहिजना मोहल्ला में आधार कार्ड बनवाने एवं लाभुकों का चयन करने को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उन बच्चों की पहचान की गई, जिनका अब तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। मौके पर पीएलवी रमाशंकर चौबे ने बताया कि शिविर के दौरान मोहल्ला में आने के बाद कुछ लोग काम पर चले गए थे, पर जो उपस्थित थे उनके आवेदन व कागजात की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पीएलवी अरविंद कुमार तिवारी ने लोगों को सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं और निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं पीएलवी संगीता सिन्हा ने राशन कार्ड, पेंशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड और ई-श्रम कार्ड बनवाने की प्रक्रिया के बारे में लोगों से चर्चा की और उन्हें जागरूक किया। मौके पर सुरेंद्र भुईयां, बिफनी देवी, सीता कुमारी, रीता कुमारी, ललन भुईयां और कलिंदा देवी से आवेदन प्राप्त किया गया।

**बच्चों और लाभुकों का चयन**


लाभुकों के साथ पीएलवी

## नहर निर्माण कार्य के दौरान ड्राइवर की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के तहत बन रही बाईं मुख्य नहर के निर्माण कार्य के दौरान एक ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना सोमवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पतिला पंचायत के पतिला गांव में घटी। जानकारी के अनुसार, मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से निकलने वाली इस नहर परियोजना का कार्य बाहर के एक संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान रोड रोलर से मिट्टी समतल करने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। ड्राइवर कोडरमा निवासी रमजान अंसारी (उम्र लगभग 50 वर्ष) मशीन ठीक करने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक मशीन का एक भारी हिस्सा उसके ऊपर गिर पड़ा। इससे उसके हाइड्रोसील में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि घटनास्थल पर कुछ संदेहास्पद बातें भी सामने आई हैं। मृतक का शव उसकी गाड़ी से करीब 100 फीट दूर मिला, पास में शौच के निशान और एक पानी की बोतल भी पाई गई। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस बल मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना कर रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शुभम तिवारी बने जिला संयोजक, प्रो. सत्यदेव पांडेय को मिला विभाग प्रमुख का दायित्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग का समापन 15 जून को चतरा जिले के इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ। 12 जून से आयोजित इस शिविर में झारखंड प्रांत के सभी जिलों और विभागों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रांत कार्यसमिति की घोषणा की गई, जिसमें गढ़वा के शुभम तिवारी को जिला संयोजक और प्रो. सत्यदेव पांडेय को विभाग प्रमुख नियुक्त किया गया। शुभम तिवारी संगठन के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। मौके पर शुभम तिवारी ने कहा कि यह उनके जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता के लिए गर्व की बात है कि संगठन ने उन पर भरोसा जताया है। वे संगठन को और अधिक सशक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, प्रो. सत्यदेव पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने कार्यकर्ताओं के वैचारिक और व्यक्तिगत विकास के लिए इस तरह के अभ्यास वर्ग आयोजित करती है।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत

# 113 गांवों में जागरूकता और लाभ वितरण शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 प्रखंडों के 58 पंचायतों के 113 जनजातीय बहुल गांवों में अवेयरनेस एंड बेनिफिट्स सैचुरेशन कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जिले के रमकंडा प्रखंड के चेटे पंचायत से हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई, जिसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए गोद भराई, अन्नप्राशन जैसे आयोजन भी किए गए। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को लोन के चेक भी वितरित किए गए। मौके पर डीसी श्री यादव ने बताया कि यह अभियान केवल प्रखंड स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे जिले के अधिसूचित क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। 30 जून 2025 तक जिले के सभी लक्षित गांवों में इस तरह के कैंप आयोजित होंगे। यह अभियान भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। उन्होंने आधार कार्ड, राशन कार्ड, पोषण अभियान, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष, मनरेगा जैसे प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और इनका लाभ उठाने की अपील की। जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड की अनुपलब्धता, भूमि विवाद, बिजली और पेयजल जैसी समस्याएं रखीं। डीसी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातीय समुदाय की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा हो। उन्होंने पीएम जनमन और धरती आबा अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की अपील की। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने अभियान के तहत चल रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के 24 जिलों के 231 प्रखंडों के 7139 गांवों में 49 लाख से अधिक जनजातीय लोगों को लक्षित किया गया है, जिसमें गढ़वा जिले के 18,522 परिवार शामिल हैं। अगले पांच वर्षों में 17 मंत्रालयों की 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वयन होगा, जिसमें आवास, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, उज्ज्वला योजना, स्किल डेवलपमेंट, वन अधिकार पट्टा, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि शामिल हैं। एसडीओ रुद्र प्रताप ने बताया कि जिन गांवों में जनजातीय आबादी 50 प्रतिषत से अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने रमकंडा प्रखंड में पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क और सिंचाई जैसी मूलभूत समस्याओं को रखा और इनके समाधान की मांग की। कृषि विभाग और जेएसएलपीएस ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यालय कर्मी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


चेक प्रदान करते डीसी


**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुडू, जिला– लोहरदगा के अधीन MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा दिनांक 06.07.2024 को किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या 01F2/2024-25 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.04.25 थी जो समाप्त हो चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल लोहरदगा का पत्रांक 766 दिनांक 06.07.24, एवं पत्रांक 1317 दिनांक 19.12.24, द्वारा कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा कार्यान्वयन में कोई रूची नही ली गई एवं कार्य को बंद रखा गया, जिससे स्पष्ट प्रतित होता है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन में कोई रूची नहीं है।

दिनांक 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा उक्त योजना की कार्य स्थल का अंतिम मापी लिया जाएगा। निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित तिथि को आप स्थल पर अंतिम मापी हेतु उपस्थित नहीं होते है तो ऐसी स्थति में अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडित कर दिया जाएगा। एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत कि राशि जब्त कर ली जाएगी। एवं निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग को अनुसंशा कर दी जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। अंतिम मापी के पश्चात आपका किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्रमांक | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा की संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | अंतिम मापी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अजमल अंसारी, ग्राम चिरी, पो0 कुडू, जिला– लोहरदगा | MMGSY के अंतर्गत तुरियाटोली मण्डप से झखराटोली तक पथ निर्माण कार्य लम्बाई 1.30 कि0मी0 | 01F2/2024-25 | 05.04.25 | 25.06.2025 के पूर्वा0 10:00 बजे |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 355107 (Lohardaga) 25-26 (D)



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 10/2025–26**

दिनांक 14/06/2025

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सदर | सिन्दुर | उच्च विद्यालय, सिन्दुर का उन्नयन कार्य। | 4959500.00 | 5000.00 | 100000.00 | छः माह |
| 2 | टाटीझरिया | डहरभंगा | उ0प्रा0वि0, डहरभंगा का उन्नयन कार्य। | 3735200.00 | 5000.00 | 75000.00 | चार माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 20.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.06.25 से 01.07.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.07.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 355194 District(25-26)#D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**पुनः अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2025–26**

**दिनांक 14/06/2025**

**मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग**

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | पंचायत चुरचू के ग्राम खुरण्डी झरना के बीच झरना नदी में पुल निर्माण। | 11435400.00 | 10000.00 | 229000.00 | एक वर्ष |
| 2 | सदर | कर्जन ग्राउण्ड के इन्डोर स्टेडियम (बैडमिंटन कोर्ट) में ए0सी0 का अधिष्ठापन | 7001600.00 | 10000.00 | 141000.00 | छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 20.06.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.06.25 से 05.07.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.07.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 355193 (District)25-26*D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालिन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–24/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.07.2025 को 1.00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.07.2025 का 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.07.2025 को 3.30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B Type Qtr No-2186 ( (G.FL) in Sector-02 at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 4,28,200.00 | 750.00 | 9000.00 | 1 Month |
| 2 | Fixing of G.I Shed and Aluminium Work in Partition of PA chamber, office and Visit ors of F Type Qtr No-35 in Sector-03 at H.E.C, Dhurwa, Ranchi. | 6,28,400.00 | 1250.00 | 13000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of Room No-16,19,S2, 39,40,41,164,165 &166 at Old Vidhan Sabha Bhawan Campus, Russian Hostel Dhurwa, Ranchi. | 43,03,600.00 | 5000.00 | 87000.00 | 2 Months |
| 4 | Renovation of "A" type Qtr No-A 12/23 Doranda, Ranchi. | 9,99,000.00 | 1250.00 | 20000.00 | 2 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.355159 Building(25-26):D

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची.मंगलवार . 17 जून 2025





# बढ़ता तनाव

इजरायल खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी।इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इस युद्ध के बढ़ते तनाव का असर पूरी दुनिया पर पढ़ने की आशंका है।




**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुम्भ :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**मीन :** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797


धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# नये भारत का अमृतकाल

***विकसित भारत का बेस बनाया संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड : शाह। मोदी का नेतृत्व अकल्पनीय- अद्वितीय- जेपी नड्डा। रक्षा मंत्री बोले- मोदी के नेतृत्व में भारत का अभूतपूर्व विकास।***



**अविनाश ठाकुर**
(संपादक)

### देश की आत्मा सबसे ऊपर

**नयी दिल्ली** में 11 जून को आयोजित झारखंड, बिहार व अन्य राज्यों के संपादकों/ पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने अपने इन 11 साल के सफर में विकसित भारत के 4 स्तम्भ तय किये, जिनमें गरीब, युवा, किसान और महिला शामिल हैं। इन्हीं चार स्तंभों को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने इन योजनाओं की शुरूआत की। देश की आत्मा यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा। बिजली, पानी, शौचालय, सैनेटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधाएं अब सिर्फ आंकड़े नहीं हैं बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन गयीं। 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, मुद्रा योजना, 112 आकांक्षी जिलों में विकास, आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया ये सब उसी नई सोच का हिस्सा हैं जिसने सिस्टम को सेवा में बदला।

किसान और नारी शक्ति , देश की सुरक्षा और विदेश नीति, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर व हेल्थ केयर का विकास, इज ऑफ लिविंग सहित कई योजनाओं ने देश के लोगों को विकास की नयी दिशा दी। पीएम मोदी के नेतृत्व ने देश की राजनीति, राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया।

### राजनीतिक संस्कृति बदल दी

पहले जहां समाज को बांटकर राजनीतिक कुर्सी बचाना आम बात थी, अव वैसा नहीं रहा। अब देश की राजनीतिक संस्कृति बदल गयी। राजनीति, उत्तरदायी और जवाबदेह सरकार, साथ ही रिपोर्ट कार्ड की राजनीति, यानी सरकार जवाबदेह। अब जो भी काम होता है, वह जनता के सामने है। यह एक ऐसी सरकार है जो आर्थिक अनुशासन लाती है।

11 वर्षों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी गयी। पिछली सरकारें जहां भ्रष्टाचार और नकारात्मकता की भावना से भरी थी, वहीं मोदी सरकार ने नकारात्मकता को आशावाद में बदल दिया और यही कारण है कि लोग गर्व से कहते हैं, 'मोदी है तो मुमकिन है।

**आर्थिक प्रदर्शनः** भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। मई 2025: नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम के अनुसार भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। भारत की जीडीपी 2024-25 की चौथी तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ी, जिससे वित्त वर्ष 2025 में 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि अमेरिका के टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताओं सहित कई गंभीर वैश्विक चुनौतियां थी। इसी क्रम में भारत-ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया। जीएसटी लॉन्च होने के बाद से सबसे अधिक टैक्स कलेक्शन भी हुआ। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा। मोदी काल में देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।


### राजनीतिक मोर्चा

दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में एनडीए को प्रभावशाली जीत मिली। हरियाणा में अक्टूबर में हुए चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी। इस प्रकार 27 वर्षों के बाद केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की। इसी तरह एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक सदन लोकसभा में पेश किया। चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव संसद ने पारित किया।मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया गया। 06 जून को पीएम्र मोदी ने जम्मू- कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया। मोदी सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लाया गया जो 21 जून से लागू किया, इसमें परीक्षा में अनियमितताओं में शामिल लोगों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। तीन नये आपराधिक कानून लागू किये गये, जिसने पहले के आपराधिक कानूनों - भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली।


दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में एनडीए को प्रभावशाली जीत मिली। हरियाणा में अक्टूबर में हुए चुनाव में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी। इस प्रकार 27 वर्षों के बाद केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की। इसी तरह एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक सदन लोकसभा में पेश किया। चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव संसद ने पारित किया।मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया गया। 06 जून को पीएम्र मोदी ने जम्मू- कश्मीर की अपनी यात्रा के दौरान दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज, चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया।


**सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास :** पीएम मोदी की नीतियों में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण की परिकल्पना है। सभी के स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए आयुष्मान भारत अभियान शुरू किया गया। इसमें 9 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त इलाज मिला है। सत्तर साल से ऊपर के लोगों को भी मुफ्त इलाज मिला है। 16 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्रों से सस्ती और अच्छी दवाएं उपलब्ध करायी गयी। कोरोना काल में देशवासियों को आपदा में अवसर का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया और देशवासियों को स्वदेशी मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करायी। **(समाप्त)**

# पंचायतों को बनायें सशक्त, जवाबदेह और प्रभावशाली



**- कविता साहू**


सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के अनेक उद्देश्य हैं जैसे मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी में कमी आए और आजीविका के साथ विकास और समृद्धि हो। सभी विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महिलाओं की समान पहुंच सुनिश्चित हो। संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम और उपचार के अलावा वृद्धावस्था देखभाल बच्चों और महिलाओं का पोषण मानसिक स्वास्थ्य और दिव्यांगता से संबंधित मुद्दे को स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर का प्रावधान कराना है। महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण प्रदान करना है ।


**स्थाई** समितियां :भारतीय लोकतंत्र में 73वा संविधान संशोधन अधिनियम स्थानीय स्वशासन को सशक्त और वैधानिक दर्जा देने वाला एक ऐतिहासिक कदम था। यह अधिनियम 24 अप्रैल 1993 से लागू हुआ। इस अधिनियम के जरिए भारतीय संविधान में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला। भारत में ग्राम स्वराज की स्थापना की दिशा में 73 व संविधान संशोधन एक क्रांतिकारी कदम माना जाता है। पहली बार पंचायत को संविधान में एक स्थाई संस्था के रूप में दर्जा दिया गया। संविधान के भाग 9 के शीर्षक ,₹द पंचायत,₹में अनुच्छेद 243 से 243 ₹ओ ₹जोड़ा गया। ग्रामीण भारत में भाग 9 ग्रामीण भारत में पंचायती राज और स्थानीय स्वशासन के लिए संवैधानिक ढांचा प्रदान करता है। संविधान संविधान के 243 जी के अनुसार राज्य कानून के द्वारा पंचायत को ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करते हैं जो उन्हें स्वायत शासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने में आवश्यक हों । पंचायतों की त्रि स्तरीय संरचना ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद में लागू हुई। पंचायत में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को सीटों का आरक्षण प्राप्त हुआ। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत को न केवल कानूनी पहचान मिली बल्कि उन्हें जिम्मेदारी और अधिकार भी मिले कि वह अपने क्षेत्र का विकास स्वयं तय कर सके। 73वें संविधान संशोधन का उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देना था। 73वें संविधान संशोधन ने झारखंड को स्वशासी स्वावलंबी, संपन्न, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए एक नया द्वारा खोला। राज्य में जनतंत्र की जड़े मजबूत करने के लिए झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई। राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं गैर अनुसूचित क्षेत्र की सामाजिक जरूरत को पूरा करने के लिए झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 एवं झारखंड पंचायत निर्वाचन नियमावली 2001 लाया गया। झारखंड में सामाजिक समता,सांस्कृतिक पुनर्जागरण ,आर्थिक समृद्धि और पारस्परिक सद्भाव के एक नए युग का शुरूआत हुई। झारखंड में पंचायत को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर लाने के लिए संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन की शक्तियां एवं दायित्व दिए गए हैं।

भारत सरकार ने सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीय स्वशासन के साथ स्थानीयकरण किया। और प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 17 सतत विकास लक्ष्य को 9 थीम के रूप में लाने की पहल की। पंचायतों द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के स्थाईकरण के 9 निम्न प्रक्षेत्र हैं। जैसे गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव,बाल मैत्री पंचायत,गांव में समान लैंगिक विकास,स्वच्छ और हरित पंचायत , जल की प्रचुरता वाला गांव, स्वास्थ्य गांव ,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव ,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव और सुशासन वाला गांव। इन स्थानीय लक्ष्यों की प्राप्ति से कौशल, प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास और रोजगार के माध्यम से आय सृजन की संभावना है ताकि एक गरीबी मुक्त पंचायत सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के अनेक उद्देश्य हैं जैसे मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी में कमी आए और आजीविका के साथ विकास और समृद्धि हो। सभी विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में महिलाओं की समान पहुंच सुनिश्चित हो। संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम और उपचार के अलावा वृद्धावस्था देखभाल बच्चों और महिलाओं का पोषण मानसिक स्वास्थ्य और दिव्यांगता से संबंधित मुद्दे को स्वास्थ्य सुविधाओं के अवसर का प्रावधान कराना है। महिलाओं और बच्चियों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण प्रदान करना है ।समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है ।स्कूलों और स्वास्थ्य केदो में गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करना है। आधुनिक कृषि और जल उपयोग प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। विकास की गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बाल सभा का आयोजन करना है। वनों , जल निकायों और पवित्र उपवनों में प्राकृतिक संसाधनों का समुदाय आधारित प्रबंध करना है। आंगनबाड़ी केदो एवं स्कूलों में पौष्टिक वाटिका का निर्माण करना है साथी समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित करना है। बाल श्रम बाल विवाह बाल तस्करी के मामलों में कमी लाना स्कूलों में सुरक्षित पेयजल और हाथ धोने की इकाई सुनिश्चित करना, ग्राम पंचायत परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों के शौचालय शौचालय का रखरखाव, जल निकायों की सुरक्षा, पेयजल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे का संचालन, उत्तरदाई, समावेशी और सहभागी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा को सुदृढ़ बनाना है। गरीबों, बेसहारा, कमजोर लोगों की पहचान के लिए मानदंड विकसित करना और पीडीएस में पंजीकरण की सुविधा बढ़ाना आदि। इन लक्ष्यों के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सात स्थाई समितियां गठित करने का प्रावधान है। यह साथ समितियां ग्राम पंचायत के नियंत्रण के अधीन होती हैं। सामान्य प्रशासन समिति विकास समिति महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति ग्राम रक्षा समिति सार्वजनिक संपदा समीति अधो संरचना समिति के द्वारा ग्राम पंचायत अपने कार्यों तथा कर्तव्य का निर्वहन अपने पंचायत के निर्वाचित सदस्यों द्वारा करा सकती है। इन समितियां के माध्यम से पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय स्वशासन आवश्यकता आधारित योजनाएं लाभुकों का चयन किया जा सकता है। विगत कुछ वर्षों से सरकार के पंचायती राज विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले में इन समितियों के निर्वाचित वार्ड सदस्यों ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण, उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व की अच्छी समझ बनाने के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर लगातार आयोजित किए गए। परंतु यहां विचार करने का यह विषय है कि पंचायतों में क्या यह समितियां अपनी जिम्मेवारी पूरी तरह से निर्वहन कर पा रही हैं। झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांव के विकास और स्थानीय शासन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ये समितियां हर पंचायत में मौजूद हैं। अधिकतर पंचायतों में ये समितियां क्रियाशील भी हैं। पर जमीनी हकीकत यह भी है कि इन समितियों के प्रशिक्षण और एक्पोजर करने पर भी कागजों में सीमित रह गई हैं। अधिकतर पंचायतों में इन समितियां की मासिक बैठक के नियमित नहीं होती हैं।

समितियां में शामिल निर्वाचित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों और भूमिका का ज्ञान नहीं है। समिति को किन योजनाओं में भागीदारी करनी है, जमीनी समस्याओं का समाधान खोजना है, मनरेगा का फंड है या 15वां वित्त का इसकी स्पष्ट नहीं है। कई बार तो उन्हें अपने अधिकार की भी जानकारी नहीं है। समितियां के सदस्यों का चुनाव केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। प्रभावशाली लोगों के हस्तक्षेप से काम के दबाव कम हो जाते हैं। सदस्यों में पंचायत के कार्य प्रणाली को भी लेकर, अन्य योजनाओं की समितियां के साथ अभिसरण, ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में विभिन्न संस्थाओं, हिट धारकों के माध्यम से समन्वय और अभिसरण, झारखंड राज्य आजीविका मिशन एवं अन्य विभागीय द्वारा निर्मित स्वयं सहायता समूह, युवाओं , किसानों के समूह के मध्य अभिसरण की उदासीनता स्पष्ट झलकती है। पंचायत के विकास के लिए , सूचनाओं के आदान-प्रदान,पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पोर्टल और ऐप बनाए गए। इन अप पर हर समिति की बैठक की कार्यवाही, ग्राम सभा के बैठक की कार्यवाही, सालाना कार्य योजना एवं उनका क्रियान्वयन पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऑनलाइन अपलोड किया जाता है। कई पंचायत की ये समितियां अच्छे ढंग से कार्य कर रही हैं। पर कई समितियां को इन अप की जानकारी नहीं है। पर क्या यह केवल सरकार की जिम्मेवारी है की इन समितियां को क्रियाशील बनाएं। हम यह भी समझ सकते हैं की पंचायत स्तरीय समितियां केवल प्रशासनिक इकाई ना होकर समाज सेवा और भावनात्मक लगाव की भावना से भी प्रेरित हो सकते हैं। योगदान गांव के बच्चों की शिक्षा, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की सेवा, किशोरियों की सुरक्षा, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए गर्व का अवसर भी प्राप्त होगा।

## लेटर टू एडिटर

### संस्कारों की अनदेखी

हाल ही में हिसार में एक छात्र ने अपने सहपाठी से प्रतिशोध के लिए अपने सेना से सेवानिवृत्त दादा के हथियार से उसकी हत्या कर दी। यह चिंताजनक है कि बच्चों में आपराधिक सोच और हिंसा कैसे प्रवेश कर गई। इसके पीछे पारिवारिक कलह, समाज में बढ़ती असहनशीलता, मादक पदार्थों का सेवन, फिल्मों और वेब सीरीज का दुष्प्रभाव जैसे कारण हैं। समाधान परिवार और स्कूल से शुरू हो सकता है–संयम, संवाद, और कानून का डर जरूरी है ताकि बच्चे सही दिशा में बढ़ें।

**- कौशल, रांची**

### मूल्यों का समावेश हो

आज किशोरों में उग्रता और हिंसा की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसका समाधान घर से शुरू होता है–माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें और उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें, विशेषकर मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर। विद्यालयों में शिक्षा के साथ मानव मूल्यों का समावेश हो और उन्हें अपने इतिहास व संस्कृति से जोड़ा जाए। मीडिया को भी हिंसक और भड़काऊ सामग्री से बचना चाहिए। **- सुदर्शन, जमशेदपुर**

### सकारात्मक संवाद

आज के बच्चे इंटरनेट, फिल्मों और सोशल मीडिया से गहराई से प्रभावित हो रहे हैं। जो वे देख रहे हैं, वही उनका व्यवहार बनता जा रहा है। माता-पिता की अनदेखी और स्कूलों में गलत संगत भी बच्चों को भटका रही है। सही परवरिश, नैतिक शिक्षा और सकारात्मक संवाद से उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। स्कूलों में योग, मेडिटेशन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज जैसी गतिविधियां शामिल कर बच्चों के मन को शांत और स्वभाव को संयमित बनाना जरूरी है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

# हजारीबाग-रामगढ़ में बिजली संकट को लेकर फूटा जनाक्रोश

## सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में बिजली कार्यालय के बाहर महाधरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग और रामगढ़ में भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से परेशान जनता ने आखिरकार सड़कों पर उतर कर विरोध जताया। सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हजारों लोगों ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर महाधरना दिया। प्रदर्शन में भाजपा विधायक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। धरना करीब साढ़े पांच घंटे तक चला। बिजली आपूर्ति में अव्यवस्था, अधिकारियों की लापरवाही और राज्य सरकार की विफलता को लेकर जमकर नारेबाजी हुई। धरने के दौरान जब लोगों का आक्रोश बढ़ता गया, तब बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और सांसद तथा विधायकों से वार्ता की। सांसद ने मांग की कि जब तक लिखित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल करने का भरोसा नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अंततः बिजली विभाग के महाप्रबंधक ने पत्र देकर तत्काल बिजली आपूर्ति सुधारने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। मनीष जायसवाल ने चेतावनी दी कि यदि आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो मंत्री और अधिकारियों के बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे और राज्यव्यापी जनआंदोलन होगा। बरही, बड़कागांव और सदर विधायक ने भी आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी। नेताओं ने कहा कि बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो कोयला ढुलाई और सरकारी कार्य ठप कर दिए जाएंगे। इस धरने में हजारों आम नागरिकों समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।



सांसद व अन्य

## स्पीड न्यूज

### कुवैत में विष्णुगढ़ के श्रमिक की मौत से गांव में पसरा मातम, शव लाने की उठी मांग


मृतक की फाइल फोटो

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बंदखारो गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। गांव के 38 वर्षीय रामेश्वर महतो, जो बीते 10 वर्षों से कुवैत की इंको कंपनी में कार्यरत थे, उनकी 15 जून की रात करीब 8-9 बजे अचानक मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार, रामेश्वर का रक्तचाप अचानक अत्यधिक बढ़ गया, जिससे उनकी जान चली गई। रामेश्वर महतो प्रवास के दौरान समय-समय पर अपने गांव आया करते थे। उनकी असमय मृत्यु की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी प्रमिला देवी, 18 वर्षीय पुत्र किशोर कुमार और 13 वर्षीय कुलदीप कुमार के साथ वृद्ध मां डलवा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को भारत लाने की प्रक्रिया को लेकर गांव में हलचल मच गई है। मौके पर पहुंचे पंचायत मुखिया चेतलाल महतो और पूर्व मुखिया मुनीलाल महतो ने इंको कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है। चेतलाल महतो ने यह भी कहा कि वे विदेश मंत्रालय से शव भारत लाने में हर संभव मदद करेंगे। घटना की सूचना पर समाजसेवी नारायण महतो, दौलत महतो समेत कई ग्रामीण मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे। गांव में शोक की लहर है, और सभी की जुबान पर एक ही सवाल है, रामेश्वर का शव कब गांव लौटेगा? सरकार और प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिवार को राहत प्रदान की जाए।

### खनन विभाग की कारवाई, 2 जेसीबी एवं 9 ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया जब्त

**इचाक।** इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा टेप्सा में पूर्व से बंद पड़ी खदान से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में खान निरीक्षक अजीत कुमार चौधरी के नेतृत्व में, जिला पुलिस बल एवं ईचाक थाना पुलिस बल के अवर निरीक्षक मंगल देव उराँव के साथ संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया गया। जाँच के क्रम में यह पाया गया कि मौजा टेप्सा स्थित एक परित्यक्त खदान में अवैध रूप से पत्थर का खनन कार्य किया जा रहा था। यह अवैध खनन कार्य जे.सी.बी. मशीनों और ट्रैक्टरों की सहायता से संचालित किया जा रहा था। मौके से कुल 02 जे.सी.बी. मशीनें एवं 09 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया।

### बनाहप्पा के एड्स पीड़ितों के विद्यालय में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

**दारु।** दारू व टाटीझरिया प्रखंड़ में हाथियों के झुंड द्वारा पिछले कुछ दिनो से जमकर उत्पात मचाने व अमनारी की एक महिला को कुचलकर मार डालने के पश्चात सदर प्रखंड के बनाहप्पा में अनाथ व एड्स संक्रमित बच्चों के लिए अवस्थित विद्यालय में रविवार के रात को जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने इस विद्यालय के चारदीवारी को कई जगहों पर तोड़ डाला। चारदीवारी तोड़ने के बाद विद्यालय के बागान में घुसकर लगे फसल को नष्ट कर दिया। इस संदर्भ में विद्यायल के वार्डन सह सचिव ने पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया है,उन्होंने अपने आवेदन में हाथियों द्वारा की गई क्षति को दशार्ते हुए कहा है कि मेरे विद्यालय में अनाथ व एड्स संक्रमित बच्चों को विषम परिस्थिति में भरण पोषण किया जाता है। इस महाविद्यालय में अभी गुमला, जमशेदपुर, गिरिडीह, धनबाद, कोडरमा, गढ़वा, हजारीबाग, और बिहार के कई जिलों के 200 से अधिक एड्स. संक्रमित छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है।वार्डन ने क्षतिपुर्ति हेतु मुवाअजे की मांग की है ताकि विद्यायल को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

### भुरकुण्डा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुण्डा कोलियरी विस्थापित-प्रभावित रोडसेल समिति की एक आवश्यक बैठक सोमवार को सेल सेंटर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता झरी मुण्डा एवं संचालन दर्शन गंझू ने किया। बैठक में चारो राजस्व ग्राम के दर्जनों विस्थापित व पूर्व सेल समिति के दर्जनों लोगों ने एक स्वर में कहा कि सीसीएल प्रबंधन भुरकुण्डा रोडसेल चालु करने को लेकर गंभीर नहीं है। बल्कि वह हमें बार-बार गुमराह करने का कार्य कर रही है। जबकि विस्थापित प्रभावित रोडसेल समिति लगभग सभी समस्याओं को सुलझा लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जून को पीओ कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व सभा के माध्यम से अपनी जनशक्ति से सीसीएल प्रबंधन को आगाह कराया जायेगा। यदि जून महीने से कोयला का ऑफर नहीं किया गया तो आगामी 24 जून से बलकुदरा खुली खदान का कोयला सम्प्रेषण पूरी तरह अनिश्चितकाल के लिए ठप कर दिया जाएगा। मौके पर संतोष मांझी, संजय मांझी, राणा प्रताप सिंह, विजय मुण्डा, प्रदीप मांझी, सुनिल बेदिया, अनिल एक्का, फुलेश्वर राम, कैलाश प्रसाद, अजय कुमार साहु, अभिजीत सोरेन, बागेश करमाली, जुगल पासवान, अभय मेहता, अशोक तिवारी सहिज दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

# भूमि उपलब्ध कराने में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें अधिकारी : उपायुक्त



उपायुक्त व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं तथा रोड एवं कोल खनन परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री स्तर से की जाती है, अतः इन योजनाओं के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भारतमाला परियोजना से संबंधित भूमि मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु अंचल अधिकारियों को शीघ्र बोनाफाइड सर्टिफिकेट निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जंगली हाथियों के हमलों से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षात्मक उपायों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने रोडमैप तैयार करने, सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा अन्य आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रमाण-पत्रों के निबटारे में अनावश्यक रिजेक्शन से बचने की हिदायत दी। बैठक में जुडको द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त इंद्रपुरी चौक से छडवा डैम तक की सड़क की मरम्मत कार्य एक सप्ताह में प्रारंभ करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत गोंदलपुरा प्रोजेक्ट में पीएम-अभीम योजना से निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्र के कार्य पर विमर्श करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान अनिवार्य है। पॉवर सब स्टेशन, खाद्य गोदाम, स्टेडियम, आंगनबाड़ी केंद्र आदि के लिए जमीन चिन्हित करने हेतु सभी अंचल अधिकारियों को शीघ्र प्रतिवेदन देने को कहा गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना और श्रमिकों के निबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं की गुणवत्ता की नियमित जांच करें तथा स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करें। सभी विभागों को पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने की आवश्यकता बताई गई। बैठक में डीएफओ, उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस,नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड/अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 21वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला को तीसरा स्थान

**रजरप्पा।** 14 -15 मई को झारखंड वुशू एसोसिएशन के तत्वाधान में सिल्ली के दा विलेज रिसोर्ट में 21वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें रामगढ़ जिला वुशू टीम के कुल 11वुशू खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लिया. जिसमें रजरप्पा वुशू एकेडमी के खिलाड़ी तीन गोल्ड मेडल मे क्रमशः अमन कुमार, ज्ञान गौरव और खुशी कुमारी तीन सिल्वर मेडल मे क्रमशः रानी कुमारी, सौरव कुमार, हर्ष सिंह तथा दो ब्रांच मेडल मे क्रमशः कृष सिंन्हा और प्रीति कुमारी ये सभी लोग विभिन्न किलोग्राम भार में मेडल जीत कर रामगढ़ जिला को ओवरऑल तीसरा स्थान का खिताब दिलाने में कामयाब रहा। इस जीत की खुशी पर पूरे रामगढ़ जिला में हर्ष के साथ रजरप्पा क्षेत्र में भी खुशी का लहर दौड़ रहा है। इस जीत के मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद, सीएसआर पदाधिकारी आशीष झा, समाजसेवी पीयूष चौधरी, समाजसेवी साहिल अनवर, रामगढ़ जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव सह कोच एवं राष्ट्रीय जज गौरी शंकर महतो, चितरपुर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर संज्ञा, अपेक्स स्कूल के डायरेक्टर भागीरथ महतो, श्रद्धानंद लारी के डायरेक्टर सुधीर सोनी, राष्ट्रीय खिलाड़ी गौतम सिंह बम इत्यादि ने जीत की बधाई के साथ अपनी - अपनी शुभकामनाएं दी है, तथा खिलाड़ियों को हमेशा हर संभव सहयोग करने की बात कही।

## ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

### टॉप टेन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित


शिक्षको के साथ सम्मानित विद्यार्थी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर स्थित ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर में सोमवार को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे, मां बनजारी आईटीआई के निदेशक जितेन्द्र कुमार मंडल एवं केकेसी प्लस-टू उच्च विद्यालय सयाल के प्रधानाध्यापक रुपेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुखिया आनंद दुबे ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चों ने एक बार फिर संस्था का नाम रौशन किया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं जितेन्द्र कुमार मंडल ने संस्था के संचालक कैलाश राम के परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरू के मार्ग-दर्शन में बच्चों ने यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि गुरूओं के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। प्रधानाध्यापक रूपेश विश्वकर्मा ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। समय प्रबंधन के साथ लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करें, जरूर सफल होंगे।

उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आर्शीवचन दिया। संस्था के संचालक कैलाश राम ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर से बेहतर पठन-पाठन के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। समारोह में उत्कर्ष, अनिकेत, पलवी गुप्ता, सिमरन, प्राची गुप्ता, रानी, डोली, वनसीखा, अनिशा, अस्मीत, निधि, प्रिया एवं सूरज को अतिथियों ने स्वागत किया। समारोह का आयोजन प्रेरणास्पद और सराहनीय रहा, जिसमें शिक्षा के प्रति बच्चों की लगन और शिक्षकों की मेहनत साफ झलकी। मंच संचालन निधि साहू एवं तन्नू कुमारी ने किया।

# भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में मीडिया की भूमिका अहम : बीके कोमल

## मीडिया की भूमिका पर सेमिनार का किया गया आयोजन


अतिथियों के साथ उपस्थित सम्मानित लोग


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा जमशेदपुर के मेरीन ड्राइव स्थित यूनिवर्सल पीस पैलेस रिट्रीट सेंटर में रविवार को 'श्रेष्ठ समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता बीके कोमल, मुख्य संपादक मधुबन न्यूज एवं शिव आमंत्रण समाचार पत्र (मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान) ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया समाज को नई दिशा देने वाला शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मीडियाकर्मियों के सकारात्मक और संगठित प्रयासों से आने वाले वर्षों में भारत पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था को आत्मचिंतन का ऐसा मंच बताया जो आत्मिक चेतना और शांति का संदेश पूरे विश्व में फैला रहा है। वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंजू दीदी (मुख्य प्रशासनिका कोल्हान क्षेत्र) ने कहा कि मीडियाकर्मियों को शांति और सत्य के मार्ग पर समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति जंगल में नहीं, कर्मशीलता में धैर्य, सरलता, पारदर्शिता और स्नेहपूर्ण व्यवहार से प्राप्त होती है। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने इस सम्मेलन को जीवन को संस्कारित करने वाला बताया और कहा कि आत्मा के सत्य को जाने बिना कोई भी प्रगति संभव नहीं। चमकता आईना के संपादक बृजभूषण सिंह ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य आत्म जागृति होना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को बचाने और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया। असहमति को सौंदर्य न बनाकर सुधार की परंपरा अपनाने का संदेश दिया।

दैनिक भास्कर के संपादक श्री झा ने कहा कि भारत शांति का संदेशवाहक देश है और शांति के बिना कोई भी विकास संभव नहीं। उन्होंने राजयोग अभ्यास को जरूरी बताते हुए कहा कि मीडिया विश्व में शांति स्थापना के लिए सशक्त भूमिका निभा सकता है। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर, बहरागोड़ा, चांडिल, पतरातू, घाटशिला, चाकुलिया सहित कई क्षेत्रों से लगभग 75 प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया।

सभी मीडियाकर्मियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। सम्मेलन को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी रागिनी, सुधा, सुकन्या, संजू, कोमल, प्रीती, रुबी, आरती, बीके जया, बीके रामदेव, अरुण भाई, जितेन भाई, महेश भाई, दीपेश भाई, प्रसंचित भाई, दिनेश भाई, संजय भाई, रंजीत भाई आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### दारू में वन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई

## अवैध लकड़ी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भीड़ जुटाकर पुलिस पर बनाना चाहा दबाव


दो तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में पुलिस ने वन माफियाओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में दो तस्करों को धर दबोचा। इन दोनों पर न सिर्फ जंगल से लकड़ी की चोरी का आरोप है, बल्कि पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने और भीड़ जुटाकर कानून को चुनौती देने की भी कोशिश की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करियातपुर, इचाक निवासी गुड्डू साव और राजू कुमार के रूप में हुई है। ये दोनों तीउज इलाके से पिकअप वैन पर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी लादकर निकल रहे थे। गुप्त सूचना पर पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर जब कागजात की माँग की, तो दोनों आरोपियों ने बहाना बनाकर अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर 10 से अधिक लोग इकट्ठा होकर पुलिस पर दबाव बनाने लगे। लेकिन स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दारू थाना प्रभारी शफीक खान ने तत्परता दिखाई और अतिरिक्त बल बुलाकर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। मौके से लकड़ी लदी पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया और सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाई। इस पर क्ढउ की संगठित अपराध और सरकारी कार्य में बाधा की धाराओं के साथ फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और फरार साथियों की तलाश तेज कर दी गई है। इस कार्रवाई से इलाके में लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने साफ किया है कि जंगलों की लूट किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बिजली संकट से उबल रहा दारू

## कवालू पावर हाउस पहुंची जनता, एसडीओ के आदेश के बाद बंद किया गया पावर हाउस


कवालु स्टेशन पहुंचे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** उमस भरी गर्मी और दिनभर की बिजली कटौती ने दारू प्रखंड की जनता को इस कदर झुंझला दिया कि झुमरा गांव के दर्जनों ग्रामीण अपना सब्र खो बैठे और सीधे कवालू पावर हाउस पहुंच गए। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों को उस वक्त और भी गुस्सा आया जब पावर हाउस कर्मियों ने बताया कि एसडीओ अमित कुमार के आदेश पर पावर हाउस ही बंद कर दिया गया है। इस आदेश से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि एक जिम्मेदार अधिकारी से ऐसी गैरजिम्मेदाराना बात की उम्मीद नहीं थी। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे दारू प्रखंड में बिजली की स्थिति बेहद खराब है, दिन में मुश्किल से चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। इस बदहाल व्यवस्था ने बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसान की फसल, महिलाओं की रसोई और दुकानदारों का रोजगार सब चौपट कर दिया है। झुमरा, जिनगा, तिलैया, हरली, पेटो जैसे गांवों के लोगों का कहना है कि रोजाना कई बार बिजली बिना किसी सूचना के काट दी जाती है।

## चलकुशा में बिजली संकट के खिलाफ फूटा जनता का गुस्सा


विरोध जताते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चलकुशा।** चलकुशा प्रखंड में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था से तंग आकर सोमवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चलकुशा पावर हाउस के बाहर एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो अगली बार वे धरना पर बैठने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व सलीम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सुदामा यादव, राजदेव यादव, दशरथ रजक, शमशेर आलम, फैयाज आलम, अयाज आलम और मंसूर अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने किया। प्रदर्शन के बाद जब ग्रामीणों ने पावर हाउस के कर्मियों से बात की तो कर्मचारियों ने भी बिजली आपूर्ति की समस्या स्वीकार की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र को ठीक ढंग से बिजली देने के लिए कम-से-कम 100 अंपियर की जरूरत है, जबकि फिलहाल उन्हें सिर्फ 60 अंपियर ही मिल रहा है। इस भारी अंतर के कारण ही बार-बार बिजली कटौती करनी पड़ती है और गांवों को अघोषित बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार और बिजली विभाग से मांग की है कि चलकुशा में जरूरी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, वरना आंदोलन और तेज होगा। भीषण गर्मी और उमस में बिना बिजली के रहना अब बर्दाश्त से बाहर है झ यही आवाज अब पूरे प्रखंड में गूंज रही है।

# निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

- उपायुक्त ने की विभिन्न मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना शाखा, विकास शाखा तथा सभी इंजीनियरिंग विंग के साथ-साथ सांसद, विधायक मद, अनटाइड डीएमएफटी, जिला योजना अनाबद्ध निधि एवं सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें। पूर्ण हो चुकी योजनाओं को गुणवत्ता जांच कर भुगतान प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा जो योजनाएं अभी तक प्रारंभ नहीं हुई है, उनका कार्य तत्काल शुरू करने का आदेश दिया गया। वहीं डीएमएफटी मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्राप्त राशि के अनुरूप एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएसआर एवं जिला योजना अनाबद्ध निधि के अंतर्गत पूर्ण और अपूर्ण योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई।

वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं की गुणवत्ता की जांच के उपरांत ही भुगतान किया करें।

बैठक में एसी पूनम कुजुर, डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, नगर परिषद झुमरीतिलैया व नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए : ऋतुराज

- कोडरमा में बिजली व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में डीवीसी केटीपीएस एवं बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए डीवीसी, केटीपीएस को निर्देशित किया गया कि बिजली कटौती को न्यूनतम किया जाए, विशेषकर शाम के समय। जिले में आम जनता की सुविधा के दृष्टिगत नियमित रूप से निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बिजली विभाग को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की ब्रेकडाउन स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विभाग को प्रतिदिन बिजली कटौती एवं उपलब्धता की संक्षिप्त रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की तथा गांवों के चयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीवीसी केटीपीएस एवं बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे

**कोडरमा।** भारत सरकार के शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित व निर्माणाधीन योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। वहीं संबंधित अभियंता व पदाधिकारियों ने उन्हें कार्यों की अद्यतन स्थिति, प्रगति रिपोर्ट व लाभुकों की प्रतिक्रिया से अवगत कराया। वहीं उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोडरमा, डोमचांच व जयनगर की योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें बगडो, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवर हेड टैंक, नीमाडीह ईएसआर, लोकाई व पुरनाडीह, ईएसआर तथा तिलैया डैम जलस्रोत का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने मुखिया, जल सहिया व समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों व समाधान पर चर्चा की। वहीं उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करें। मौके पर डीसी ऋतुराज ने स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

## धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से महुआ शराब बरामद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ कोडरमा की टीम ने धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस से महुआ शराब बरामद की है। हालांकि इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। वहीं इंस्पेक्टर दीपक कुमार के अनुसार उप निरीक्षक सुशील कुमार, आरक्षी धीरज कुमार व अशोक कुमार गुप्ता प्रतिबंधित सामानों पर निगरानी को लेकर गाड़ी संख्या-13305 अप में जांच कर रहे थे, इसी दौरान कोडरमा से आगे लालबाग-दिलवा रेलवे स्टेशन के बीच कोच संख्या इसी-195905 के गेट के पास से सात प्लास्टिक की बोरी में रखी 37 पैकेट देसी महुआ शराब बरामद की गयी। प्रत्येक की क्षमता करीब पांच-पांच लीटर है, कुल शराब 185 लीटर व कीमत 18500 रुपये बताई गयी। आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के अंतर्गत 19-कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के सभी एईआरओ, बीपीआरओ एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा, जियो फेंसिंग आदि से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आरईओ-19 कोडरमा एवं एसडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं उन्होंनें सभी को कई दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

## जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का सम्मेलन 21-22 को

**कोडरमा।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया में आगामी 21 एवं 22 जून को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय एवं जिला स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर जोर शोर से किया जा रहा है। इस सम्मेलन में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के चुनाव भी आहूत किया गया है। जिसमें चिकित्सा विभाग के भिन्न भिन्न संवर्ग के कर्मी उपस्थित होंगे तथा राज्य से सभी 24 जिलों के लगभग तीन सौ से अधिक प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। वहीं 21 जून को सदर अस्पताल से बजरंग बली मंदिर चौक एवं 22 जून को झंडा चौक झुमरीतिलैया से महाराणा प्रताप चौक झुमरीतिलैया तक प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। इस सम्मेलन की तैयारी में शैलेन्द्र तिवारी, विपुल कुमार, दिनेश सिंह, सुनील कुमार, कुमार गौरव, पवन कुमार, इंद्रदेव यादव, चंदन किशोर, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, राकेश सिंह, जयदेव पांडेय व अन्य लगे हैं।

## उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने रणजीत व महासचिव दिनेश



**कोडरमा।** उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से उतरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ युवा मोर्चा का अध्यक्ष कोडरमा निवासी रणजीत सिंह और महासचिव पथलडीहा सलैया निवासी दिनेश सिंह को मनोनीत किया। साथ ही पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई की दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी के नेतृत्व में ज्यादा से ज्यादा युवा महासंघ से जुड़ेंगे और जल्द ही सभी जोन में उतरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ युवा मोर्चा का भी गठन करेंगे। मनोनीत दोनों पदाधिकारियों ने बैठक में कहा कि संघ ने उनके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इस पर वह खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि संघ की मजबूती के लिए वे सभी अभिभावकगण के मार्गदर्शन में क्षेत्र का भ्रमण कर युवाओं को जोड़ने का प्रयास करेंगे। इनके मनोनयन पर उपस्थित सैकड़ो क्षत्रिय बंधुओ ने हर्ष जताया है।

## स्कार्पियो ने कार को मारी टक्कर, चालक बाल-बाल बचा

सतगावां (कोडरमा)। सीआरपीएफ कैंप के पास सोमवार दोपहर करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा बासोडीह-नवादा मुख्य मार्ग पर हुआ। कार में सवार बिहार निवासी बाबूलाल प्रसाद गावां की ओर से अपने घर लौट रहे थे। उसी दिशा से आ रही स्कार्पियो ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं आवाज सुनकर बाबूलाल प्रसाद बाहर निकले तो देखा कि स्कार्पियो भाग चुकी थी। भागते समय स्कार्पियो की नंबर प्लेट घटनास्थल पर गिर गई। बाबूलाल ने मामले की जानकारी पुलिस को देने की बात कही है।

# शहीद उमाचरण पासवान की पहली बरसी पर नम हुईं आंखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान किसानों से झड़प में देश के लिए बलिदान देने वाले सीआरपीएफ में एसआई के पद पर कार्यरत शहीद उमाचरण पासवान का प्रथम शहादत दिवस उनके पैतृक गांव प्रखंड के भखरा गांव में सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शहीद स्मारक स्थल पर हुए कार्यक्रम में शहीद उमाचरण पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि शहीद उमाचरण पासवान की शहादत पर सतगावां के साथ-साथ पूरे देश को गर्व आज भी है, ऐसे वीर सपूत को शत-शत नमन है। देश के लिए उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता है।

वहीं राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी ने कहा कि भखरा गांव सैनिको का गांव है, यहां दो जवान भारत माता का सेवा करते-करते शहीद हो गए, ऐसे गांव को नमन करता हूं, जिस गांव ने 42 जवान को राष्ट्र सेवा के लिए दिया है। वहीं शहीद उमाचरण पासवान के परिजन मान सिंह पासवान ने कहा कि शहीद उमाचरण पासवान की शहादत के एक वर्ष पूरा होने के बावजूद शहीद उमाचरण पासवान का न स्मारक स्थल बना, न विद्यालय का नामाकरण शहीद उमाचरण के नाम पर हुआ, न खेल स्टेडियम बना और न ही शहीद के नाम पर तोरण द्वार बना, जो काफी दुखद है। सरकार व जिला प्रशासन को इन बातों को गंभीरता से लेकर यह मांग शीघ्र पूरी करनी चाहिए। वहीं शहीद उमाचरण पासवान के पुत्र राजू कुमार ने श्रद्धांजलि देते हुए गांव में शहीद उमाचरण पासवान की स्मारक बनाकर प्रतिमा लगाने, साथ ही बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग किया है। उल्लेखनीय रहे कि शहीद उमाचरण पासवान वर्ष 2024 फरवरी माह में किसान आंदोलन में गंभीर रूप से घायल हो जाने से दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे करीब तीन माह जिंद्गी व मौत से झूझने के बाद 16 जून 2024 को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था।

मौके पर धनंजय यादव, रामावतार चौधरी, मनोज भगत, गौत्तम पासवान, यमुना पासवान, जितेंद्र पासवान, शिवनाथ पासवान, राजू कुमार, करण पासवान, सरयू पासवान, सतेंद्र पासवान, योगेंद्र पासवान, कल्याण पासवान, देवनारायण पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# रामलीला में लक्ष्मण को मूर्छित देख पूरे पंडाल में छाया सन्नाटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई गांव स्थित मनोकामनासिद्ध पीठ मां भगवतो मंदिर के प्रांगण में रविवार की रात रामलीला मंचन के आठवें दिन रावण-अंगद संवाद, लक्ष्मण शक्ति जैसे प्रसंगों का सफल मंचन हुआ। रामलीला मण्डली की ओर से आयोजित इस रामलीला में राम भक्तों की बहुत भीड़ देखी गई। वहीं रविवार की रात आयोजित रामलीला में मुख्य अथिति समाजसेवी रामावतार चौधरी, बालमुकुंद पाण्डेय रहे। रामलीला मंचन की शुरुआत में दिखाया जाता है कि भगवान राम के दूत बनकर हनुमान रावण के दरबार पहुंचते हैं। वह प्रभु श्रीराम के संदेश को रावण की भरी सभा में सुनाते हैं। हनुमान के निरुत्तर होने पर रावण का क्रोधित होना और साथ हीं मंचन ने मानो इतिहास को फिर से जीवंत कर दिया हो, जब सीता से हनुमान की भेंट, अक्षय वध, मेघनाद-हनुमान युद्ध, हनुमान-रावण संवाद और अंत में लंका दहन जैसे अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किए गए। इसके बाद प्रभु राम की सेना लंका पर चढ़ाई करते हैं। भयंकर युद्ध में रावण की सेना के कई योद्धा मारे जाते हैं। मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। यह दृश्य देख पूरे पंडाल में सन्नाटा छा जाता है। इससे पहले रामलीला मंचन के आठवें दिन की शुरुआत मुख्य अथिति रहे रामावतार चौधरी, प्रणव मुरारी, प्रदीप यादव, बालमुकुंद पाण्डेय की ओर से भगवान की आरती और मंत्रो उच्चारण के साथ हुई। मौके पर सुरेश कुमार, रामावतार चौधरी, प्रणव मुरारी, राहुल कुमार, बालमुकुंद पाण्डेय, मनोज सिंह, रामविलास डॉ.रंजीत कुमार, सोनू कुमार, अजय कुमार, मोहन सिंह, पवन सिंह, राजाबाबू, ओमकार सिंह, सीरी सिंह, मुरारी सिंह, प्रभाकर सिंह, आनंदी सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, कुंदन सिंह, सोनू सिंह, मंटू सिंह, सोनी पाण्डेय समेत सभी ग्रामीण मौजूद थे।

# कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने की दी गई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां।** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड सह अंचल सभागार में सोमवार को प्रखंड समाज कल्याण के तत्वावधान में एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व पोषण सखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से प्रखंड समन्वयक पप्पू कुमार यादव के साथ-साथ डॉ.टिकेश्वरनाथ, महिला पर्यवेक्षिका मीणा केसरी, रेखा कुमारी, बीटीटी पवन कुमार उपस्थित थे। वहीं उपस्थित एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया व पोषण सखी को प्रशिक्षक पप्पू कुमार यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांक के तहत कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने की कई तरकीब बताया गया। जिसमें नाटा, अल्प वजन के बच्चे, कुपोषित बच्चे को चिन्हित करने की जानकारी दी गई, जबकि कुपोषित बच्चों को पौस्टिक आहार, स्तनपान, अल्प वजन के बच्चों को वजन करना सहित अन्य पोषण स्तर की जांच करने की जानकारी भी दिया गया। वहीं बताया गया कि पोषण व स्वच्छता के आपसी संबंध को बनाते हुए एएनम, पोषण सखी, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया अपने अपने कार्य का दायित्व का निर्वाह करेंगे। मौके पर पुष्पा कश्यप, कुमारी रंजना, अनुपम कुमारी, आशा कुमारी, सुधा कुमारी, बिंदुवती देवी, प्रीतिबाला कुमारी, सुनीता कुमारी, बबी कुमारी, तेजनी देवी, एतवरिया देवी, सेविका मीना देबी, रूबी देवी, विणु कुमारी, सुनीता अग्रवाल, संगीता कुमारी, काजल कुमारी, मायावती कुमारी, बिंदु कुमारी, देववंती कुमारी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### चतरा सांसद ने दो अग्निवीरों को किया सम्मानित, बताया देश का गौरव



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को हंटरगंज पहुंचे। जहां कौलेश्वरी स्टेडियम परिसर हंटरगंज में जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट एंड डिफेंस एकेडमी' द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद ने राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। सांसद ने जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट एंड डिफेंस एकेडमी डायरेक्टर दीपक की देखरेख में तैयारी कर अग्निवीर के लिए चयनित हुए दो युवाओं आकाश और शुभम को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने दोनों युवाओं को तन मन से देश सेवा करने को कहा। साथ ही क्षेत्र के युवाओं को भारतीय सेना व अन्य सैन्य बलों के लिए प्रशिक्षित कर रहे दीपक के कार्यों की सराहना की। कहा आज बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो निस्वार्थ भाव सेवा करते हैं। उन्हीं में से दीपक भी एक हैं। इसके अलावा भी कई वक्ताओं ने सभा को संबोधित कर दोनों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में अकादमी के संचालक दीपक कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ युगल सिंह, डिग्री कॉलेज के प्रचार्य प्रो. जैनेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि रोशन कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान, ललन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रणविजय सिंह, प्रो. फखरुद्दीन अंसारी, गोपाल सिंह, विनय सिंह के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

### एसडीओ व बीडीओ ने आयुष्मान शिविर का किया निरीक्षण



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के जबड़ा और जिरवाखुर्द पंचायत भवन में निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर लगाया गया। शिविर का सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए और आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया। मालूम हो कि चतरा उपायुक्त की जनता दरबार में आयुष्मान कार्ड नहीं होने से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त होते रहते हैं। राशन कार्ड नहीं रहने एवं राशन कार्ड मे त्रुटि होने के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने में परेशानी होती है। इस बाबत उपायुक्त के द्वारा जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त के द्वारा शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने, राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने समेत अन्य तरह की सुधार करने का निर्देशित किया गया है। साथ ही धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत स्किल सेल (एनीमिया) हेतु भी आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिविर के साथ शामिल किया गया है। इस निमित सिमरिया प्रखंड के सभी 17 पंचायतों में शिविर लगाने की तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें 16 जून को जिरवाखुर्द एवं जबड़ा, 17 जून को कसारी एवं सेरनदाग, 18 जून को बगरा एवं जांगी, 19 जून को सबानो एवं बन्हें, 20 जून को बानासाड़ी एवं पगार, 21 जून को डाड़ी एवं पुण्डरा, 23 जून को एदला एवं हुरनाली, 24 जून को पीरी एवं ईचाक, 25 जून को चोपे पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया जाना है। सोमवार को जिरवाखूर्द एवं जबड़ा पंचायत भवन में शिविर लगाया गया।

### नावाडीह पंचायत भवन में शिविर आयोजित

**पत्थलगड्डा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का नेतृत्व नावाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया मेघन दांगी ने किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगड़ा अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उदल राम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य राम सेवक दांगी उपस्थित थे। शिविर में 39 लाभार्थियों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया, 25 राशन धारी ने अपने राशन कार्ड में परिवारों का नाम जुड़वाया। 64 लोगों की एनीमियां जांच हुई, जिसमें एक पॉजिटिव पाया गया। वहीं 88 लोगों की बीपी, ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि बीमारियों की जांच हुई। शिविर में सर्वर डाउन होने के कारण 100 आवेदन का निष्पादन नहीं हो पाया। शिविर में डॉक्टर अजहर, बरवाडीह पंचायत सचिव मो. असलम, सिंघानी पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, नवाडीह पंचायत सचिव, चंद्रकांत कुमार के अलावे स्वास्थ्य विभाग की टीम, जलसहिया, सेविका एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### एक किलो 900 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत कुब्बा ग्राम निवासी लालदेव यादव के पुत्र प्रदीप यादव एक किलो 900 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार हुआ। चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खरीद-बिक्री की जा रही है। जिसे लेकर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार ने छापामारी टीम गठित कर संतोषी मंदिर के समीप वाहन चेकिंग किया। इस दौरान एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में एक किलो 900 ग्राम अवैध अफीम के साथ प्रदीप यादव पकड़ा गया। इसमें पत्थलगड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया। वहीं एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्त प्रदीप यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने अवैध तस्करों को मुख्यधारा में आने की बात कही है अन्यथा किसी भी स्थिति में अवैध तस्करों को नहीं बख्शा जाएगा।

### 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गिद्धौर से पहरा जाने के रास्ते में महुआ पेड़ के समीप से 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। यह घटना सोमवार की है। गिरफ्तार युवकों के नाम सुरेश दांगी का पुत्र कुंदन कुमार एवं कलीम अंसारी का पुत्र इरफान अंसारी दोनों गिद्धौर गांव निवासी हैं। युवकों के पास से दो स्मार्टफोन, एक अपाची मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। इस कार्य में थाना प्रभारी कुमार गौतम के साथ थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### सोलर प्लेट चोरी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

कुंदा (चतरा)। थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के काशीलौंग गांव से सोलर प्लेट चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति काशीलौंग गांव के महेंद्र भारती का पुत्र जीतू कुमार है। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि सोलर प्लेट चोरी के मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया था। जिसके आधार पर लगातार जांच पड़ताल की जा रही थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि जीतू कुमार सोलर प्लेट चोरी कर अपने घर में छुपा कर रखा है। जब तलाशी ली गयी तो जीतू कुमार के घर से सोलर प्लेट बरामद किया गया और जीतू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य अभियुक्तों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### मवेशी को बाइक ने मारी टक्कर, चालक गंभीर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भखरा अजीत होटल के समीप एक बाइक सवार युवक ने मवेशी को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बासोडीह पंचायत के मोदीडीह गांव का रहने वाला है। वह सुबह गोविंदपुर से अपने घर बासोडीह लौट रहा था, तभी भखरा में अजीत होटल के समीप सड़क के बीच खड़े मवेशी से उसकी बाइक की टक्कर हो गई।

# झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब





- पूरे सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई
- झामुमो नेताओं, विधायक, एसडीओ, डीएसपी, सीओ समेत विभिन्न दलों के नेता रहे मौजूद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य सह झारखण्ड आंदोलनकारी गोपाल यादव के अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान नम आंखों से स्व. गोपाल यादव को अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार में झामुमो नेताओं, कोडरमा विधायक, एसडीओ, डीएसपी, सीओ समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने जमकर स्व. गोपाल यादव अमर रहे के नारे भी लगाए। ज्ञात हो कि गोपाल यादव हैदराबाद में इलाज करवा रहे थे, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इधर झारखंड आंदोलनकारी और झामुमो नेता का पार्थिक शरीर जैसे ही उनके निवास स्थान इंदरवा पहुंचा, लोगों का हुजूम उनके निवास स्थान पहुंच गया। इधर सोमवार को गाजे-बाजे व पूरे सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गयी। इस दौरान जिला प्रशासन के एसडीओ रिया सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, सीईओ कोडरमा हलदर सेठी व कोडरमा पुलिस के जवानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर कमल नयन सिंह, प्रणव वर्मा, वीरेंद्र पांडे, पवन माइकल कुजूर, गंगा यादव, संजय पांडे, इस्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता, रामेश्वर मुर्मू, संजय साजन, रविंद्र शांडिल्य, अशोक कुमार, संजय यादव, श्यामदेव यादव, छोटू यादव, गुड़िया देवी, मो.सद्दाम, मो.नौशाद, मो. खलील, दिवाकर तिवारी, दिलीप गुप्ता, बसंत पासवान, अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह प्रदीप चौधरी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं इनके अलावे कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव समेत कई दलों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चेक बाउंस के आरोपी सुरेंद्र राम को मिली सजा

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड निवासी सुरेंद्र राम को चेक बाउंस मामले में न्यायालय द्वारा दोषी पाते हुए दो लाख दस हजार रुपये के चेक का भुगतान परिवादी को करने तथा 15 हजार रुपये बतौर जुर्माना एवं रुपया भुगतान नहीं करने की स्थिति में 6 माह का कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं बताया जाता है कि सोमवार को न्यायालय में सुश्री शिवांगी प्रिया जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास न्यायालय द्वारा परिवाद पत्र संख्या 1387/2018 के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कुमार राम को चेक बाउंस के मामले में दोषी पाया गया है। वहीं न्यायालय ने दोषी पाते हुए अभियुक्त को परिवादी के पक्ष में 45 दिनों के भीतर दो लाख पचीस हजार रुपये भुगतान करने का निर्देश दिया है। यदि अभियुक्त निर्धारित तिथि के भीतर रुपया का भुगतान नहीं करेंगे तो 6 माह की अतिरिक्त सजा सुनायी गयी, जहां दोनों सजा साथ साथ चलेगी। वहीं बचाव पक्ष की ओर से सुधीर सिंह ने अपनी दलीले पेश की, वहीं अधिवक्ता कुमार रोशन के द्वारा न्यायालय के समक्ष अपनी सबूत व दलीले पेश की गई, जिससे सहमत होते हुए न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

# उपायुक्त ने की जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा

- पोषण ट्रैकर के सारे इंडिकेटर्स में सुधार करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से शत प्रतिशत लाभुकों का फेशियल रिकॉग्निशन, ई केवाईसी, पोषण ट्रैकर ऐप के अनुसार उपस्थित बच्चों का पूरक पोषाहार वितरण, बच्चों के बीच एचसीएम और स्नैक्स खाते हुए जिओ टैग फोटो, ग्रोथ मॉनिटरिंग को शत प्रतिशत अगले माह से पूरा करने, गृह भ्रमण, एमटीसी ऑक्युपेंसी, 18-19 वर्ष की सावित्री बाई फुले का आवेदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लक्ष्य, शत प्रतिशत सेविका सहायिका एवं पोषण सखी का आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रत्येक माह सीडीपीओ के द्वारा 5 तथा महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा 15 आंगनबाड़ी के साथ 10 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस विभिन्न पंचायत में भ्रमण करते हुए जिओ टैग फोटोग्राफ्स के साथ शेयर करने, नेटवर्क विहीन वाले क्षेत्र में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का चिन्हितीकरण कर प्रतिवेदन देने, आंगनबाड़ी केंद्रों के संपूर्ण मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण का प्रतिवेदन के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी केंद्रों से पूरक पोषाहार का अभिश्रव एवं सेविका, सहायिका एवं पोषण सखी का अनुपस्थिति विवरणी जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने की बात कही गई। पोषण ट्रैकर के सारे इंडिकेटर्स में प्रत्येक माह चतरा जिला का रैंकिंग राज्य में एक से पांचवें स्थान पर प्रदर्शन हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में डीडीसी अमरेंद्र सिन्हा, डीएसडब्लूओ रीना साहू, शंभू बड़ाईक, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, समर अभियान चतरा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा एवं जिला के सभी महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित हुए।

## स्पीड न्यूज

### गुमला के 19 नव आंगनबाड़ी केंद्रों को उपकरण का किया गया वितरण



गुमला। डीसी प्रेरणा दीक्षित के द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में गुमला जिला क्षेत्र में संचालित 19 नव आंगनबाड़ी केंद्रों में शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से इंफेंटोमीटर, स्टैडियो मीटर एवं वजन मापने की मशीनों का वितरण किया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि गुमला जिला में 19 नव आंगनवाड़ी केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए इन उपकरणों को प्रदान किया गया। जिससे कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके। इन उपकरणों का उपयोग कर बच्चों की शिक्षा के साथ स्वास्थ्य जांच आदि करने में सहायता मिलेगी। पोषण अभियान अंतर्गत जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृद्धि निगरानी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें स्टेडियोमीटर इंफेंटोमीटर एवं वजन मशीन मुख्य हैं। इस दौरान डीसी ने सभी सेविका सहायिका को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर ऐप पर फोटो सही तरीके से अपलोड करें। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र संख्या, बच्चों की संख्या, सेविका सहायिका की उपस्थिति अंकित हो। फोटो में स्पष्ट रूप से बच्चे खेलते, पढ़ते और भोजन करते हुए नजर आएं। इस दौरान डीडीसी दिलेश्वर ने महतो, समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सेविका सहायिका एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पाकर कोना गांव में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के बरडीहा पंचायत के पाकर कोना गांव में सोमवार को मादक पदार्थों की रोकथाम और जागरूकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य खतरों और सामाजिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुखिया ईश्वर खेस, सुपरवाइजर अंजली वर्मा, प्रज्ञा केंद्र संचालक अजय मुंडा और स्वास्थ्यकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की शपथ ली। सुपरवाइजर अंजली वर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिबंधित पान मसाला, खैनी, शराब और अन्य मादक द्रव्यों का उपयोग कई प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां पैदा कर सकता है। जैसे कि पागलपन, अवसाद और आक्रामकता। मुखिया ईश्वर खेस ने भी ग्रामीणों से नशापान से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए नशा मुक्त होना अत्यंत आवश्यक है।

### सांता पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने बुके देकर एसपी का किया स्वागत



गुमला। सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला के प्रबंधन समिति ने पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां से मुलाकात की। विद्यालय के निदेशक हेमंत कुमार ने पुलिस अधीक्षक को बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर हेमंत कुमार ने कहा कि गुमला पिछड़ा जिला है और निश्चित रूप से आपसे गुमला जिले वासियों को काफी उम्मीदें हैं। आपके नेतृत्व में गुमला जिला नई ऊंचाइयों में पहुंचेगा। आपसे गुमला की जनता को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से जिले में नशामुक्ति और जिले में हो रहे अपराध को नियंत्रण करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने गुमला के भौगोलिक स्थिति और दूरस्थ क्षेत्रों की जानकारी ली। साथ ही भरोसा दिया कि सभी के सहयोग से गुमला को नशामुक्त और अपराध नियंत्रण किया जाएगा। मौके पर प्रबंधन समिति के सुनिल राय उपस्थित थे।

### कारा एवं सड़क सुरक्षा की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक संपन्न

गुमला। समाहरणालय सभागार में डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में कारा और सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, डीसी एलआर गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कारा प्रबंधन की विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही निमार्णाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उनके समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कारा परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से 8 वॉच टावर, वॉकी-टॉकी, बाइनाकुलर, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य उपकरणों की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा में डीसी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया। डीसी ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

### दीरगांव में जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न



घाघरा। दीरगांव पंचायत सचिवालय में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चल रहे जन भागीदारी अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास को लेकर सरकार के कई योजना की जानकारी दी गई। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि उक्त अभियान के निमित्त सभी पंचायत में कार्यक्रम की जाएगी। आप सभी ग्रामीण अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर सरकार के योजनाओं से लाभान्वित हो।

## मैं जनता का सेवक हूं सभी प्रखंडों तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान करूंगा : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव सोमवार को प्रखंड मुख्यालय भण्डरा व विधायक कार्यालय बरवाटोली लोहरदगा पहुंच पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम जनता से रूबरू हुए। इस क्रम में ग्रामीणों ने समस्याओं का लिखित आवेदन दिया। जिसपर विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने संबंधित पदाधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा, मैं जनता का सेवक हूं और हर प्रखंड मुख्यालय पर पहुंचकर जनता की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मौके पर ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सहादत हुसैन, शामूल, अनीश अहमद, सदरुल, जुगल भगत, तनवीर गौहर, यूनुस, विशाल, एनुल, असलम, संजय नायक, इकरामूल, हरिदास उरांव, शशिकांत उरांव, नसीम, विजय उरांव, संजू तुरी, राधा देवी, हसबुल खान, मुनीम, जमील, तसलीम, काले, जफर इमाम, दया, सहजहा, समरूदीन, लालू, चन्द्र उरांव, गर्भु उरांव, अंसार अहमद, मोईन खान, इलियास, शुक्रा प्रधान, अल्ताफ, ब्रजेश साहू, दानिस अली, रंजित नायक, आशीष, नेसार, जियाउद्दीन, सलाउदीन, मोजाहिर, गंगा, समीम, खुर्सिद, वली अहमद, महमूद मिरदाहा, ईब्राज, जमील मिरदाहा, इसहाक मिरदाहा, राजा, इमरोज, फारूख हुसैन, अफताब, राजेश लाल, गुलाम, सुशील, बुद्धन, जसीम, सफीयुल्लाह, आदिल, सफीक, रामभंडारी, नकुल, विरेंदर, रियाज अंसारी, दिनेश भगत, रसीद, कबीर, मुहम्मद, इकबाल, साद गौहर, कमरुल, रफीक, बुधराम, नईम, नारायण, सरिता देवी, अमृता भगत, सुशीला, अमृत भगत, संगीता, पुनीता, सूचिता, सैमुअल, प्रकाश, सुमित, सत्यनारायण, सकीम, चंदरमणि, अमानत आदि उपस्थित थे।

## मजदूरों के हर सुख दुख में इंटक यूनियन मजदूरों के साथ खड़ा है : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



सेन्हा। प्रखंड के मुर्गी कुम्बा टोली के रहने वाले 36 वर्षीय रमेश उरांव पिता स्वर्गीय गोदेया उरांव शुक्रवार को काम करने के लिए ट्रेन से तमिलनाडु के लिए रवाना हुए थे। रविवार को पेरमबुर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरने से उनकी मृत्यु हो गई। इस बात की जानकारी सेन्हा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि नंदू शुक्ला ने लोहरदगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू को दिया। जानकारी मिलते ही आलोक साहू सोमवार को मुरकी कुम्बाटोली पहुंचकर मृतक के पत्नी शिवानी उरांव एवं परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में इंटक यूनियन आपके साथ है। इंटक हमेशा मजदूरों के सुख-दुख में खड़ा रहता है। मृतक के परिजनों ने साहू से तमिलनाडु से शव लाने के लिए आर्थिक सहयोग दिलाने की मांग किये। साहू ने इसकी सूचना लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को दिया। सुखदेव भगत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीसी डॉ ताराचंद को जानकारी देते हुए शोकाकुल परिवार को राशि उपलब्ध कराने को कहा। डीसी ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रम अधीक्षक को शीघ्र राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आलोक साहू लोहरदगा श्रम अधीक्षक दिनेश भगत से मुलाकात कर मुख्यमंत्री झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से 50 हजार रूपए देने की बात की। अधीक्षक ने साहू को बताया कि मृतक मजदूर के पत्नी के खाते में आज पचास हजार रूपए की राशि चला जाएगा। मौके पर नंदू शुक्ला, कुणाल अभिषेक, मुखिया कमला देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुमला : चार दिनों में भारी मात्रा में भंडारित बालू, हाईवा और जेसीबी को किया गया जब्त

अवैध खनन के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। खनन टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीते चार दिनों में विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। 13 जून को बसिया थाना अंतर्गत तानालोया पंचायत के लुंगटू क्षेत्र में रात के अंधेरे में हाईवा और जेसीबी से बालू का अवैध परिवहन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की गई। 14 जून की सुबह खनन टास्क फोर्स, थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बलों की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। जहां लगभग 800-900 सीएफटी अवैध बालू पाया गया। उसी दिन सिसई थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक बिना पंजीकरण नंबर वाले ट्रैक्टर को बालू के साथ जब्त किया गया। चालक मौके से फरार हो गया। 15 जून को गुमला अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स द्वारा सिलाफारी पंचायत के कोयल नदी क्षेत्र में छापामारी की गई। जहां एक हाईवा और जेसीबी से अवैध तरीके से बालू लोड एवं परिवहन करते पाया गया। मौके पर फंसे हाईवा एवं खराब हो चुके जेसीबी को जिम्मेनामा पर सुरक्षित सौंपा गया है। इन सभी मामलों में खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की गई है। जिला प्रशासन द्वारा पुनः यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति के खनिज का उत्खनन, भंडारण या परिवहन करना दंडनीय अपराध है। प्रशासन द्वारा खनन टास्क फोर्स के माध्यम से ऐसे मामलों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्यवाही की जा रही है।

## गुमला जिले में नशे के अवैध सप्लाई चेन को तोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता : एसपी

# ड्रग्स के सेवन से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं : डीसी

एनसीओआरडी समिति की विशेष बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल डीसी, एसपी, डीएफओ व अन्य पदाधिकारी।

गुमला। जिले में नशा उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को डीसी प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां की संयुक्त अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति की एक विशेष बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ अहमद बेलाल अनवर, एसडीओ सदर, बसिया एवं चैनपुर, सभी सीओ, थाना प्रभारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डीसी ने जिले में नशा मुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के स्कूली एवं कॉलेज के छात्र बड़ी संख्या में नशे की चपेट में आ रहे हैं। जिससे न केवल उनका स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक संरचना भी प्रभावित हो रही है। डीसी ने कहा कि ड्रग्स के सेवन से युवाओं में सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं और अनेक नाबालिग बच्चों के हाथों में वाहन सौंप दिए जा रहे हैं, जो ट्रैफिक नियमों का भी उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों में जाकर बच्चों को नशे से बचाव की जानकारी दें और नियमित रूप से डीसी ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही हड़िया दारू की अवैध बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसे नियंत्रित करने तथा महिला विक्रेताओं को फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें वैकल्पिक रोजगार मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हो। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि जिले में नशे के अवैध सप्लाई चेन को तोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं एसडीपीओ को निर्देश दिया कि पुराने मामलों की समीक्षा करें, सप्लाई रूट चिह्नित करें, और नियमित गश्ती करें। सप्लाई से जुड़े व्यक्तियों की सूची बनाकर कार्रवाई की जाए एवं प्रत्येक 2-3 दिन पर प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि गुमला को नशे से मुक्त करना है। डीएफओ ने बैठक में जानकारी दी कि अफीम की खेती पर नियंत्रण हेतु जीआइएस मैपिंग की जाएगी। बैठक के दौरान डीसी ने यह भी निर्देशित किया कि ड्रिंक एंड ड्राइव करते पकड़े गए लोगों की काउंसलिंग कराई जाए।

### शिवनाथपुर पंचायत में 14वें व 15वें वित्त आयोग की योजना में गडबड़ी

सिसई। सिसई प्रखण्ड के ग्राम पंचायत शिवनाथपुर में 2014-15 से 2024-25 तक संचालित 14 वें वित्त आयोग और 15 वें वित्त आयोग योजना में भारी गड़बड़ी की गई है। शिवनाथपुर पंचायत पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में आरक्षित एस टी रिजर्व सीट है। इस पंचायत में 90% आदिवासियों की आबादी है। स्थानीय प्रतिनिधि व प्रखण्ड प्रशासन ने पंचायती राज गजट व कानून को ताक में रख कर विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर पैसा की हेराफेरी की गई है और पंचायती राज का घोर उलंघन किया गया है। अपने लाभ के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों ने अपने पारिवारिक सदस्य को लाभूक बनाया। साथ ही सरकारी सेवा में रहने वाले व्यक्ति पारा शिक्षक, स्वस्थ सहिया व समान्य श्रेणी में रहने वाले लोगों को स्थानीय प्रतिनिधि और प्रखण्ड प्रशासन के मिलिभगत से अनगिनत योजनाओं में लाभूक समिति बना कर स्थानीय प्रतिनिधि और प्रखण्ड प्रशासन स्वयं लाभ उठाने का काम किये है। इस विषय पर जांच के लिए डीसी को ज्ञापन सौपा गया है।

## धान व्यापारी पर गोली चलाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी, लूट के 72 हजार 589 रूपये, दो मोबाईल, दो पिस्तौल, जिंदा गोली व बाईक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार अपराधियों के साथ एसपी, एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

गुमला। धान व्यापारी पर गोली चलाने वाले व चार लाख रूपये लूट कर भागने वाले दो अपराधियों को रायडीह पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने मैगजीन लगा देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली, एक बाईक, दो मोबाईल, हेलमेट व 72 हजार 589 रूपया बरामद किया है। इस संबंध में सोमवार को एसपी हरीश बिन जमां ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि घटना के बाद रायडीह थाना में कांड दर्ज करते हुए मामले के उदभेदन के लिए एसडीपीओ चैनपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में कांड में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में 32 वर्षीय दीपक मुंडा उर्फ बुतुल मुंडा व 27 वर्षीय महेंद्र उरांव उर्फ गुड्डू के नाम शामिल है। दोनों अपराधी छेरहा बगीचा मांझाटोली रायडीह के रहने वाले हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ ललित मीणा, इंस्पेक्टर जितेंद्र राम, थाना प्रभारी रायडीह कुंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी गुमला महेंद्र करमाली, पुअनि शत्रुघन सिंह, अजय दास व रायडीह थाना के रिजवर्ड गार्ड शामिल थे।

### जिला भाजपा ने विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर स्वतंत्रता सेनानी रूनिया झुनिया करने की मांग की



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में नगर प्रशासक मुक्ति किंडो से प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करते हुए कहा कि लोहरदगा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थित एक मात्र बड़ा तालाब है जो विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम से जाना जाता है। आजाद भारत में तालाब का नाम ऐसे व्यक्तित्व के नाम पर आजादी के बाद भी अंकित है जो की भारत के लोगों पर शासन, शोषण और प्रताड़ित किया, यह बहुत ही पीड़ादायक था। हमें आज भारत के संपूर्ण धरोहर को वीर शहीदों के नाम से जाना जाना चाहिए और वह धीरे-धीरे कई स्थानों पर नामो में बदलाव हो भी रहे है। इस संदर्भ में को विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के नाम भी बदलाव करना चाहिए विदेशी ताकत के खिलाफ संघर्ष किया और अपनी जीवन की आहुति दी। इसी संदर्भ में भाजपा विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर वीर बुधु भगत की बेटियां 'रूनिया-झुनिया' के नाम से विक्टोरीया का नाम रखने की मांग करता है। याद रहे की रूनिया झुनिया अपने पिता और भाइयों के साथ 1832 में लरका विद्रोह अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए वीर गति को प्राप्त की थी। इसलिए यथाशीघ्र विचार करते हुए विक्टोरिया तालाब का नाम बदलकर रूनिया झुनिया तालाब किया जाए। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अनिल उरांव, जिला महामंत्री पशुपतिनाथ पारस एवं जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा उपस्थित थे।

### बिजली तार की चपेट में आकर युवक की मौत

भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र कुंदो गांव निवासी साकिब अंसारी उम्र 28 वर्ष पिता का नाम गफूर अंसारी की मृत्यु बिजली की तार के चपेट में आने से हो गई। वह अपने घर में कुछ काम कर रहा था। काम करने के दौरान वह बिजली तार के संपर्क में आ गया। बिजली तार के संपर्क में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उनके परिजन सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाएं। जहां प्राथमिक उपचार के बाद साकिब को रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ही साकिब की मृत्यु हो गई। साकिब की मृत्यु से गांव में मातम छा गया।

### कैरो : धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर हुई बैठक

कैरो। प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में समेकित जनजाति विकास अभिकरण के तहत धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान डीए-जे जी यू ये का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सढ़ाबे के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, सीएससी संचालक, पंचायत सहायक, जनवितरण संचालक की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए आवस्यकता के अनुसार निदान करने को लेकर आवेदन जमा लिया गया। जिसके तहत जात्ति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, पीएम किसान, रासन कार्ड, जन्म सहित अपनी अपनी समस्याओं को रखा गया। कार्यक्रम में आधार और आयुष्मान कार्ड को लेकर भी लाभुक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबंधन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, जनसेवक विनय उरांव, पंचायत सहायक अजय साहू, रोजगार सेवक परवेज आलम, लखन उरांव, आनंद शुक्ला, दशमी उरांव, विसेस्वर उरांव, फूलकुमारी उरांव, खुशबू कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रभा कुमारी, पूजा कुमारी, विनीता देवी, उर्मिला देवी, सबिता देवी, अमित भगत, सोनू गोप,शंकर राम, गंगी उरांव, कृष्ण उरांव, देवा उरांव, बरतु उरांव सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## इंडोर स्टेडियम गुमला के मरम्मत के लिए डीपीआर करें तैयार : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। डीसी की अध्यक्षता में सोमवार को स्टेडियम प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में स्टेडियम प्रबंधन समिति के अंतर्गत आनेवाली खाली दुकानों को नए सिरे से आवंटित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओ ने बताया कि अबतक कुल 11 दुकान का आवंटन नहीं हुआ है। प्रथम तल पर अवस्थित दुकान भी खाली पड़े है। सभी दुकानों को भी लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया जाना है। डीसी ने जिले के गरीब प्रतिभावान खिलाड़ियों हेतु खेल किट क्रय करने हेतू निर्देशित किया। इनडोर स्टेडियम गुमला में मरम्मती कार्य हेतु डीपीआर तैयार करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान 5 जुलाई को वर्ल्ड बैडमिंटन डे के अवसर पर जिले में बैडमिंटन मैराथन टूर्नामेंट आयोजित किए जाने एवं उसकी तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में डीडीसी दिलेश्वर महतो, एसडीओ राजीव कुमार, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, खेल कोच इमरान, राजीव रौशन, अविनाश उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जारी प्रखंड में शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



जारी। जारी प्रखंड के सीसीकरमटोली पंचायत भवन में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि जारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को संतृप्त करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा के द्वारा कई लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर मुखिया फुलमैत देवी, पंचायत सचिव नसीमुल हक, विनोद उरांव, अमित शाहू, सुबोध कुमार, दिलशाद हुसैन सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

## 22 जून बलिदान दिवस के रूप में रांची के खेलगांव में मनायेगी आजसू: देवशरण भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने मुद्रिका बैंक्विट हॉल में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आजसू बलिदानियों की पार्टी है। हम वैसे लोग रहे हैं जो इस राज्य के गठन के लिए अपना सर्वस्व तक निछावर किए हैं। हमारे युवा साथीयों ने अपनी जान तक दी है। बहुत से साथियों ने अपना सर्टिफिकेट जलाया व जेल गए। यूं ही झारखंड राज्य नहीं मिला। परंतु आज झारखंड में वैसे लोग राज कर रहे हैं जो सिर्फ झारखंड के आंदोलन को बेचने का कार्य किया था। आज यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे लोग सत्ता में बैठे हैं जो यह तक तय नहीं कर पा रहे हैं कि झारखंडी कौन होगा। स्थानीय नीति बनाने में भी नहीं दिक्कत हो रही है। यह पेसा कानून लागू नहीं कर पा रहे हैं। अगर यह पेसा कानून लागू कर देंगे तो बालू की चोरी रुक जाएगी और ग्राम सभा तय करेगी। पेसा कानून लागू होने से सता का विकेंद्रीकरण होगा। ग्राम सभाओं को अधिकार मिलेगा। जो यह नहीं चाहते हैं। यह सता का विकेंद्रीकरण नहीं चाहते हैं, अगर सता का विकेंद्रीकरण होगा तो लूटखसोट बंद हो जाएगी। आज हमें महसूस होता है कि जितने लोगों ने झारखंड के लिए आंदोलन किये जो जीवित बचे हैं उन्हें लगता होगा कि क्या हम इसी झारखंड के लिए आंदोलन किए थे। बिल्कुल नहीं हमने सुनहरा और खूबसूरत एवं विकसित झारखंड का सपना देखा था। जिसके लिए संघर्ष किया था। परंतु हमारा सपना चकनाचूर हो गया। आज सरकार झारखंड में खुलेआम लूट मचा रखी है। हम इसके लिए पूरे झारखंड में आंदोलन करेंगे इसकी रूपरेखा लगभग तय हो चुकी है। जिसकी घोषणा आने वाले 22 जून को रांची में होने वाले बलिदान दिवस समारोह जो आजसू संगठन का नामांकरण का भी दिन है। आजसू से इस दिन को पूरे झारखंड में बलिदान दिवस के रूप में मनाते आई है। परंतु इस बार हम रांची के खेल गांव में एक ही जगह प्रदेश स्तर पर मनाएंगे। आजसू का नामकरण 1986, 22 जून को हुआ था। आजसू के उदय के बाद ही सही रूप में झारखंड आंदोलन शुरू हुआ और अलग राज्य के लिए संघर्ष तेज हुई। उससे पूर्व झारखंड में झारखंड अलग राज्य के लिए केवल राजनीतिक होती थी। अब हमें लगता है कि फिर से हमें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। हम फिर से आंदोलन करते हुए सशक्त झारखंड बनने के लिए सभी को साथ लेकर गांव से लेकर शहर तक तथा प्रदेश तक और सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेंगे। आंदोलन के एक रास्ता है जिससे हम झारखंड को अपने सपनों का झारखंड बना सकते हैं। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक झारखंड जिस के लिए अलग किया था। वह सोच अपने झारखंड में लागू न कर दें। झारखंड का विकसित झारखंड ना बना दे। हम इसे अपने आंदोलनकारी साथियों के सपनों का झारखंड बना कर ही दम लेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव सह लोहरदगा प्रभारी आशुतोष तिवारी, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, सचिव राम लखन प्रसाद, सदस्य रामकुमार महतो, महेंद्र महतो, विश्वनाथ उरांव, सागर वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता आदि उपस्थित थे।

## रोजगार आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाना है : वीरेंद्र

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत मोबिलाइजेशन सह पंजीकरण शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत सोमवार को चैनपुर प्रखंड परिसर में एक दिवसीय मोबिलाइजेशन शिविर सह पंजीकरण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, मुखिया मधुरा मिंज, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बबीता बड़ाईक और कौशल विकास के जिला प्रबंधक वीरेंद्र बघवार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वीरेंद्र बघवार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना रोजगार आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने में सहायक है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर आदिम जनजाति, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को इस योजना से जोड़ना है, ताकि सभी बेरोजगारों को सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सुगम रोजगार का लाभ मिल सके। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने इस योजना को सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना बताया। उन्होंने उपस्थित लोगों से इस योजना के तहत पंजीकरण कराकर अपने हाथों में हुनर रखने का आग्रह किया, जिससे वे अपने परिवार का जीवनयापन बेहतर तरीके से कर सकें। कार्यक्रम में मुखिया मधुरा मिंज, शोभा देवी, बीपीएम बबीता बड़ाईक, एएसआई धर्मपाल संतोष लुगुन सहित जेएसएलपीएस की दीदी एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस शिविर में कई ग्रामीणों ने योजना के तहत पंजीकरण कराया और कौशल प्रशिक्षण के लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्पीड न्यूज

## बरवाडीह : शिव चर्चा में उमड़े श्रद्धालु




**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर स्थित उत्तम मैरेज हॉल में रविवार को शिव चर्चा का भव्य आयोजन भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन विनोद प्रसाद के सौजन्य से कराया गया था। सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लग गया और देखते ही देखते सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हो गए। शिव चर्चा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और शिव महिमा से ओतप्रोत प्रवचनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई धार्मिक व्यक्तियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आयोजन स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम की सफलता में कुटम्बू की टीम का विशेष योगदान रहा। इस टीम में नुनु मलार, शिव प्रसाद और सुरेंद्र जी ने मुख्य भूमिका निभाई। उनकी सक्रिय सहभागिता से आयोजन अनुशासित और भावनात्मक रूप से समृद्ध रहा। शिव चर्चा के उपरांत दोपहर 3 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी की सहभागिता सराहनीय रही। इस अवसर पर विनोद प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक हैं। श्रद्धालुओं ने आयोजन के लिए आयोजकों और टीम का आभार व्यक्त किया।

## लातेहार विधायक ने परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की



**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के आरा ग्राम के रहने वाले विजयपथ नामक युवक के हत्याकांड मामले को लेकर लातेहार विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को मगध परियोजना के महाप्रबंधक निपेंद्र नाथ से मुलाकात कर विजयपथ के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग किया। वहीं इससे पूर्व विधायक प्रकाश राम ने आरा ग्राम स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। जहाँ चयनित 41 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों के साथ जीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने सीसीएल के महाप्रबंधक से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी, वहीं मगध खदान क्षेत्र में सुरक्षा एवं प्रकाश की व्यवस्था देने की मांग किया। इस दौरान विधायक प्रकाश राम ने जीएम निपेंद्र नाथ को बताया कि विजयपथ पिता बसंत आनंद ग्राम आरा की निर्मम हत्या कर उसके शव को खदान में फेंक दिया गया था। घटना मगध कोल परियोजना अंतर्गत हुई है। जिसको लेकर परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाये। जहां महा प्रबंधक निपेंद्र नाथ ने कहां की पुलिस के अनुसार यह हत्या दूसरे स्थान पर किया गया है। तथा सिर्फ शव को खादान में फेंका गया है इसलिए यह घटना सीसीए के अधीन नहीं आता है। और ऐसी घटना पर सीसीएल में कोई भी मुआवजा का प्रावधान नहीं है फिर भी सीसीएल सीएमडी से बात करूंगा। वहीं जीएम ने कहा कि मृतक के पिता को आउटसोर्सिंग कंपनी पर दैनिक भत्ते पर रोजगार दिया जाएगा। मौके पर कई अन्य ग्रामीणों ने भी पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग रखा। मौके पर भाजपा नेता उपेंद्र यादव, कृष्णा यादव, संजीव सिन्हा, सुनील पांडेय व कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के होम्योपैथी चिकित्सक के पोते ने नीट यूजी में पायी सफलता, हर्ष




**हुसैनाबाद।** शहर के होम्योपैथी चिकित्सक व अहमद नगर निवासी डॉ शिव प्रसाद मेहता के पोता एवं निरंजन कुमार के पुत्र अभिषेक रंजन ने नीट मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 530 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व परिजनों सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक ने ऑल इंडिया रैंकिंग (ओबीसी) में 10961वीं स्थान प्राप्त किया है। अभिषेक रंजन की इस शानदार सफलता पर परिवार, मोहल्ले और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रिश्तेदारों, शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयों और शुभकामनाएं दी जा रही है। अभिषेक की इस कामयाबी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लगन, परिश्रम और परिवार का सहयोग मिल जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी सफलता पर अभिषेक के दादा डॉ शिव प्रसाद मेहता, चाचा आलोक मेहता समेत क्षेत्र वासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्रखंड प्रमुख ने किया धोबी घाट का उद्घाटन



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोशी में सोमवार को प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी समेत समक्ष पंचायत समितियों ने धोबी घाट का उद्घाटन किया। मौके पर दर्जनों से ज्यादा पंचायत के ग्रामीण जनता भी मौजूद थे इस दौरान राजकुमारी ने कहा कि यह गांव अति सुदूरवर्ती हैं जहां की अधिकांश लोगों कामगार मेहनत मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं इसी उद्देश्य 15 वित्त की राशि से धोबी घाट व बनाया गया जिससे धोबी समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोग कपड़ा धोने व अपनी रोजमर्रा के दैनिक उपयोगिता में ला सके तथा क्षेत्र से कामगार व श्रामिक व्यक्तियों का पलायन रुक सके। मौके पर पंसस राजवंश यादव, सुरेंद्र चौधरी, मंटू मेहता, अमन कुमार, पवन पटेल, स्थानीय वार्ड सदस्य, जगदीश बैठा, मुरारी बैठा, मुख्तार बैठा, प्रमोद पासवान, शैलेंद्र बैठा, कुमार विजय उपस्थित थे।

## विहिप के नेतृत्व में पांकी में मेडिकल कैंप

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद सेवा कार्य को निरंतर अपनी प्राथमिकता में रखती है। परिषद के युवा शाखा बजरंगदल सेवा सप्ताह मना रहा है। इस दौरान बूढ़ा अमरनाथ यात्रा और मेडिकल सहायता कैंप लगवाने का निर्णय लिया गया है। जिला के पांकी प्रखंड के ताल पंचायत मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्थानीय उच्च विद्यालय में चिकित्सा शिविर आयोजित कर जन मानस का चिकित्सीय जांच करा रही है।

# भ्रष्टाचार की चरम सीमा पर पांडेयपुरा पंचायत, सवालों के घेरे में जनप्रतिनिधि

- लातेहार के पाण्डेयपुरा पंचायत भवन में सामाजिक अंकेक्षण सह पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत भवन में सामाजिक अंकेक्षण सह पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें तीन ज्यूरी मेंबर को बैठाया गया जो अपना फैसला दे रहे थे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों का ऑडिट किया गया है जिसमें ईसीबी, आम बागवानी, कूप निर्माण आदि संबंधित मनरेगा योजना है। जनसुनवाई के दौरान ऑडिटरों के द्वारा जनसुनवाई में बताया गया कि पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 937 योजना आवंटन हुआ है। जिसमें पूर्ण योजना 648 है एवं अपूर्ण योजना 289 है। ऑडिटर टीमों ने जानकारी दी कि पंचायत में कुल राशि 4 करोड़ 16 लाख 54 हजार 1 सौ 52 रुपए और आवंटित किया गया है जिसमें मजदूरी खर्च की राशि 3 करोड़ 85 लाख 08 हजार 3 सौ 17 रुपए है। पंचायत के द्वारा 3 करोड़ 49 लाख 53 हजार 630 रुपये की जानकारी जनसुनवाई के दौरान दी गई। बाकी पैसों का हिसाब पंचायत के द्वारा नहीं दिया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम सालोडीह के ग्रामीणों ने जनसुनवाई का विरोध किया। उनका कहना है कि हम लाभुकों को योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि हमारे नाम से कोई योजना भी चल रहा है। फर्जी रेकड़ लगाकर योजना संचालित किया गया है। ऑडिट कर रहे ऑडिटरों ने खुलासा किया कि पंचायत के जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार में संलिप्त है। ऑडिटरों ने बताया कि मास्टर रोल में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि का हस्ताक्षर है मगर मजदूर का हस्ताक्षर नहीं है बिना मजदूर का हस्ताक्षर के ही मास्टर रोल लगा दिया गया है। यहां पर सवाल खड़ा होता है कि पंचायत के जनप्रतिनिधि आंख बंद करके हस्ताक्षर करते हैं। और उसमें भी केदार यादव के मिश्रित आमबागवानी में सादा मास्टर रोल संख्या 906 में 4896 रुपए का भुगतान किया गया है। मोहित मिंज के कूप निर्माण में मास्टर रोल के साथ छेड़छाड़ किया गया है। ऑडिटरों ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के दौरान पाया गया कि सादा उपयोगिता प्रमाण पत्र पर मुखिया, पंचायत सेवक, जेई और एई का हस्ताक्षर किया गया है जो कि नियमानुसार गलत है। जितने भी मनरेगा के द्वारा संचालित योजना है उनमें किसी भी योजना में योजना बोर्ड नहीं लगाया गया है। बिना योजना बोर्ड का कार्य कैसे प्रारंभ हुआ? मनरेगा योजना के तहत 31 योजना का 96 मास्टर रोल नहीं है जिसमें 9 लाख 72 हजार 7 सौ 56 रुपए का भुगतान किया गया है। वहीं 11 योजना में 13 फर्जी मास्टर रोल लगाया गया और 1 लाख 59 हजार 6 सौ 46 रुपए का फर्जी भुगतान कर सरकार की धनराशि का दुरुपयोग किया गया।



जनसुनवाई करते ऑडिटर व उपस्थित अन्य लोग।

**खास बातें :** पंचायत से बिना स्वीकृत मापी पुस्तिका के माध्यम से 29 योजनाओं का भुगतान किया गया पर इसकी जानकारी पंचायत जनप्रतिनिधियों को नहीं है। वही ग्राम सालोडीह में कार्य से अधिक का भुगतान जेई के द्वारा तीन योजनाओं में 1 लाख 39 हजार 3 सौ 83 रुपए का किया गया है। ऑडिटर टीमों ने बताया कि 129 योजनाओं में 54 लाख 6 हजार 94 रुपए की एमबी बुक गायब है। इसका भुगतान कैसे हो गया यह एक सवालिया निशान खड़ी कर रही है? इसी के साथ कूप निर्माण में कार्य से अधिक का भुगतान किया गया है जिसमें शाहरुख अंसारी 5 हजार 5 सौ 34 रुपया, मोहित मिंस 11 हजार 4 सौ 54 रुपया एवं नीरज नायक 3 हजार 1 सौ 68 रुपया का कार्य से अधिक भुगतान किया गया है। अभिलेख में बिल वाउचर नहीं होने पर भी 21 योजना में कुल 40 बिल वाउचर लगा कर 14 लाख 62 हजार 2 सौ 21 रुपए का फर्जी भुगतान किया गया है। पंचायत समिति रीना देवी ने बताया कि ऑडिटर टीमों के द्वारा बिना स्थल जांच किए ही कागजी कार्रवाई की गई है फर्जी रेकड़ लगाया गया है। सिर्फ खानापूर्ति किया गया है हमने साथ में योजना स्थल जाने की बात ऑडिटर टीमों से कहीं लेकिन मुझे धोखे में रखा गया और स्थल में नहीं जाने दिया गया जिससे योजना का पदार्फाश ना हो सके आगे पंचायत समिति ने बताया कि ऊपर बेसरा पहाड़दूरा प्राथमिक स्कूल के पास ग्राम सभा करना था मगर नहीं किया गया, और ग्राम सभा का फर्जी हस्ताक्षर करवाया गया है जबकि मैं वहीं प्राथमिक स्कूल के पास ही चार घंटे बैठी रही।

# स्कूल, कॉलेजों के 200 मी. की परिधि में नहीं बेचें मादक पदार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सोमवार को सभी विद्यालय, महाविद्यालयों के बाह्य परिसर एवं 200 के परिधि में आने सभी दुकानदारों, बाजारों एवं व्यवसायिक स्थलों का मादक पदार्थों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने हेतु सघन जांच अभियान नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के उपस्थिति में जारी रहा। उक्त जांच अभियान एमिटी कर स्कूल, गांधी कॉलेज राजहार, आश्रम स्कूल स्टेशन रोड एवं कन्या मध्य विद्यालय डुरवा कि आस पास के दुकानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में संबंधित दुकानों में बिक्री किए जाने वाले सभी प्रकार के मादक पदार्थ जैसे सिगरेट, गुटखा बिड़ी इत्यादि को जब्त कर लिया गया। साथ ही साथ सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय परिसर एवं 200 मीटर के परिधि तक मादक पदार्थों का बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। उक्त जांच अभियान में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी अमित कुमार नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश प्रजापति एवं पिंटू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।



जांच करते अधिकारी।

# चंदवा में दूसरे दिन भी जारी रहा किसानों का जल समाधि सत्याग्रह

- आंदोलन के दौरान अन्नदाता किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन, प्रशासन की नहीं जागी संवेदना
- टोरी में आरओबी निर्माण समेत अन्य मांग को लेकर आंदोलनरत हैं अन्नदाता



जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन करते किसान।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं में एक चंदवा टोरी रेलवे फाटक के समीप आरओबी निर्माण समेत टोरी जंक्शन पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर कामता स्थित चट्‌आग डैम में कामता पंसस अयूब खान की अगुवाई में 15 जून से शुरू हुई जल समाधि सत्याग्रह दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों के दूसरे दिन आंदोलन को और तेज करते हुए अर्धनग्न अवस्था में पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। किसान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की तस्वीर एवं मांगों की तख्तियां लेकर जल समाधि सत्याग्रह डटे रहे। हालांकि आंदोलन के दूसरे दिन भी कोई भी बड़ा प्रशासनिक पदाधिकारी वार्ता को नहीं पहुंचे जिस कारण आंदोलनरत किसानों में रोष देखने को मिला। अयूब खान ने कहा कि आज लाखों आमजन व किसान रेलवे क्रॉसिंग जाम से परेशान हैं दूसरी ओर केंद्र और राज्य सरकार मस्ती में हैं। किसान मरे या जिएं उन्हें कोई मतलब नहीं है, आगे कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 03 अप्रैल 2021 को टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज का शिलान्यास किया, उस समय उन्होंने कहा था कि दो वर्ष में यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हुआ, छः-सात बार टेंडर निकाला फिर भी कार्य शुरू नहीं हो पा रही है।

# सासंग में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



उत्कर्ष अभियान शिविर में शामिल लोग।

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत सासंग पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम के तहत 50% से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति ग्रामों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्दन प्रसाद, मुखिया पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से दिप जलाकर शिविर का शुभारंभ किया। बीडीओ श्री प्रसाद ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जन धन खाता, विकलांग पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रचार प्रसार करने एवं लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर स्थल में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए है। ग्रामीण अपने अपने आवेदन स्टॉल में जमा करे ताकि उनके आवेदन पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाये जा रहे शिविर में विशेष योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की। कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। इसलिए ग्रामीण इसका लाभ अवश्य उठावे। मुखिया पुष्पा देवी ने भी ग्रामीणों से शिविर के माध्यम से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान सभी विभागों के स्टाल में ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। बीडीओ ने बताया कि मंगलवार को सेरक के एसटी बहुल ग्रामो के लिए शिविर का आयोजन पंचायत सचिवालय सेरक में होना तय हुआ है। ग्रामीण इस शिविर का लाभ उठावे। मौके पर एमओ चंदन कुमार कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक कर्मी अमित गुप्ता जगा उराँव अर्जुन लोहरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने टमटमटोला ग्राम निवासी लक्ष्मण साव एवं छोटेलाल साव के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए लक्ष्मण साव ने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। इसी दौरान जंगली हाथियों का झुंड एकाएक आ धमका और घर को तोड़ने लगा। घर के परिवार के लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मुखिया नरेश लोहरा ने इस दौरान वन विभाग के पदाधिकारीयो को दूरभाष पर सूचना देकर नुकसान का आकलन करके पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ 24 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होगा धरना प्रदर्शन : मंदीप कुमार



**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत थाना चौक स्थित शिव मंदिर के समीप ग्राम प्रधान रजत कुमार के आवास पर विकसित भारत संकल्प सभा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा दिन सोमवार को मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मंडल प्रभारी व जिलामंत्री ईश्वरी सिंह मौजूद रहे। वहीं बैठक में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूती से दोहराया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां को ग्रामीणों तक पहुंचाना और विकसित भारत अभियान को गति देना था। साथ ही बैठक में उपस्थित भाजपा के सभी कार्यकताओं को सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी दी गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने बताया कि आगमी 24 जून दिन मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर मनिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, रामलाल तिवारी, गंगेश्वर यादव, नंदन यादव व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंदवा: बाइक सवार दंपति को टक्कर मार बोलेरो फरार, महिला रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी चौक के समीप सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो जेएच 03 ए एच 6491 ने बाइक जेएच 08 जे 1047 पर सवार दंपति अमीर खान व तस्मी परवीन को चपेट में ले लिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को चपेट में लेने के बाद बोलेरो मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, यहां डॉ तरुण जोश लकड़ा की देख रख में मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला तस्मी परवीन की गंभीर स्थिति को देखने हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अमीर खान अपनी गर्भवती पत्नी तस्मी परवीन को इलाज के लिए लेकर लोहरदगा जा रहा था, इसी दौरान इंदिरा गांधी चौक के समीप के समीप उक्त हादसा हुआ।

## महजोर : सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद की पहल पर बिजली उपभोक्ताओं से वसूली गयी राशि हुई वापस

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के पतराटोली में टेक्नो कंपनी के कर्मियों ने स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया था। ग्रामीणों की शिकायत पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद मुन्ना ने इस संबंध में विधायक प्रकाश राम के जनता दरबार में आवेदन देकर उपभोक्ताओं के पैसे वासप दिलाने की मांग की थी। जिसपर विधायक श्री राम ने उपभोक्ताओं की सूची बनाकर बीडीओ को उपलब्ध कराने को कहा गया। इरशाद मुन्ना ने बताया कि रविवार को उपभोक्ताओं से लिये गए पैसे उन्हें लौटा दिए गए हैं। पैसे वापस मिलने के बाद ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम, बीडीओ चंदन प्रसाद, समाजसेवी इरशाद मुन्ना समेत अधिकारियों को साधुवाद दिया है। उन्होंने बताया कि टेक्नो इंडिया के कर्मचारियों ने मीटर स्थापित करने के बदले पतराटोली गांव के हरिचंद मुंडा से तीन सौ रुपये, गोविंद गंझु से एक सौ, सरहूला गंझु से दो सौ, रिझु गंझु से एक सौ, सचिन गंझु, सूरज गंझु, सुधीर उरांव, बबन मुंडा व भोला उरांव से 200-200 रुपये की वसूली की गयी थी।

जामताड़ा में द्वितीय झारखंड स्टेट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# लातेहार के बच्चों ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** जामताड़ा में 14 और 15 जून 2025 को आयोजित द्वितीय झारखंड स्टेट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में लातेहार जिले के 26 युवा एथलीटों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। इन होनहार बच्चों ने न केवल अपनी उपलब्धियों से जिले का गौरव बढ़ाया, बल्कि अपनी मेहनत और लगन से अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा भी स्थापित की। ओवरऑल प्रतियोगिता में लातेहार रनर अप बना। प्रतियोगिता में लातेहार के एथलीटों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें अनित उरांव ने 60 मीटर दौड़ में मात्र 7.11 सेकंड का समय निकालकर प्रथम स्थान हासिल किया और इस स्पर्धा में नया स्टेट रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 मीटर हर्डल्स में 11.25 सेकंड का समय निकालकर एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनित की यह दोहरी उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। शिवम कुमार ने हाई जंप स्पर्धा में 1.69 मीटर की छलांग लगाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने उनकी तकनीकी दक्षता और समर्पण को दशार्या। विनीता लकड़ा ने ट्रायथलॉन (सी) स्पर्धा में 1768 अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन युवा एथलीटों की शानदार उपलब्धियों पर लातेहार जिले के गणमान्य व्यक्तियों और प्रशिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। आईपीएस अधिकारी सरोजिनी लकड़ा ने बच्चों की मेहनत और उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ये युवा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड का नाम रोशन करेंगे। लातेहार जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रॉबर्ट मिंज, उपाध्यक्ष सुशांत उज्ज्वल कुजूर, तनवीर अहमद, सचिव अनुभा खाखा, कोषाध्यक्ष अमित रंजन मिंज ने भी इन बच्चों को बधाई दी।

# धरती आबा अभियान के तहत मंगरा में बहुद्देशीय शिविर, ग्रामीणों ने उठाया योजनाओं का लाभ

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की मरीजों की जांच, मुफ्त में बंटी दवा

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करती बीडीओ।

**बरवाडीह।** धरती आबा जनजागृति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सोमवार को बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय बहुद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह और पशुपालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जरूरी दस्तावेजों के साथ आगे आएं और शिविर का लाभ लें। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने बताया कि एक ही स्थान पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति व निवास प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जन-धन खाता, पेंशन और पीएम-विश्वकर्मा योजना जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**स्वास्थ्य शिविर में दिखा उत्साह :** स्वास्थ्य विभाग की टीम का शिविर में योगदान सराहनीय रहा। डॉ. प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम ने न सिर्फ चिकित्सा सेवा दी, बल्कि हर मरीज को उचित परामर्श भी दिया। टीम की तत्परता और सेवा भावना की ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहना की। टीम में सीएचओ शगुफ्ता खातून, एलटी संगीता कुमारी, एएनएम संगीता कुमारी, एमपीडब्लू गुलाम सरवर और अनिल कु.सिंह शामिल रहे। उन्होंने 40 मरीजों की जांच कर 55 लोगों के बीच मुफ्त दवाओं का वितरण किया।

## स्वच्छता पखवाड़ा 2025 की कथारा क्षेत्र में शुरूआत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कोल मंत्रालय एवं सीसीएल के मार्गदर्शन में सीसीएल, कथारा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 'शपथ से शुरूआत' अभियान के तहत सामूहिक संकल्प के साथ हुई, जिसमें महाप्रबंधक कार्यालय, कथारा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु सक्रिय भागीदारी की शपथ ली। इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय के निकट बायो टॉयलेट निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जो क्षेत्र को स्वच्छ एवं पर्यावरण-संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पखवाड़ा केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि यह जन-जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक भागीदारी का समग्र अभियान है।

पखवाड़े के पहले सप्ताह में जूट बैग वितरण, विभिन्न कार्यालयों तथा निकटवर्ती गांवों में नुक्कड़ नाटक का मंचन तथा स्वच्छता रथयात्रा के माध्यम से जनजागरूकता को प्राथमिकता दी गई है। दूसरे सप्ताह में डस्टबिन स्थापना, विद्यालय व स्वास्थ्य केंद्रों की सफाई तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने जैसे ठोस कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण, छात्रों हेतु रचनात्मक प्रतियोगिताएं तथा कचरे से खाद निर्माण की कार्यशाला जैसे नवाचारों को भी शामिल किया गया है।

30 जून को 'कर्मवीर सम्मान' के साथ समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें सफाईकर्मियों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 कथारा क्षेत्र में न केवल एक कार्यक्रम, बल्कि स्थायी जीवन शैली परिवर्तन की शुरूआत हुई।

### दुमका डीसी ने प्लस टू नेशनल उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण, कहा

## मूलभुत सुविधा छात्रहित में पूरी करें प्राचार्य




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्लस टू नेशनल उच्च विद्यालय का डीसी अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण कर विद्यालय के प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में करियर काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया। कहा कि इससे विद्यालय के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यालय के कुछ छात्रों के द्वारा छात्रवृत्ति नहीं मिलने की शिकायत की गई। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य विद्यालयों में छात्रवृत्ति की भुगतान की जांच करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने डीसी को बताया कि विद्यालय में पुरुष शौचालय नहीं होने के कारण काफी परेशानी होती है। इस संबंध में प्राचार्य को शौचालय का प्रबंध करने का निर्देश डीसी ने दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्य पूर्ण होने तक अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने अध्ययन कक्ष में एजुकेशनल कंटेंट से संबंधित पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। पूरे विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। 11 वीं कक्षा के छात्रों को पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अध्ययन कक्ष में समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही क्षतिग्रस्त दीवाल, छत आदि का मरम्मती एवं साफ सफाई की व्यापक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने फिजिक्स केमिस्ट्री तथा बायोलॉजी हेतु लैब 15 दिनों के अंदर अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। 15 दिनों के उपरांत वीडियो कॉल के माध्यम से लैब का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### एक नजर में

## भारत विकास परिषद जिला इकाई ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर किया चर्चा



दुमका। भारत विकास परिषद जिला इकाई के तत्वाधान में शाखा के पदाधिकारी की बैठक सदस्य संगीता अग्रवाल के आवास दुधानी में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी के द्वारा परिषद के क्रियान्वित एवं निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा किया गया। बैठक कर सेवा संपर्क पर्यावरण महिला सहभागिता एवं संस्कार निर्माण के लिए 5-5 सदस्यों का एक समूह बनाया गया। जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकल्प के कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाने का जिम्मेदारी सौंप गई। जिसमें कई वरिष्ठ एवं नए सदस्यों को समाहित कर परिषद के कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में एक भारत श्रेष्ठ भारत के जन्मजयक कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में लोगों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए परिषद के कार्यों द्वारा राष्ट्रहित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संरक्षक के रूप में उपस्थित डॉ अनुज आर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा निर्माण में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। क्षेत्रीय पदाधिकारी भारतीय शर्मा ने कार्यक्रमों को क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रस्ताव दिए। परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी डॉ मधुर कुमार सिंह ने सभी प्रकल्प के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर वार्षिक कार्य योजना में समाहित करने के लिए वार्षिक कैलेंडर निर्माण चर्चा करते हुए अगले माह के कार्यक्रम भारत को जानो गुरु वंदन छात्र अभिनंदन महापुरुषों का सम्मान की बात कही। सचिव जितेंद्र कुमार साह ने कार्यक्रमों के लिए इकाई के सदस्यों से बात कर उनसे एक-एक सदस्य जो परिषद के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हुए निर्माण के लिए सहयोग देने की बात कही। सदस्य योगाचार्य सोना शर्मा ने 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सदस्यों एवं सहयोगियों को लेकर योग के प्रति कार्यक्रम करने के लिए अपनी योजना बताया। जिससे दुमका एवं आसपास के क्षेत्र में योग के प्रति जन मानस को प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर सदस्यों ने अपनी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन देकर रूपरेखा निर्माण के लिए अपनी योगदान दिए। बैठक के अंत में अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसा में मृत व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में शाखा के सचिव जीतेन्द्र कुमार साह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, क्षेत्रीय पदाधिकारी भारती शर्मा, योगाचार्य सोना शर्मा, संगीता सिन्हा, सदस्य किशोर प्रसाद साह, सतीश कुमार, संगीता अग्रवाल, सरोज साह, सरिता अग्रवाल, राजकुमारी गुप्ता, ज्योति हिम्मत सिह, सजंती कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहें।

## बोकारो जैविक उद्यान में बीमार मादा तेंदुआ की मौत

बोकारो। बोकारो जैविक उद्यान में जन्मी एक मादा तेंदुआ की मौत हो गई। छह वर्षीय इस तेंदुए की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी। 2019 को बोकारो जैविक उद्यान में जन्मी यह तेंदुआ वन्यजीव प्रेमियों के बीच आकर्षण का केंद्र रही थी। उसकी मृत्यु से जू में सन्नाटा पसर गया है। इसकी पुष्टि करते हुए बोकारो स्टील के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने आधिकारिक तौर पर बताया कि मृत्यु को प्राप्त उक्त मादा तेंदुआ का जैविक उद्यान के निधन की सूचना जैविक उद्यान द्वारा वन विभाग को दे दी गई है। इसका इलाज रांची वेटरनरी कॉलेज एवं अस्पताल के विशेषज्ञ पशु चिकित्सक द्वारा 6 जून से कराया जा रहा था। रांची में कराई गई जांच के बाद चिकित्सक की सलाह के अनुसार तेंदुआ का इलाज लगातार चल रहा था।

### स्पीड न्यूज

## बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत, जाम

दुमका। जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर चम्पातरी आश्रम के समीप बाइक और कंटेनर में जोरदार टक्कर हो जाने से बाईक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर (डीडी 01 एक्स 9670 ) जो की हंसडीहा से दुमका की ओर जा रही थी। वही दूसरी ओर से बाईक सवार व्यक्ति दुमका से हंसडीहा की ओर जा रहा था। उसी क्रम में चम्पातरी आश्रम के समीप कंटेनर एक दूसरे से ओवरटेक करने के क्रम मे बाइक सवार व्यक्ति कंटेनर के चपेट में आ गया। बाइक सवार व्यक्ति चपेट में आने से कंटेनर वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से बाईक सवार व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए नोनीहाट स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार व्यक्ति दुमका से अपनी बहन का इलाज का रिपोर्ट लेकर अपने घर थाना क्षेत्र के जियाजोर जा रहा था। मृतक की पहचान अमित कुमार कोडा (20) जो हंसडीहा थाना क्षेत्र के जियाजोर ग्राम निवासी बताया जा रहा है। मृतक अमित कोड़ा दुमका एसपी कॉलेज मे इंटर का अध्यनरत छात्र था। युवक की मौत की सूचना पर आक्रोशित ग्रामीणों ने दुमका-भागलपुर मुख्य को लकड़ाटाड (कुंजी ) के समीप मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम रखा। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## टोटो चालक की इलाज के दौरान मौत

दुमका। शहर के टावर चौक के पास एक टोटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की पीजेएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सोमवार को दोपहर की है। मृतक गणेश पुजहर (28) जामा के बांदो हरिपुर गांव का निवासी था। वह दुमका में ही टोटो चलाकर अपने परिवार वालों का भरण पोषण किया करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों ने बताया कि वह घर से प्रतिदिन दुमका आ जाया करता था और टोटो चलाया करता था। दोपहर में टोटो पलट गया। संयोग से टोटो में कोई पैसेंजर सवार नहीं था। टोटो के पलटने के बाद एक अज्ञात वाहन ने स्पीड से आकर धक्का मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रुप से घायज हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## झामुमो बोकारो जिला कमेटी में सह-सचिव बनाये गये अमित



गोमिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कमेटी द्वारा झामुमो बोकारो जिला कमेटी का विस्तार किया गया है। इसकी घोषणा पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने किया। पार्टी के बोकारो जिला कमेटी में गोमिया के अमित पासवान को सहसचिव के पद का दायित्व सौंपा गया है। सहसचिव बनाए जाने के बाद झामुमो कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त किया। अमित पासवान ने कहा कि पार्टी ने मुझपर भरोसा जताकर इस दायित्व को सौंपा है, मैं पूरी निष्ठा के साथ इसका निर्वहन करुंगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा को ओर अधिक मजबूत व गतिशील बनाया जाएगा। राज्य सरकार और पार्टी के कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया। श्री पासवान को जिला कमेटी में सहसचिव बनाए जाने के बाद झामुमो गोमिया प्रखंड कमेटी समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# बोकारो : जमीन विवाद में मारपीट, एक की मौत

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के साथ किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुकरपुर पीपल चौक के सामने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना में भुवनेश्वर महतो की मौत के बाद सोमवार को परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मधुकरपुर पीपल चौक को जाम कर दिया।

घटना की सूचना पाकर जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी मृतक के परिजनों से मिलकर स्थानीय पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात की। बता दें कि दोनों पक्षों के दर्जन भर लोग घायल हुए हैं जिनमें खतियानी पक्ष की महिलाएं भी शामिल है। कसमार थाना में दोनों पक्षों की ओर से परस्पर विरोधी मामला दर्ज कराया गया है। मधुकरपुर निवासी निर्मल स्वर्णकार ने जहां गणपत महतो सुरेन्द्र महतो ठाकुर दास महतो रंजीत महतो समेत अन्य दर्जन भर महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से गणपति महतो ने निर्मल स्वर्णकार हीरालाल स्वर्णकार राहुल स्वर्णकार सिध्देश्वर स्वर्णकार महेश स्वर्णकार आदि के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गणपति महतो के अनुसार जानकी स्वर्णकार ने भुवनेश्वर महतो को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे सीएचसी कसमार में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गणपति महतो वगैरह के अनुसार मधुकरपुर मौजा के खाता संख्या-113 के प्लॉट संख्या-3822 रकवा-54 डीसमिल गणपति महतो वगैरह के पूर्वज रेंगटु कुर्मी के नाम से खतियानी भूमि है। जिसे कभी बिक्री नहीं किया गया है। लेकिन निर्मल स्वर्णकार के पूर्वज अवैध तरीके रजिस्टर टू में नाम दर्ज कराकर रसीद कटाकर जमीन को हड़पना चाहता है। उक्त जमीन पर जबरन चहारदीवारी देने का प्रयास कर रहा था इस बीच धारा 144 लगाया गया जिसका उल्लंघन कर पुनः चहारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं निर्मल स्वर्णकार आदि का कहना है कि वह जमीन हमारे पूर्वज मोती सोनार द्वारा खरीदगी जमीन है। आश्चर्य की बात है कि निर्मल स्वर्णकार वगैरह द्वारा खरीदगी पट्टा को कहीं प्रस्तुत नहीं किया जा सका है जिससे संदिग्धता की स्थिति बनती है। वहीं सीएनटी एक्ट 1908 के तहत कुर्मी महतो की जमीन अन्य कोई अगड़ी जातियां खरीद नहीं सकती है। खबर लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। वहीं परिजन अड़े हुए हैं कि जब तक आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है तब तक सड़क जाम नहीं हटाया जायेगा।



शव के साथ सड़क जाम करते परिजन एवं ग्रामीण।

## मजदूरों के हक अधिकार के लिए एजेकेएसएस लड़ाई लड़ेगी : सतीश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय समिति का एक बैठक सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सचिव नरेश प्रसाद महतो ने किया। इस अवसर एसडीओसीएम परियोजना के बीएलए आऊटसोर्सिंग के दर्जनों श्रमिको ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में 2 जुलाई को विभिन्न मांगो को लेकर एसडीओसीएम परियोजना कार्यालय के सामने धरना व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। केन्द्रीय महासचिव ने ढोरी क्षेत्र के सभी यूनिट के अध्यक्ष व सचिव को सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूर के हर समस्या को प्रबंधन द्वारा निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। संघ में मिथलेश कुमार महतो, आनन्द महतो, सन्नी कुमार, रंजन कुमार, बिमलेश गिरी, श्रीकांत सिंह, रामकिशुन गिरी, शंकर गिरी, बीरु हरि सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो, अशोक चौहान, सुरेश महतो, संतोष रजक, गोपाल कुमार, प्रेमचन्द महतो, देवानन्द राम, कृष्णा महतो, बबलु महतो, विक्की मेहता, महेश देशमुख, हिमराज विद्यार्थी, पप्पु सिंह व अनंतलाल उपस्थित थे।

## बीएसएल की क्वालिटी सर्किल टीमों का राष्ट्रीय सम्मेलन में हुआ उत्कृष्ट प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** केएलएन इंजीनियरिंग कॉलेज मदुरै में क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित-कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोकारो स्टील प्लांट की क्वालिटी सर्किल टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

इस सम्मेलन में बीएसएल की प्रतिभागी 14 क्वालिटी सर्किल टीमों में 11 टीमों ने प्रतिष्ठित पार-एक्सीलेंस अवार्ड तथा 03 टीमों ने एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर बोकारो स्टील का मान बढ़ाया है। बीएसएल के पीईबी विभाग की टीम जिज्ञासा बीजीएच की टीम गौतम क्षितिज तथा रूपांतर हॉट स्ट्रिप मिल की टीम रेडियंस हैवी मेंटेनन्स विभाग की टीम उद्योग सीआरएम-थ्री की टीम प्रयास तथा टीम स्तंभ ईटीएल विभाग की टीम संकल्प सीओ एंड सीसी विभाग की टीम प्रगति तथा ट्रैफिक विभाग की टीम सृजन-ज्योति के साथ कुल 11 टीमों ने कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली के पुरस्कार की सर्वोच्च श्रेणी पार-एक्सीलेंस अवार्ड जीता। पुरस्कार की दूसरी सर्वोच्च श्रेणी एक्सीलेंस अवार्ड बीएसएल के नगर प्रशासन के जलापूर्ति विभाग की टीम आकर्षक एचआरसीएफ विभाग की टीम हिमालय तथा आरसीएल विभाग की टीम कर्ण को मिला। राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बीएसएल टीमों की तैयारी और सफल भागीदारी की सुविधा बिजनेस एक्सीलेंस विभाग ने प्रदान की थी।

बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने सभी पुरस्कार विजेता टीमों को अपने संबंधित कार्य क्षेत्रों और विभागों में कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली की संस्कृति को मजबूत करने में उनके सार्थक प्रयासों की सराहना के साथ बधाई दी है।

## माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करते हुए लक्ष्य के प्रति रहें समर्पित : विकास कुमार




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आप जीवन में लाख सफलता पा लें लेकिन अगर अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान नहीं किया तो सच्ची खुशी कभी नहीं पा सकते। विद्यार्थी यदि शालीनता व अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ लगातार प्रयास जारी रखें तो न सिर्फ अपना लक्ष्य पा सकेंगे बल्कि जीवन में हर प्रसन्नता भी उन्हें मिलेगी। उक्त उद्गार व्यक्त किया है काउंसलर एवं द साइकोग्राफिक सोसाइटी करियर काउंसलिंग सेंटर रांची के संस्थापक सह निदेशक विकास कुमार ने। सोमवार को डीपीएस बोकारो में 11वीं कक्षा के नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम को वह बतौर अतिथि वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस विद्यालय से निकलकर आज विभिन्न क्षेत्रों में ऊंची मुकाम पर बैठे कई विद्यार्थियों की सफलता-गाथा सुनाते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कहा कि अगर वे भी अभी से ही पूरी निष्ठा के साथ तैयारी में लग जाएं तो कल यकीनन उनकी भी सक्सेस स्टोरी सुनाई जाएगी। इसके पूर्व कुमार का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यालय को ज्ञान का मंदिर बताया। उन्होंने डीपीएस बोकारो में प्रत्येक विद्यार्थी की गहन देखभाल विद्यालय-अवधि के बाद भी शिक्षकों के मित्रवत सहयोग उन्नत संसाधनों की उपलब्धता आदि के बारे में भी प्रकाश डाला। सत्र के दौरान इस वर्ष 12वीं एवं जेईई एडवांस्ड में अव्वल रहे विद्यार्थियों में बारुनी अग्रवाल व आरुष बनर्जी एवं प्रिंस कुमार पांडेय ने भी अपने अनुभवों से नए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

## गोड्डा एसपी के निर्देश पर चला एस ड्राईव अभियान, 52 गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** एसपी मुकेश कुमार के निर्देश पर जिले भर में एस ड्राईव अभियान चलाया गया। शनिवार को देर रात चलाये गये एस ड्राईव अभियान में 52 से अधिक विभिन्न कांडो में फरार चल रहे आरोपियो को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया तथा जेल भेजा गया। इसमें वैसे लोगो को भी पकड़ा गया जो विभिन्न कांडो में या तो फरार हैं या फिर कई लंबित मामले में स्थायी व अस्थायी वारंटी हैं। पुलिस ने देर रात सबों को पकड़कर जेल भेज दिया। जिले भर में यह अब तक सबसे बड़ा एस ड्राईव अभियान हैं। जिसमें इतने बड़ी संख्या में विभिन्न कांडो में फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ा गया है। इस बार एसपी के द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारी जो थाने में पदस्थापित हैं को इस कार्य में बड़े पैमाने पर लगाया गया था तब जाकर इतने बडीं संख्या में फरार आरोपियों को गिरफतार किया गया। नए पुलिस अधीक्षक अपने पदभार ग्रहण के पश्चात ही अपराधिक एवं सामाजिक तत्वों के लोगों के ऊपर सख्ती बने हुए हैं, जिस कारण से अपराधी कर्मियों में काफी खौफ है पुलिस विभाग भी अपने नए कप्तान के निर्देश का पालन सख्ती के साथ कर रही है। इस संबंध में एसपी के द्वारा बताया गया कि आगे भी अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पेज एक का शेष

### जाति गणना के ...

इसके लिए अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल गैजेट का इस्तेमाल किया जायेगा। पूरे देश में जनसंख्या संबंधी आंकड़े जुटाने के लिए लाखों कर्मचारियों व अधिकारियों को शामिल किया जायेगा। इसके लिए उन्हें अत्याधुनिक डिजिटल उपकरणों से लैस किया जायेगा। दो चरणों में होनेवाली के पहले चरण में हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन होगा। इसके तहत प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जायेगा। वहीं दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटायी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक घर में हरएक व्यक्ति का विवरण लिया जायेगा।

### बिना अनुमति आइपीएस ...

जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1 का भी प्रभार, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल को आईआरबी-3 की अतिरिक्त जिम्मेदारी, गुमला एसपी हरीश बिन जमा आईआरबी-5 का भी दायित्व सौंपा था। गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8 का प्रभार, धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव को रेल एसपी धनबाद की भी जिम्मेदारी और जमशेदपुर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग रेल एसपी जमशेदपुर का प्रभार दे दिया गया था।

### दिल्ली-रांची फ्लाइट...

विमान हादसे की जांच में जुटे बोइंग एक्सपर्ट : गुजरात के अहमदावाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच करने उच्च स्तरीय इंटरनेशनल एविएशन इन्वेस्टिगेटर्स और बोइंग के प्रतिनिधि भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) अहमदाबाद पहुंचे हैं। वे जांच करने में मदद करेंगे। सूत्रों अनुसार हादसे की के लिए जांच प्रतिनिधिमंडल में यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (ठळरइ), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (ऋअअ) और ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (उअअ) के अधिकारी शामिल हैं। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑगेर्नाइजेशन के अनुसार है, जो विमान के निर्माता देश और हादसे से पीड़ित देशों के बीच सहयोग को अनिवार्य बनाता है। एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद से लंदन जाने के उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वहीं पीएम मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने रविवार को विनान दुर्घटनास्थल और सिविल अस्पताल का भी दौरा किया, जहां पीड़ितों के शवों की पहचान की जा रही है।

### ईरानी परमाणु ठिकान...

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई हमने ने सोमवार को घोषणा की कि ईरानी संसद जल्द ही एनपीटी से हटने के लिए एक विधेयक लाने की योजना बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान सामूहिक विनाश के हथियारों के खिलाफ है और उनका देश परमाणु हथियार बनाने का पक्षधर नहीं है। इससे पहले राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी कहा था कि ईरान का इरादा परमाणु हथियार विकसित करने का नहीं है, लेकिन न्यूक्लियर तकनीक और शोध में वह पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के उस फतवे को दोहराया जिसमें परमाणु हथियारों के निर्माण को इस्लाम के खिलाफ बताया गया था। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आयी, जब इजरायल ने उसके कई सैन्य अड्डों के साथ-साथ परमाणु स्थलों पर भी हमले शुरू कर दिये हैं। इजरायल ने इन आसपास रहने वाले लोगों को पहले ही चेतावनी जारी कर दी है कि वे क्षेत्र खाली कर दें। एनपीटी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुनिया में परमाणु हथियारों का प्रसार न हो। ईरान ने इस संधि पर हस्ताक्षर किये थे और यह वादा किया था कि वह परमाणु हथियार नहीं बनायेगा। अगर ईरान अब आधिकारिक रूप से इससे बाहर आता है, तो उसके लिए परमाणु हथियार बनाना आसान हो जाएगा और इससे पश्चिम एशिया में परमाणु युद्ध की आशंका बढ़ सकती है।

**-ट्रंप को मारना चाहता है ईरान : नेतन्याहू :** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के एक बयान ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है। उन्होंने दावा किया है कि ईरान के इस्लामी शासन ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा माना था, और उनकी हत्या की साजिश भी रची थी। नेतन्याहू ने कहा कि, 'ईरान ट्रंप को मारना चाहता था, वह उसे अपना दुश्मन नंबर वन मानता है।' यह दावा अमेरिका के समाचार चैनल फॉक्स न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में सामने आया है, जिसकी जानकारी अठक ने साझा की है। नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक मजबूत और निर्णायक नेता बताया। उन्होंने कहा, 'ट्रंप ने कभी भी कमजोर सौदेबाजी नहीं की और न ही दूसरों की शर्तों पर चला।

## स्पीड न्यूज

### महाराष्ट्र में वर्षाजनित घटनाओं में 18 लोगों की मौत, 65 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गत एक जून से अब तक वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई और 65 लोग घायल हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारी बारिश के कारण सड़क दुर्घटनाएं, पुल से गिरना, डूबना, बिजली गिरना और आग लगने जैसी विभिन्न घटनाओं में 18 लोगों और छह मवेशियों की मौत हुई है। प्राधिकरण के सूत्रों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और रायगढ़ जिलों जैसे विभिन्न स्थानों पर बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। पिछले 24 घंटों से महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश के कारण मुंबई और आसपास के अन्य शहरों में निचले इलाकों में भारी जलभराव के साथ-साथ यातायात जाम और उपनगरीय ट्रेन के साथ-साथ मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हो रही हैं।

### पहलगाम हमले को लेकर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का केंद्र पर हमला

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के 55 दिनों के बाद सोमवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए पांच सवाल पूछे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट के जरिए उन्होंने पूछा कि इस घटना के 55 दिन बीत जाने के बाद भी न तो सरकार ने स्पष्ट जवाब दिया और न ही मुख्यधारा मीडिया या विपक्ष ने इस पर सवाल उठाए। अभिषेक बनर्जी ने आतंकियों के भारतीय सीमा में दाखिल होने को लेकर सवाल करते हुए पूछा कि चार आतंकवादी सीमा पर घुसपैठ करने और हमला करने में कैसे सफल हो गए, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए? उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ी चूक बताते हुए पूछा कि इस विफलता की जिम्मेदारी कौन लेगा?

### विमान दुर्घटना में 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का हुआ मिलान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में अब तक 92 मृतकों के डीएनए सैंपल का मिलान हो चुका है। सोमवार सुबह तक कुल 47 मृतदेह परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। सिविल अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि फिलहाल सिविल अस्पताल में 13 परिजन मौजूद हैं, जिन्हें उनके परिजनों के मृत शरीर सम्मानपूर्वक सौंपे जाएंगे। इसके अलावा 87 और परिजनों से संपर्क किया गया है। डॉ. पटेल ने बताया कि 12 ऐसे परिवार हैं, जो अपने अन्य परिजनों के डीएनए मैचिंग के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वे एक साथ सभी मृतकों के शव स्वीकार कर सकें।उन्होंने बताया कि 16 जून की सुबह 9:30 बजे तक कुल 47 मृतदेह सौंपे जा चुके हैं, जिनमें खेड़ा, अहमदाबाद, बोटाद, महेसाणा, भरूच, अरावली, वडोदरा, जूनागढ़, आणंद, महीसागर, गांधीनगर और भावनगर जिलों के निवासी शामिल हैं।

### 'हाउसफुल-5' ने बॉक्स ऑफिस पर 150 का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली।** अक्षय कुमार की बहुचर्चित फिल्म 'हाउसफुल-5' देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बनी यह कॉमेडी एंटरटेनर 6 जून को रिलीज हुई थी। अब रिलीज के 10वें दिन की कमाई सामने आ गई है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'हाउसफुल 5' ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 11 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 153.75 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म को करीब 225 करोड़ रुपये के बजट में तैयार किया गया है। बॉक्स ऑफिस पर 'हाउसफुल 5' का सामना कमल हासन की 'ठग लाइफ' और राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' से हो रहा है।

# इजराइली हमले में मारे गये ईरान के तीन शीर्ष खुफिया अधिकारी

## सर्वोच्च नेता खामेनेई को भूमिगत बंकर में ले जाया गया

**एजेंसी**



**तेहरान।** इजराइल के मिसाइल हमले में ईरान के तीन शीर्ष खुफिया अधिकारी मारे गए। इनके नाम मोहम्मद काजमी, हसन मोहक्कक और मोहसेन बाकरी हैं। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का कोई अता-पता नहीं है। समझा जा रहा है कि उन्हें ईरान के सबसे सुरक्षित भूमिगत बंकर में छुपा दिया गया है।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर से संबद्ध ईरान की सरकारी संवाद समिति 'तस्नीम न्यूज' ने तीन शीर्ष खुफिया अधिकारियों के मारे जाने की पुष्टि की है। 'तस्नीम' की खबर के अनुसार, 15 जून को हुए इजराइल के मिसाइल हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख जनरल मोहम्मद काजमी, उप प्रमुख जनरल हसन मोहक्कक और जनरल मोहसेन बाकरी शहीद हो गए।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन ने बयान में तीनों अधिकारियों की मौत पर शोक जताया है। बयान में आरोप लगाया है कि इजराइल आवासीय क्षेत्रों को निशाना बना रहा है। आवासीय क्षेत्रों पर हमला आतंकवादी प्रवृत्ति है। इजराइली हमलों में 13 जून से अब तक सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों और आम लोगों सहित दर्जनों ईरानियों की जान जा चुकी है।

इस बीच, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उसके सुरक्षा बलों ने ईरान में हथियार बनाने वाले कई कारखानों को मिट्टी में मिला दिया। साथ ही ईरानी सेना के तीन आला अफसरों को मार गिराया। एक अन्य खबर में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को शुक्रवार को इजराइली हमलों के शुरू होने के कुछ घंटों बाद तेहरान के उत्तर-पूर्वी इलाके लवीजान में एक भूमिगत बंकर में ले जाया गया। खामेनेई और उनका परिवार इस बंकर में मौजूद है। टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के अनुसार, खामेनेई ने अप्रैल 2024 और अक्टूबर में भी ईरान के इजराइल पर हमलों के दौरान इसी बंकर में पनाह ली थी।

## ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा

**तेहरान।** प्रतिशोध की आग में जल रहे ईरान ने आज सूरज निकलने से पहले इजराइल पर मिसाइलों की बौछार कर दी। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स की यह बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल के तेल अवीव और हाइफा में लक्ष्यों पर गिरीं। इससे पहले रात को भी ईरान ने मिसाइलों से हमला किया। ईरान 13 जून को हुए इजराइली हवाई हमले में अपने सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत से बौखलाया हुआ है।

ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम, सरकारी एजेंसी इरना और तेहरान टाइम्स अखबार की खबरों में ईरान के इजराइल के खिलाफ हवाई हमले की जानकारी दी गई है। खबरों के अनुसार, ईरान ने ताजा हमले में तेल अवीव, हाइफा, बेन गुरियन हवाई अड्डे और नेवातिम एयरबेसल गोलान हाइट्स में लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने पिछले तीन दिनों में कई इजराइली सैन्य इमारतें जमींदोज कर दी हैं। ईरानी सशस्त्र बलों ने सोमवार सुबह फिलिस्तीन के कब्जे वाले इजराइली क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइलों की बौछार की है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने घोषणा की कि इस बार दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया गया। ईरानी मिसाइलों ने हाइफा बिजली संयंत्र को नुकसान पहुंचाया है।

खबरों के अनुसार, इजराइली आर्मी रेडियो ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया कि इजराइली वायुरक्षा कम से कम 10 ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में असमर्थ रही। ईरानी ड्रोन हमले के बाद कब्जे वाले क्षेत्रों के उत्तर में चेतावनी सायरन बजने शुरू हो गए। अल जजीरा की खबर के अनुसार, ईरानी मिसाइल हमलों की आठवीं लहर इजराइल के लिए विनाशकारी रही। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में हाइफा बिजली संयंत्र आग की लपटों में घिरा रहा। इसके बाद व्यापक बिजली कटौती की सूचना मिली।

### ईरान-इजराइल संघर्ष पर यूरोपीय संघ चिंतित

ब्रसेल्स। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) ने गहरी चिंता जताई है। इसी सिलसिले में यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने मंगलवार को ईयू के सभी विदेश मंत्रियों की एक आपातकालीन वीडियो कांफ्रेंस बैठक बुलाई है। यूरोपीय संघ के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति अत्यंत गंभीर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास ने मंगलवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। प्रवक्ता के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ईरान और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा, तेहरान और तेल अवीव के साथ कूटनीतिक संपर्क के प्रयासों का समन्वय तथा संभावित अगले कदमों की रणनीति तय करना है।

## आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बनने की ओर :अमित शाह

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ रहा है।

श्री शाह ने सोमवार को यहां राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने औ? पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) के योगदान के कारण भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है।

श्री शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया गया बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया गया है। गति का भी ध्यान रखा गया है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साइप्रस में जोरदार स्वागत

# दोनों देशों के सीईओ फोरम की बैठक में की भारत के सुधार पथ पर बात

**एजेंसी**

**निकोसिया (साइप्रस)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की दो दिवसीय (15-16 जून) आधिकारिक यात्रा पर पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने पर प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय समुदाय ने भी उनसे मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जताई। उन्होंने साइप्रस के लिमासोल में भारत-साइप्रस सीईओ फोरम की बैठक को संबोधित किया।

भारत-साइप्रस सीईओ फोरम की बैठक पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, " राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और मैंने भारत और साइप्रस के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए अग्रणी सीईओ के साथ बातचीत की। नवाचार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। मैंने पिछले दशक में भारत के सुधार पथ के बारे में भी बात की। भारत, साइप्रस के साथ दोस्ती को और गहरा करने के लिए तत्पर है।

भारतीय समुदाय से मुलाकात पर प्रधानमंत्री मोदी अन्य पोस्ट में लिखा, मैं भारतीय समुदाय को इस स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत आने वाले समय में साइप्रस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए काम करता रहेगा।"

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-साइप्रस सीईओ फोरम में कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज, भारत के पास एक स्पष्ट नीति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण डिजिटल क्रांति का अनुभव किया है। इसमें दुनिया भर में 50 फीसद डिजिटल लेनदेन यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से हो रहे हैं। यह डिजिटल परिवर्तन भारत के लिए गेम चेंजर रहा। इसने वित्तीय समावेशन और नवाचार को बढ़ावा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा, ?यह छह दशक बाद हुआ है कि लगातार तीसरी बार एक ही सरकार चुनी गई है। पिछले 10 साल में डिजिटल क्रांति हुई है। प्रधानमंत्री ने फ्रांस की तरह साइप्रस को भी यूपीआई में शामिल करने की बातचीत का स्वागत किया।

### मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण



निकोसिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यदि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3ह्ण से अलंकृत किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया।

## मुंबई में भारी बारिश से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित, ऑरेंज अलर्ट



**मुंबई।** समूचे महाराष्ट्र में सोमवार को बारिश से रेल सेवाओं सहित सड़क यातायात और कई उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। पिछले १५ दिनों में बारिश से जुड़ी घटनाओं से 18 लोगों की मौत, 65 घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करके शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इसलिए प्रशासन ने सिर्फ जरुरी काम होने पर ही लोगों को घर से निकलने की अपील की है।

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में मुंबई शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना के साथ बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है। मुंबई, ठाणे और पालघर में भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को सुबह 9.10 बजे 1.33 मीटर का निम्न ज्वार आने का और दोपहर 3.31 बजे 4.21 मीटर का उच्च ज्वार आने की संभावना व्यक्त की है। इसके बाद रात 9.41 बजे 1.86 मीटर का निम्न ज्वार आने की संभावना है।

## छपरा में पिकअप पलटी महिला समेत छह की मौत

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास सोमवार सुबह पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 35 से 40 लोग सवार थे।

पुलिस के मुताबिक पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद गाड़ी पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बादल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेन पासवान, ओहिला देवी पति भगवान मांझी, लक्ष्मी देवी उम्र 55 वर्ष पति योगेन्द्र भगत, गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता किशोरी राम, अरविंद कुमार उम्र 16 वर्ष पिता अरूण राम, फूलमती देवी पति चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है।

## अमरोहा पटाखा फैक्टरी विस्फोट में चार की मौत व आठ घायल

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अतरासी गांव के खेत में संचालित पटाखा फैक्टरी में सोमवार को भीषण विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के मृतकों की शिनाख्त हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।रजबपुर थाना क्षेत्र, अतरासी गांव के जंगल में अवैध तरीके से एक पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी। रोजाना की तरह यह पर लोग काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्टरी में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की टीनशेड और दीवारें गिर गई। इमारत के मलबे में कई लोग दब गए। इस घटना से पूर इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर बिग्रेड, प्रशा??सनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे में दबे लोगों को निकाल घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया।

## सीएम ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना का किया लोकार्पण

**एजेंसी**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का भूपतिपुर से पुनपुन तक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पुनपुन में रुके और वहां उपस्थित लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

